www.navpradesh.com

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 20 अगस्त 2026 शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 191 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बैलों की टाप, गले में बंधे घुंघरू, कौड़ियों की माला और हजारों की भीड़... अब सिर्फ यादों में बचा खाम्हीबाजार

सुशील शुक्ला/मुंगेली

नवप्रदेश विशेष

खाम्हीबाजार... कभी यहां सुबह होते ही चारों तरफ बैलों की रंभाहट सुनाई देती थी। रंग-बिरंगे सींग, गले में बंधे घुंघरू और कौड़ियों की मालाओं से सजे मवेशी बाजार की रौनक देखते ही बनती थी। राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा तक के व्यापारी अपने मवेशी लेकर यहां पहुंचते थे। खरीदारों की भीड़ उमड़ती थी... हर मंगलवार खाम्हीबाजार मानो पूरे इलाके का पशु कारोबार का केंद्र बन जाता था। आज तस्वीर बदल गई है...

बैलों की टापें थम गई और उनकी जगह बाजार में बकरियों की मिमियाहट ज्यादा सुनाई देती है।

इसे विडंबना ही कहें... वक्त बदला तो खेतों में बैलों की जगह ट्रैक्टर उतर आए। मशीनों ने खेती आसान कर दी, लेकिन धीरे-धीरे खाम्हीबाजार की उस पुरानी दुनिया को भी पीछे छोड़ दिया, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

1990 में शुरू हुआ यह बाजार

लोरमी ब्लॉक का गोंड खाम्हीबाजार कभी अपने मवेशी बाजार के कारण दूर-दूर तक पहचाना जाता था। करीब 1165 की आबादी वाले इस गांव की पहचान इतनी मजबूत हुई कि लोग गांव का नाम ही खाम्ही के बजाय खाम्हीबाजार कहने लगे। वर्ष 1990 में शुरू हुआ यह बाजार करीब चार एकड़ में फैलता था मवेशी बाजार की लोकप्रियता बढ़ी तो बेड़ापारा, गाड़ापारा, तेली खाम्ही और गोविंदपुर जैसे गांव भी पंचायत से जुड़े रहे हैं।

■ 3 दशक पहले 2 से 3 लाख रुपये मिलता था बाजार से गांव को राजस्व

■ बाजार में बैलों की जगह अब बकरियों की मिमियाहट सुनाई दे रही

1000 मवेशियों की खरीद-बिक्री आम बात थी

खाम्हीबाजार में 800 से 1000 तक मवेशियों की खरीद-बिक्री होना आम बात थी। कनपुरिया, देशी, हल्दी, भंडारा सहित कई नस्लों के बैल यहां पहुंचते थे। किसानों के लिए यह बाजार किसी मेले से कम नहीं था। खेती के लिए अच्छा बैल मिल जाए तो किसान की चिंता खत्म...। दूसरे राज्यों से लोग बाजार की रौनक देखने पहुंचते थे। सजाए गए बैलों के सींग, घुंघरुओं की आवाज और पशु व्यापारियों की आवाजाही पूरे माहौल को जीवंत बना देती थी।

पंचायत को हर साल 8 से 10 लाख तक का राजस्व

सरपंच रमेश मरावी बताते हैं कि इस बाजार की धमक का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कभी ग्राम पंचायत को इससे हर साल 8 से 10 लाख रुपये तक का राजस्व मिलता था। पंचायत के लिए यह बाजार सिर्फ खरीद-बिक्री की जगह नहीं, बल्कि कृषि व्यवस्था और ग्राम पंचायत की कमाई का बड़ा जरिया था। पूर्व ग्राम प्रमुख सुरजीत सिंह के अनुसार, तीन-चार दशक पहले भी बाजार से पंचायत को 2 से 3 लाख रुपये तक की आय होती थी।

बैलों की जगह ट्रैक्टरों ने कब्जा जमा लिया

खेतों में बैलों की जगह ट्रैक्टरों ने कब्जा जमा लिया। जुताई के लिए बैल रखने की जरूरत कम हुई तो मवेशियों की मांग भी घटने लगी। जो व्यापारी कभी ट्रकों और पैदल मवेशियों के झुंड लेकर खाम्हीबाजार पहुंचते थे, उनकी आवाजाही कम होती गई। देखते ही देखते बाजार की पुरानी चमक फीकी पड़ने लगी। आज बाजार में पहले जैसी हजारों मवेशियों की भीड़ नहीं जुटती। गाय, बैल और भैंसों की जगह अब बकरियों ने बाजार में अपनी जगह बना ली है।

आज बेबाक

खड़कसिंह के खड़कने से खिड़कियां खड़कती थीं या नहीं ये तो पता नहीं लेकिन खड़गे जी के खड़कने से खिड़कियां, दरवाजे और रौशनदान सब खड़क जाते हैं। गोवा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्र गीत वन्देमातरम् के सिर्फ दो अंतरे गाए गए। इस पर खड़गे जी ने कहा कि उन्होंने वही गाया है जो महात्मा गांधी और पंडित नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक गाते थे। यदि यह अपराध है तो इन सब पर भी कार्वाई की जाए। इसे ही कहते हैं चित और पट दोनों मेरे और अंटा मेरे बाप का।

केंद्र बताए तीन सप्ताह में क्या किए सुधार, राधाकृष्णन और नीलेकणि समितियों की सिफारिशों पर मांगा हलफनामा

सुप्रीम कोर्ट में सरकार का दावा-नीट का सिस्टम फूलप्रूफ, तोड़ना मुश्किल

नई दिल्ली/ए.। नीट-यूजी परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को लेकर उठे सवालों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से अब तक किए गए सुधारों का पूरा हिसाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को कहा कि केवल सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में सुधारों को स्थायी और संस्थागत रूप देना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा कहा- यूपीएससी जैसा सिस्टम बनाएं

सुप्रीम कोर्ट ने तीन महीने बाद दोबारा कहा कि एनटीए को यूपीएससी की तरह ऐसा मजबूत सिस्टम बनाना चाहिए, जिसमें परीक्षा कराने का अनुभव अधिकारियों के ट्रांसफर होने के बाद भी संस्था के पास बना रहे।

कोर्ट ने कहा कि कागज पर प्रक्रिया बेहतर दिख सकती है, लेकिन असली चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि एक परीक्षा के बाद अगली परीक्षा तक व्यवस्था में वही कमजोरियां दोबारा न लौटें।

बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर सकते हैं माता-पिता: सुप्रीम कोर्ट

एआई फोटो

■ न्यायालय ने कहा- उन्हें सम्मान और सुरक्षा देना सभ्य समाज की पहचान

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि सीनियर सिटीजन्स अपने बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि बढ़ती उम्र का मतलब असुरक्षा या अपमान नहीं होना चाहिए। हर व्यक्ति को जीवनभर गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को भी पलट दिया, जिसमें बेटे और बहू को मकान से बेदखल करने के ट्रिब्यूनल कोर्ट के आदेश को रद्द किया गया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लखनऊ के मकान से जुड़ा मामला

यह मामला लखनऊ के विकास नगर निवासी रवि कांत गुप्ता की अपील से जुड़ा था। गुप्ता ने 5 जून 2022 को अपने बेटे को मकान से निकालने के लिए जिला मजिस्ट्रेट के पास आवेदन दिया था। यह मकान उनकी खुद की खरीदी हुई संपत्ति थी। मामला तब सामने आया, जब गुप्ता की 81 साल की मां को घर छोड़कर वृद्धाश्रम में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। एसडीएम ने 15 नवंबर 2022 को बेटे की बेदखली का आदेश दिया। जिला मजिस्ट्रेट ने 9 अगस्त 2023 को इसे बरकरार रखते हुए बेटे और बहू को मकान खाली करने का निर्देश दिया।

ऑपरेशन सिंदूर पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म से बौखलाई पाकिस्तानी सेना

■ डॉक्यूमेंट्री को बॉलीवुड फिल्म बताकर भारत पर ही लगा दिए कई आरोप

इस्लामाबाद/ए.। ऑपरेशन सिंदूर पर बनी डॉक्यूमेंट्री को लेकर पाकिस्तान ने नाराजगी जताई है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने डॉक्यूमेंट्री को प्रोपेगेंडा बताया। उन्होंने कहा कि फिल्म में घटनाओं को भारत के पक्ष में दिखाया गया है और इससे असली घटनाएं नहीं बदल सकतीं। अहमद शरीफ ने मंगलवार रात करीब 2 बजे सोशल मीडिया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डॉक्यूमेंट्री में क्या

डिक्लासिफाइड ऑपरेशन सिंदूर नाम से 15 अगस्त को दो पार्ट वाली एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज रिलीज हुई है। इसे वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने बनाया है। यह अमेरिका की एक बड़ी मीडिया और एंटरटेनमेंट कंपनी है। इसे डिस्कवरी चैनल पर रिलीज किया गया है। डॉक्यूमेंट्री में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की 88 घंटे लंबी सैन्य कार्रवाई की योजना और उसे कैसे लागू किया गया है, को दिखाया गया है।

राधाकृष्णन 2 को आएंगे रायपुर, दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। देश के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के दो सितंबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य सचिव विकास शील ने बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर सुरक्षा, प्रोटोकॉल, यातायात, चिकित्सा, स्वागत और कार्यक्रम स्थल से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन दो सितंबर को रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

माता-पिता से बेटे को अलग करना बहू की क्रूरता: हाईकोर्ट

■ हाईकोर्ट बोला- शादी के बाद जिम्मेदारी खत्म नहीं होती, तलाक की अर्जी मंजूर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस एनके चंद्रवंशी ने पारिवारिक विवाद और तलाक के मामले में अहम फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि शादी के बाद नया परिवार जरूर बनता है, लेकिन इससे बुजुर्ग और बीमार माता-पिता के प्रति संतान की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी खत्म नहीं होती। अगर पत्नी बिना किसी ठोस और सही वजह के बीमार सास-ससुर को छोड़कर अलग रहने का लगातार दबाव बनाती है, तो उसका यह व्यवहार पति के प्रति मानसिक क्रूरता माना जाएगा। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के तलाक के फैसले को सही ठहराते हुए पत्नी की अपील खारिज कर दी है। दरअसल, राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ निवासी सिख युवक का विवाह 8 मार्च 2007 को पत्थलगांव निवासी महिला से हुआ था। शादी के करीब एक साल बाद ही पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद शुरू हो गया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में दिया तलाक का आदेश

पत्नी के व्यवहार से परेशान होकर पति ने डोंगरगढ़ फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दायर की थी। फैमिली कोर्ट ने 11 नवंबर 2024 को क्रूरता के आधार पर पति के पक्ष में तलाक का फैसला सुनाया।

आजम खान की जौहर विवि पर ईडी की रेड, 10 ठिकानों पर पहुंची टीम

रामपुर/ए.। रामपुर जेल में बंद सपा नेता आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी और ट्रस्ट से जुड़े 10 ठिकानों पर बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा। रामपुर में सुबह 7 बजे 6 गाड़ियों से 15 अफसरों की टीम यूनिवर्सिटी के अंदर दाखिल हुई। टीम दस्तावेज खंगाल रही है। बाहर 100 से ज्यादा पुलिसवाले तैनात हैं। इस बीच यूनिवर्सिटी में क्लासेज भी चलीं।

रामपुर के अलावा सहारनपुर और दिल्ली में भी रेड चल रही है। इनमें सहारनपुर के सीए दीपक गुप्ता का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भ्रष्टाचारियों पर छापा क्यों नहीं: अखिलेश

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने छापेमारी को लेकर सरकार पर निशाना साधा। राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण, एक्सप्रेसवे, पुल, सड़क, टंकी और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दे गिनाए और सरकार से सवाल किया कि इन मामलों में ईडी की कार्रवाई क्यों नहीं होती।

गरमा-गरम

अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि 10 किमी क्षेत्र में बढ़ाई निगरानी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के विकासखंड महासमुंद के ग्राम छिलपावन में अफ्रीकन स्वाइन फीवर (एएसएफ) की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधात्मक कदम उठाए हैं। सूअर पालक के यहां से लिए गए सैंपल की जांच रिपोर्ट धनात्मक आने के बाद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने निर्धारित प्रावधानों के तहत प्रभावित क्षेत्र को संक्रमित एवं निगरानी क्षेत्र में विभाजित करते हुए आवश्यक नियंत्रणात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार छिलपावन से 1 किलोमीटर की परिधि को इन्फेक्टेड ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मनुष्यों में नहीं फैलता अफ्रीकन स्वाइन फीवर

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अफ्रीकन स्वाइन फीवर सूअरों में होने वाला अत्यधिक संक्रामक विषाणुजनित रोग है, लेकिन यह रोग सूअरों से मनुष्यों में नहीं फैलता। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संक्रमण से संबंधित जानकारी मिलने पर तत्काल पशु चिकित्सा विभाग को सूचित करें।

मराठी नहीं जानने वाले महाराष्ट्र में ऑटो-टैक्सी नहीं चला पाएंगे

■ पहले नोटिस देंगे, तीन महीने में नहीं सीखे तो लाइसेंस रद्द होगा: मंत्री प्रताप

मुंबई/ए.। मराठी भाषा नहीं जानने वाले ड्राइवर अब महाराष्ट्र में ऑटो-टैक्सी नहीं चला पाएंगे। राज्य में 20 अगस्त से उन ऑटो-रिक्शा और टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ अभियान शुरू होगा, जिनके पास मराठी का 'वर्किंग नॉलेज' यानी कामचलाऊ भाषा का ज्ञान नहीं है। यह अभियान पूरे राज्य में एक महीने तक चलेगा। ट्रांसपोर्ट मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आरटीओ की टीमें जांच करेंगी, वीडियो रिकॉर्डिंग भी होगी

मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि अतिरिक्त परिवहन आयुक्त रवि गायकवाड़ पूरे महाराष्ट्र में इस एक महीने के अभियान की निगरानी करेंगे। आरटीओ की फ्लाइंग स्क्वॉड ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों की जांच करेंगी और नए नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, यह देखेंगी। जांच के दौरान वेरिफिकेशन की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी।

रेल नेटवर्क को बड़ा विस्तार: चार राज्यों में नई लाइनों के लिए 9,450 करोड़ रुपये मंजूर

नई दिल्ली/वार्ता। केंद्र सरकार ने देश के चार प्रमुख राज्यों-पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में रेल संपर्क को मजबूत करने और पटरियों की क्षमता बढ़ाने के लिए एक बड़े फैसले को हरी झंडी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में 9,450 करोड़ रुपये की लागत वाली चार महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम गति शक्ति योजना का हिस्सा

यह सभी परियोजनाएं केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी 'पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' के तहत तैयार की जा रही हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को गति देना है।

प्रमुख परियोजनाएं और मार्ग

- खड़गपुर-भद्रक (रानीताल) चौथी लाइन: 173 किलोमीटर लंबी यह लाइन पश्चिम बंगाल और ओडिशा को जोड़ेगी।
- भद्रक-हरिदासपुर चौथी लाइन: ओडिशा में 75 किलोमीटर लंबी नई लाइन।
- गुम्मिडीपुंडी-गुडूर तीसरी एवं चौथी लाइन: आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के बीच 90 किलोमीटर का महत्वपूर्ण गलियारा।

गॉल में भारत 600वें टेस्ट में जीता, श्रीलंका 165 रन से हारा, मानव सुथार मैच के हीरो

■ मानव सुथार ने मैच में 10 विकेट लिए, पडिक्कल प्लेयर ऑफ द मैच बने

नई दिल्ली/ए.। भारत ने गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में श्रीलंका को 165 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। यह भारत का 600वां टेस्ट मैच था। भारत की जीत के हीरो 24 साल के लेफ्ट आर्म स्पिनर मानव सुथार रहे। उन्होंने श्रीलंका की दूसरी पारी में 6 विकेट सहित मैच में 10 विकेट लिए। देवदत्त पडिक्कल को प्लेयर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुथार को एक ओवर में 3 विकेट

मैच के पांचवें दिन बुधवार को दूसरी पारी में श्रीलंका का स्कोर 75 ओवर में 6 विकेट पर 199 रन था। सुथार ने अगले ओवर में तीन विकेट लेकर भारत की जीत लगभग तय कर दी। इस ओवर में सुथार ने सोनल दिनुषा, प्रभात जयसूर्या और लाहिरु कुमारा को आउट किया। श्रीलंका का स्कोर 9 विकेट पर 199 रन हो गया। सुथार ने अपने अगले ओवर में केशरा नुवांथा को आउट कर श्रीलंका की पारी समेट दी।

जल संरक्षण : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'स्रोत महोत्सव-2026' एवं राज्य स्तरीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

नदी बचेगी तो जल बचेगा और जल बचेगा तो जीवन बचेगा: साय

रायपुर/नवप्रदेश। नदियां केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति, कृषि और समृद्धि की जीवनधारा हैं। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा बनाने में प्रदेश की जीवनदायिनी नदियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिन नदियों ने हमारी सभ्यता को पोषित किया और हमें समृद्धि दी, उनका संरक्षण हम सभी का साझा दायित्व है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के ओमाया गार्डन में आयोजित 'स्रोत महोत्सव 2026' एवं राज्य स्तरीय कार्यशाला को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पांच प्रमुख स्तंभों पर आगे बढ़ेगा नदी संरक्षण अभियान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में नदी संरक्षण के लिए मानचित्रण, संरक्षण, पुनर्भरण, जनभागीदारी और कार्ययोजना के पांच प्रमुख स्तंभों पर काम किया जाएगा। प्रत्येक नदी और उसके जलग्रहण क्षेत्र का वैज्ञानिक तरीके से मानचित्रण किया जाएगा। नदी का उद्गम कहां है, उसके प्रवाह क्षेत्र की प्रकृति कैसी है, भू-उपयोग में किस प्रकार के बदलाव हुए हैं और किन कारणों से नदी के प्राकृतिक प्रवाह पर प्रभाव पड़ रहा है - इन सभी पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा।

■ मुख्यमंत्री साय ने किया जल संरक्षण पर आधारित 'नीर-नारी-निधि' पुस्तक का विमोचन

नदी संरक्षण को बनाना होगा जन आंदोलन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जल संरक्षण का लक्ष्य केवल सरकारी प्रयासों से हासिल नहीं किया जा सकता। इसके लिए समाज की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। नदियों के किनारे बसे गांवों और वहां रहने वाले लोगों का नदी से सीधा संबंध है, इसलिए उन्हें नदी संरक्षण की प्रक्रिया का प्रमुख भागीदार बनाना होगा। उन्होंने जिला स्तरीय समितियों के सदस्यों से कहा कि नदियों के किनारे बसे गांवों में स्थानीय समितियां गठित कर पंचायतों के सहयोग से नदी संरक्षण एवं पुनरुद्धार के कार्य आगे बढ़ाए जाएं।

जल संरक्षण और आधुनिक तकनीक के लिए दो महत्वपूर्ण एमओयू

कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के क्षेत्र में राज्य की संस्थागत और तकनीकी क्षमता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण एमओयू किए गए। नेशनल वाटर एकेडमी, पुणे के साथ हुए एमओयू के माध्यम से जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों और मैदानी अमले के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इससे आधुनिक जल प्रबंधन, नवीन तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

महतारी गौरव वर्ष
महतारी वंदन
से महिलाओं को संबल
30 किस्तों में
₹19,444 करोड़
की सहायता
S-48813
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
सुशासन से समृद्धि की ओर

पंडरी तालाब के किनारे अवैध निर्माण बना असामाजिक तत्वों का अड्डा, रातभर नशाखोरी और हुड़दंग

हिस्ट्रीशीटर व आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की मौजूदगी से बढ़ी चिंता, लगातार कार्रवाई के बावजूद हालात में सुधार नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के पंडरी क्षेत्र स्थित पंडरी तालाब के आसपास इन दिनों अवैध निर्माण और असामाजिक गतिविधियां स्थानीय लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं। तालाब के किनारे किए गए कथित अवैध निर्माणों और सुनसान पड़े स्थानों पर देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन स्थानों का इस्तेमाल नशाखोरी और हुड़दंग के लिए किया जा रहा है, जिसके कारण क्षेत्र का शांत और सुरक्षित वातावरण प्रभावित हो रहा है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार, शाम ढलने के बाद पंडरी तालाब के आसपास कई युवाओं और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। देर रात तक यहां शराब और गांजा जैसे नशीले पदार्थों के सेवन की शिकायतें सामने आती हैं। नशे की हालत में आपस में विवाद, गाली-गलौज और मारपीट की घटनाएं होने से आसपास रहने वाले नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। कई बार विवाद इतना बढ़ जाता है कि आम लोगों को वहां से गुजरने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंडरी तालाब शहर के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों में से एक है। इसके आसपास बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। सुबह और शाम नागरिक यहां घूमने और समय बिताने के लिए पहुंचते हैं। इसके बावजूद रात के समय तालाब परिसर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नजर नहीं आती। यही कारण है कि असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

रातभर मचता है हुड़दंग, चाकूबाजी के दर्जनों शिकायत देवेन्द्रनगर थाने में दर्ज

नागरिकों की सबसे बड़ी शिकायत देर रात होने वाले शोर-शराबे और हुड़दंग को लेकर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई बार रात देर तक गाली-गलौज, तेज आवाज में बातचीत और आपसी विवाद की आवाजें सुनाई देती हैं। नशे में धुत लोगों के बीच होने वाले झगड़े से आसपास के परिवार परेशान हैं। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर परिवारों में चिंता बढ़ रही है।

जनता चाहती है सुरक्षित और स्वच्छ पंडरी तालाब

पंडरी तालाब केवल एक जलस्रोत नहीं, बल्कि क्षेत्र की सार्वजनिक संपत्ति और नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब का सौंदर्यीकरण और विकास तभी सार्थक होगा, जब यहां सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण भी सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन को तालाब क्षेत्र की नियमित निगरानी के साथ-साथ अवैध निर्माण और अतिक्रमण की शिकायतों की भी जांच करनी चाहिए। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम, पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों से संयुक्त रूप से कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि किसी भी सार्वजनिक स्थान को नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनने से रोकना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल्द ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि पंडरी तालाब को सुरक्षित, स्वच्छ और आम जनता के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थल बनाया जा सके। जनता का सवाल साफहै—जब पंडरी तालाब शहर की सार्वजनिक संपत्ति है, तो इसके किनारे अवैध निर्माण और रातभर चलने वाली कथित नशाखोरी व हुड़दंग पर जिम्मेदार विभाग कब प्रभावी कार्रवाई करेंगे?

अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की मांग

पंडरी तालाब के किनारे किए गए कथित अवैध निर्माणों को लेकर भी नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक और पर्यावरणीय महत्व वाले तालाब क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण शहर के हित में नहीं है। प्रशासन को ऐसे सभी निर्माणों की जांच कर यह स्पष्ट करना चाहिए कि निर्माण वैध है या नहीं। यदि निर्माण नियमों के विपरीत पाए जाते हैं तो संबंधित विभाग को नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए। नागरिकों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि पंडरी तालाब क्षेत्र में नियमित रात्रिकालीन पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए।

न्यूज गैलरी

पॉवर कंपनी ई-ऑफिस क्रियान्वयन में डिस्ट्रीब्यूशन एचआर श्रेष्ठ, मिला सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मानव संसाधन विभाग को ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र तथा रनिंग शील्ड प्रदान की गई। यह सम्मान पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह ने मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री राजेंद्र प्रसाद को प्रदान किया। पावर कंपनी मुख्यालय स्तर पर 1 जनवरी 2026 से ई-ऑफिस से कार्यालयीन कार्य अनिवार्य किया गया है। मानव संसाधन विभाग ने इसके प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य करते हुए 3,372 फाइलों एवं 15,494 रिसीट का ई-ऑफिस के माध्यम से संपादित किया। विभाग के इस प्रदर्शन को कार्यालयीन कार्यों में डिजिटल प्रणाली को बढ़ावा देने और कार्यप्रणाली में दक्षता लाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना गया। इसी प्रकार ऑनलाइन वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन का सफल क्रियान्वयन के लिए उप महाप्रबंधक श्रीमती मल्लिका बेक एवं सहायक प्रबंधक सुश्री मीनल पांडेय को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में निदेशक भीम सिंह कंवर, राजेश कुमार शुक्ला एवं एस.के. कटियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जयस्तम्भ चौक के पास गंदगी, पुरानी शराब भट्ठी संचालक पर 25 हजार का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम जोन क्रमांक-4 के स्वास्थ्य विभाग ने स्वच्छता संबंधी जनशिकायत पर कार्रवाई करते हुए जयस्तम्भ चौक के पास मल्टी लेवल पार्किंग परिसर के पीछे स्थित पुरानी शराब भट्ठी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर गंदगी और कचरा फैला हुआ मिला। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित संचालक पर 25 हजार रुपये का ई-जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन क्रमांक-4 की जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में की गई। जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की टीम ने मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड क्रमांक-45 के अंतर्गत जयस्तम्भ चौक के समीप स्थल का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में पुरानी शराब भट्ठी परिसर में गंदगी पाए जाने और कचरा फैलाए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित संचालक छोटेलाल निषाद को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की कड़ी हिदायत दी। साथ ही भविष्य में दोबारा गंदगी पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग ने मौके पर ही 25 हजार रुपये का ई-जुर्माना वसूलते हुए जनशिकायत का त्वरित निराकरण किया। निगम ने साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने की हिदायत दी है।

संगीत सम्राट महाराजा चक्रधर सिंह की जयंती पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया पुण्य स्मरण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ को शास्त्रीय संगीत, नृत्य और कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय



एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले रायगढ़ रियासत के महाराजा एवं महान संगीतज्ञ 'संगीत सम्राट' महाराजा चक्रधर सिंह जी की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह जी ने कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने शास्त्रीय संगीत, नृत्य और साहित्य के क्षेत्र में कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए रायगढ़ को कला साधना की विशिष्ट पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह जी की कला के प्रति गहरी निष्ठा और समर्पण के परिणामस्वरूप रायगढ़ घराने ने शास्त्रीय संगीत एवं कथक नृत्य के क्षेत्र में देश-विदेश में विशिष्ट स्थान बनाया। उनका योगदान छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का गौरव है। मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह जी का समर्पित जीवन कला साधकों और नई पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनकी स्मृति में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक आयोजन कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और कला की परंपरा को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। वित्त मंत्री ने संगीत सम्राट महाराजा चक्रधर सिंह जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनकी कला साधना और सांस्कृतिक योगदान को सदैव सम्मानपूर्वक स्मरण किया जाता रहेगा।

सख्ती: नगर निगम ने तेज किया राजस्व वसूली अभियान

बकायादारों की संपत्तियों पर लगातार सीलिंग कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के राजस्व विभाग ने बकाया राशि की वसूली के लिए सभी जोनों में अभियान तेज कर दिया है। आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा और सभी जोन कमिश्नरों की निगरानी में सहायक राजस्व अधिकारियों की टीमें लगातार बकायादारों से राजस्व वसूली कर रही हैं। लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं करने वालों की संपत्तियों को सीलबंद करने की कार्रवाई भी की जा रही है। कई मामलों में सीलिंग की कार्रवाई शुरू होते ही बकायादारों ने मौके पर ही पूरी या आंशिक राशि जमा कर दी।

नगर निगम जोन-6 के राजस्व विभाग ने वार्ड-65 क्षेत्र में अभियान चलाकर बकाया राशि जमा नहीं करने वाले बकायादारों की संपत्तियों पर कार्रवाई की। सीलिंग कार्रवाई के दौरान दो बकायादारों ने क्रमशः 55,404 और 39,410 रुपये की पूरी बकाया राशि मौके पर ही जमा कर दी। जोन-7 के पंडित ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-22 में संगीता शाह, विशाल शाह और विशेष

शाह पर वर्ष 2024-25 से 1,24,245 रुपये बकाया होने पर संबंधित संपत्ति सीलबंद कर दी गई। इसी वार्ड में सुनील शाह पर 55,292 रुपये का बकाया होने पर संपत्ति सीलबंद की गई।

जोन-10 के विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-50 में सरिता वाजपेयी पर 3,20,316 रुपये और अनिता कुकरेजा पर 44,196 रुपये का बकाया था। राशि जमा नहीं करने पर दोनों संबंधित संपत्तियों को सीलबंद किया गया। जोन-8 में भी राजस्व वसूली अभियान के दौरान कई कार्रवाई की गई। वार्ड क्रमांक-2 में बजरंग लाल अग्रवाल और अनिता अग्रवाल ने सीलिंग कार्रवाई के दौरान 1,31,822 रुपये का भुगतान कर दिया। वहीं तापसी डे और गोपाल प्रसाद डे के मामले में 52,934 रुपये के बकाये में से 30,198 रुपये का आंशिक भुगतान किया गया।

वार्ड-20 में शुभम के मार्ट परिसर का पुनर्मूल्यांकन किया गया, जिसके बाद उपयोगकर्ता शुल्क में नियमानुसार 2.04 लाख रुपये की वृद्धि की गई। वार्ड-70 में अरिहंत उद्योग के परिसर का पुनर्मूल्यांकन कर 4,03,872 रुपये उपयोगकर्ता शुल्क बढ़ाया गया। वार्ड-69 में कृष्णकांत रामावतार तिवारी की संपत्ति पर सीलिंग कार्रवाई के दौरान उन्होंने 3,55,316 रुपये की पूरी बकाया राशि आरटीजीएस के माध्यम से तत्काल जमा कर दी। जोन-9 की टीम ने बकाया राशि जमा नहीं करने पर एक बकायादार का बल्क नल कनेक्शन विच्छेद कर दिया। कार्रवाई के बाद बकायादार ने मौके पर ही 3,38,608 रुपये की पूरी बकाया राशि जमा कर दी।

इसके अलावा 6,18,000 रुपये के बड़े बकायादार अमरपाल सिंह की संबंधित संपत्ति पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। जोन-4 के स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्रमांक-44 स्थित रामदेव मार्केट में प्रमोद कुमार राव ने सीलिंग कार्रवाई के दौरान 1,88,180 रुपये की पूरी बकाया राशि तत्काल जमा कर दी। इसी वार्ड में पद्मादेवी एवं अन्य पर वर्ष 2021 से 5,28,176 रुपये का बकाया होने पर संबंधित संपत्ति सीलबंद की गई। जोन-4 के वार्ड क्रमांक-44 में ही वर्ष 2019-20 से 5,04,762 रुपये का बकाया जमा नहीं करने वाले एक अन्य बकायादार के खिलाफ भी सीलिंग कार्रवाई की गई। जोन-7 के स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक-38 स्थित चौबे कॉलोनी में वर्ष 2020-21 से 11,82,544 रुपये के बड़े बकायादार भिलाई स्टील एंड रिसर्च सेंटर की संबंधित संपत्ति को भी बकाया राशि जमा नहीं करने पर सीलबंद किया गया।

स्वामित्व से सशक्तिकरण धमतरी ने रचा नया कीर्तिमान

50 हजार से अधिक परिवारों को मिला जमीन का 'कानूनी हक'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में एक मौन क्रांति आकार ले रही है। दशकों से अपनी ही ज़मीन और आशियाने पर बिना किसी ठोस कानूनी दस्तावेज़ के रह रहे हज़ारों परिवारों के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' एक नया सवेरा लेकर आई है। इस योजना के सटीक, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के मामले में धमतरी जिले ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर एक शानदार मिसाल कायम की है। धमतरी के गांवों में आज उत्साह का माहौल है।

जब जिले के 50 हजार से अधिक पात्र परिवारों के हाथों में उनकी आबादी भूमि का अधिकार अभिलेख (प्रॉपर्टी कार्ड) पहुँचा, तो वर्षों से अपने ही घर के मालिकाना हक को लेकर मन में बनी असमंजस की स्थिति हमेशा के लिए समाप्त हो गई। धमतरी जिले की इस बड़ी सफलता के पीछे आधुनिक तकनीक और प्रशासनिक मुस्तैदी का बेजोड़ समन्वय रहा है। सर्वे ऑफइंडिया' के तकनीकी सहयोग से जिले के 501 राजस्व ग्रामों में ड्रोन फ्लाइंग का कार्य सफलता पूर्वक पूरा कराया गया।

अधिकार पत्र से खुलेंगे आर्थिक समृद्धि के नए द्वार

केवल एक दस्तावेज़ मिल जाने से ग्रामीणों की ज़िंदगी में कितना बड़ा बदलाव आ सकता है, धमतरी इसका जीवंत उदाहरण बन रहा है। अब ग्रामीण अपनी आबादी भूमि के कानूनी दस्तावेज़ों के आधार पर बैंकों से आसानी से होम लोन, व्यवसाय ऋण या अन्य वित्तीय सुविधाएँ प्राप्त कर सकेंगे। आबादी क्षेत्र का स्पष्ट और प्रामाणिक सीमांकन होने से वर्षों से चले आ रहे आपसी ज़मीनी विवादों पर लगाम लग रही है। वैधानिक प्रमाण मिलने से ग्रामीणों की संपत्ति का सही बाज़ार मूल्य तय हो पा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें अपनी संपत्ति का वास्तविक अधिकार दिलाने की दिशा में एक दूरगामी पहल है। धमतरी जिले में हमारा पूरा ध्यान अभिलेखों की शत-प्रतिशत शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्धता पर है। शेष बचे गांवों में भी प्रक्रिया तेजी से जारी है ताकि हर पात्र परिवार को उसका हक जल्द से जल्द मिल सके।

सुशासन का एक उत्कृष्ट मॉडल

धमतरी जिले में योजना के इस प्रभावी क्रियान्वयन ने यह साबित कर दिया है कि जब सही मंशा के साथ आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाता है, तो शासन की योजनाएँ अंतिम व्यक्ति के जीवन में वास्तविक और सकारात्मक बदलाव लाती हैं।

मांदागिरी में मुचुकुंद ऋषि की तपोस्थली बनेगी छत्तीसगढ़ का नया पर्यटन केंद्र

प्रकृति और अध्यात्म का अनूठा संगम

रायपुर/नवप्रदेश। धमतरी जिले के वनांचल नगरी (सिहावा) क्षेत्र की प्राकृतिक और आध्यात्मिक विरासत में मेचका स्थित मांदागिरी पर्वत का विशेष महत्व है। नगरी विकासखंड के मेचका गांव के समीप मेखलाकार पहाड़ी पर स्थित मुचुकुंद ऋषि की तपोस्थली श्रद्धा, अध्यात्म और प्रकृति के अद्भुत संगम के रूप में जानी जाती है। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नगरी (सिहावा) वनांचल में स्थित मांदागिरी पर्वत जल्द ही राज्य में धार्मिक, प्रकृति और साहसिक पर्यटन (ट्रेकिंग) के एक प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बनाने जा रहा है। मेचका गांव के पास मेखलाकार पहाड़ी पर स्थित पौराणिक मुचुकुंद ऋषि की यह पावन तपोस्थली श्रद्धालुओं की आस्था के साथ-साथ पर्यटकों को

भी आकर्षित करने के लिए तैयार की जा रही है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मुचुकुंद महाराज इक्ष्वाकु वंश के राजा मांधाता के पुत्र थे। सुर-असुर संग्राम के बाद उनकी तपस्या से जुड़ा यह स्थल सिहावा-नगरी अंचल की 'सप्तऋषि तपोभूमि' की आध्यात्मिक विरासत को समृद्ध करता है। मांदागिरी पर्वत पर सुंदर तालाब, प्राचीन प्रतिमाएं और माता सीता सहित देवी-देवताओं के मंदिर स्थित हैं। इसके अलावा, पहाड़ी की ऊंचाई से सोंढूर जलाशय (डेम) और विस्तृत वनांचल का विहंगम दृश्य दिखाई देता है, जो ट्रेकिंग के शौकीनों के लिए एक बेहतरीन गंतव्य है।

गंदगी फैलाने पर 52 दुकानों-होटलों पर 54,750 रुपये जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-2 के स्वास्थ्य विभाग ने रेलवे स्टेशन मार्ग क्षेत्र में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। सूखा और गीला कचरा अलग-अलग नहीं रखने, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने तथा जैव-चिकित्सकीय कचरा बाहर फेंकने की शिकायतों पर निगम की टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायतें सही पाए जाने पर रेलवे स्टेशन मार्ग क्षेत्र की 52 दुकानों और होटलों के संचालकों पर कुल 54,750 रुपये का ई-जुर्माना लगाया गया। संबंधित संचालकों से जुर्माना वसूलने के साथ ही भविष्य में दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन क्रमांक-2 के जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में की गई।

मेट्स विश्वविद्यालय में 'दीक्षारंभः ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2026' का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। मेट्स विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत को सार्थक एवं प्रेरणादायी बनाने के उद्देश्य से 'दीक्षारंभ - ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ पदाधिकारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना, दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत तथा राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया। भारतीय परंपरा 'अतिथि देवो भवः' का अनुसरण करते हुए विशिष्ट अतिथियों का पुस्तकों के माध्यम से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. उमेश गुप्ता विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय परिवार में अभिनंदन किया और उन्हें अनुशासन, निरंतर सीखने एवं लक्ष्य-केंद्रित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें उनके संबंधित शैक्षणिक क्षेत्रों, अवसरों एवं विश्वविद्यालय में उपलब्ध मार्गदर्शन से अवगत कराया। कार्यक्रम में हिंदी, अंग्रेज़ी, सूचना प्रौद्योगिकी, फैशन डिजाइनिंग एवं लाइब्रेरी साइंसेज विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे

इस अवसर पर महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उन्हें अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं माननीय कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ. के.पी. यादव ने शिक्षा के साथ अनुशासन, नवाचार, नेतृत्व एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय अवसरों का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया।

एमओयू: साझेदारी एआई-सक्षम निदान, भविष्यसूचक विश्लेषण, नैदानिक निर्णय सहायता और अस्पताल संचालन पर केंद्रित होगी

एम्स ने एआई-संचालित स्वास्थ्य सेवा का भविष्य गढ़ने एनआईटी के साथ मिलाया हाथ

रायपुर/नवप्रदेश। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सीधे मरीज के बेडसाइड तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, एनआईटी रायपुर के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर, एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ने आज ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) रायपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय , भारत सरकार के प्रमुख इंडियाएआई मिशन के तहत छत्तीसगढ़ सरकार के सक्रिय सहयोग से एनआईटी रायपुर में स्थापित MeitY इंडियाएआई छत्तीसगढ़ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के अंतर्गत स्थापित की गई है। 20.00 करोड़ के प्रोजेक्ट परिव्यय वाले इस एआई-सेंटर ऑफएक्सीलेंस का संचालन तीन रणनीतिक क्षेत्रों—स्वास्थ्य सेवा और बहुविषयक (हेल्थकेयर एंड मल्टीडिसिप्लिनरी), खनन और खनिज (माइनिंग एंड मिनरल्स), तथा इस्पात और उद्योग (स्टील एंड इंडस्ट्रीज)—में होता है। ऐसे में क्षेत्र के प्रमुख चिकित्सा संस्थान के साथ यह सहयोग स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी के लिए एक मील का पत्थर है।

यह पांच वर्षीय सहयोग एक मजबूत परिचालन ढांचा तैयार करता है जिसके तहत एम्स रायपुर वास्तविक दुनिया की नैदानिक समस्याओं (क्लिनिकल प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स) और गहन डोमेन विशेषज्ञता को साझा करेगा, जबकि एआई-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस व्यावहारिक समाधान बनाने के लिए अपने शोधकर्ताओं, इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप्स, छात्रों, प्रयोगशालाओं और उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे को एक साथ लाएगा। इस गठबंधन के तहत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में एआई-सक्षम निदान, नैदानिक निर्णय सहायता प्रणाली, प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स, स्वास्थ्य सेवा वितरण और अनुकूलित अस्पताल संचालन शामिल हैं। विशुद्ध रूप से प्रौद्योगिकी-संचालित के बजाय समस्या-संचालित दर्शन के तहत अपनाई गई यह पहल संयुक्त अनुसंधान, त्वरित प्रोटोटाइपिंग, नियंत्रित नैदानिक पायलट (क्लिनिकल पायलट), क्षेत्र सत्यापन (फील्ड वैलिडेशन), विशेषज्ञ नैदानिक सलाह, इंटर्नशिप, हैकाथॉन, कौशल विकास कार्यक्रम और सामुदायिक पहुंच (कम्युनिटी आउटरीच) के दरवाजे खोलती है।

इस रणनीतिक साझेदारी के महत्व पर जोर देते हुए, एनआईटी रायपुर के निदेशक और NITRRFIE के बोर्ड निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव ने कहा कि इस साझेदारी की वास्तविक ताकत वास्तविक स्वास्थ्य चुनौतियों को जिम्मेदार, प्रभावी और स्केलेबल प्रौद्योगिकी समाधानों में परिवर्तित करने में निहित है।

सुविचार

यह कभी मत सोचिए कि चार लोग आपके बारे में क्या सोचेंगे? ये वही चार लोग हैं जो आपकी असफलता पर हंसते हैं और सफलता से जलते हैं।

राष्ट्रगीत पर विवाद अनुचित

राष्ट्रगीन वंदे मातरम को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है जो देशहित में नहीं है। सरकार ने जब संसद में कानून बना दिया है कि राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रगीत का गायन भी अनिवार्य है और अब राष्ट्रगीत सिर्फ दो अंतरों तक नहीं गाया जाएगा बल्कि पूरे छह अंतरे गाना होगा। राष्ट्रगीत के दौरान सावधान की मुद्रा में खड़ा होना होगा और इसमें किसी भी तरह का व्यवधान डालना राष्ट्रगीत की अवमानना कही जाएगा जिसके लिए तीन साल तक की सजा का प्रावधान है इस विषेयक कानून संसद के इसी मानसून सत्र में पारित हो चुका है। इसके बाद पहली बार इस 15 अगस्त को नई दिल्ली के लालकिले में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के पूरे छह अंतरे गाये गये थे। देश के अन्य स्थानों पर भी वंदे मातरम के पूरे अंतरों का गायन हुआ था। किन्तु कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में जब वंदे मातरम का गायन हुआ और दो पद गाने के बाद जैसे तीसरे पद का गायन शुरू हुआ तो उसमें व्यवधान पड़ गया। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई जिसकी वजह से विवाद खड़ा हो गया। हालांकि कांग्रेस मुख्यालय में पूरे छह अंतरे गाये गये लेकिन उसमें जो व्यवधान पड़ा उसे भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना दिया। इस पर कांग्रेस नेताओं ने सफाई दी लेकिन वहां जो कुछ हुआ उसे चैनलों के माध्यम से सारे देश ने देख लिया। इसके बाद कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ राष्ट्रगीत के अवमानना के आरोप में कार्यवाही की मांग उठने लगी। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने बयान दिया कि राष्ट्रगीत के अवमानना के लिए कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गोवा में आयोजित कांग्रेस के एक कार्यक्रम में राष्ट्रगीत के सिर्फ दो अंतरों का ही गायन कराया और यह बयान दिया कि पिछले 90 सालों से राष्ट्रगीत वंदे मातरम के दो अंतरे गाने की ही परंपरा चल रही है और कांग्रेस पार्टी इसी परंपरा का पालन करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर अटल बिहारी बाजपेई तक सभी राष्ट्रगीत के दो अंतरे ही गाते रहे हैं। यदि दो अंतरे गाना अपराध है तो महात्मा गांधी जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी बाजपेई के खिलाफ भी अपराध दर्ज होना चाहिए। देश की सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष खड़गे जी को इतनी सी बात समझ में नहीं आती कि उस समय दो अंतरे ही गाने की परंपरा थी लेकिन अब देश की संसद ने इस बारे में नया कानून बना दिया है जो सभी पर लागू होता है। कांग्रेस पार्टी कानून से ऊपर नहीं है। केरल में कांग्रेस की सरकार है और वहां तो इस बार के स्वतंत्रता दिवस समारोह में वंदे मातरम का गायन ही नहीं किया गया। वहां के मुख्यमंत्री का कहना है कि हम राष्ट्रगीत नहीं गाएंगे भले ही केन्द्र सरकार हमें फांसी पर चढ़ा दें। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी वंदे मातरम को लेकर इसी तरह के विवादास्पद बयान दिये हैं और भाजपा को खुद पर हमलावर होने का मौका दिया है। नतीजतन यह विवाद बढ़ता ही जा रहा है जो अनुचित है इसका जल्द से जल्द पटाक्षेप होना चाहिए।

भारतीय चुनाव प्रक्रिया का अमेरिका में डंका

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत जिसकी आबादी 140 करोड़ के भी पार हो चुकी है वहां की चुनाव प्रक्रिया का अब अमेरिका में भी डंका बज रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारतीय चुनाव प्रक्रिया के मुरीद बन गये हैं। उन्होंने भारतीय चुनाव प्रक्रिया की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा है कि अमेरिका भी भारत जैसी चुनाव प्रक्रिया को अपनाएगा। ट्रंप ने निर्वाचन आयोग के आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भी तारीफ की है। गौरतलब है कि भारत की विपक्षी पार्टियां चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर लगातार सवालिया निशान लगाती रही हैं। कभी वे अपनी हार का ठिकरा ईवीएम के सिर पर फोड़ती रही हैं तो कभी एसआईआर को अपनी हार का जिम्मेदार ठहराती रही हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी विपक्षी नेताओं ने तरह तरह के आरोप लगाये थे। हाल ही में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव में जब टीएमसी को करारी हार का सामना करना पड़ा था तो उन्होंने भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी निशाना साधा था। जहां भी विपक्षी पार्टियां चुनाव हारती हैं वहां वे पूरी चुनाव प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लगा देती हैं और जहां वे चुनाव जितने में सफल हो जाती हैं वहां वे चुनाव आयोग और ईवीएम पर उंगली नहीं उठाती और चुनावी नतीजों को लोकतंत्र की जीत बताती हैं। उनका यह दोहरा मापदंड ही इस को साबित करता है कि वे अपने पराजय को चुनाव आयोग के मत्थे मढ़कर अपने समर्थकों को बरगलाती हैं। विपक्ष के इन मनगढंत आरोपों को सरकार और चुनाव आयोग ही नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट भी नकार चुका है फिर भी वे इससे बाज नहीं आते। अब तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत की चुनाव प्रक्रिया को अमेरिका में लागू करने की घोषणा करके विपक्षी पार्टियों को आईना दिखाने का काम किया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब विपक्ष चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर विधवा विलाप करने से बाज आएगा।

ऊर्जा आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से आगे बढ़ता भारत

योगेश कुमार गोयल

पृथ्वी पर ऊर्जा के परम्परागत साधन बहुत सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, ऐसे में खतरा मंडरा रहा है कि यदि ऊर्जा के इन पारम्परिक स्रोतों का इसी प्रकार दोहन किया जाता रहा तो इन परम्परागत स्रोतों के समाप्त होने पर गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी। यही कारण है कि पूरी दुनिया में गैर परम्परागत ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जाने लगी और इसी कारण अक्षय ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने के प्रयास शुरू हुए। अक्षय का अर्थ है, जिसका कभी क्षय न हो अर्थात् अक्षय ऊर्जा वास्तव में ऊर्जा का असीम और अनंत विकल्प है और आज के समय में यह किसी भी राष्ट्र के अक्षय विकास का प्रमुख स्तंभ भी है। पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए ऐसी ऊर्जा तथा तकनीकें विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे ग्लोबल वार्मिंग की विकराल होती समस्या से दुनिया को कुछ राहत मिल सके। किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए आज प्रदूषणरहित अक्षय ऊर्जा स्रोतों का समुचित उपयोग किए जाने की आवश्यकता भी है।

देश में अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ही वर्ष 2004 से हर साल 20 अगस्त को 'अक्षय ऊर्जा दिवस' भी मनाया जाता है।

आज न केवल भारत में बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार इन गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ही एक ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी लेकिन अक्षय ऊर्जा की राह में भी कई चुनौतियां मुंह बाये सामने खड़ी हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की देशभर में कई छोटी-छोटी इकाईयां हैं, जिन्हें एक ग्रिड में लाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। इससे बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है। भारत में अक्षय ऊर्जा के विविध स्रोतों का अपार भंडार मौजूद है लेकिन इनसे ऊर्जा उत्पादन करने वाले अधिकांश उपकरण विदेशों से आयात किए जाते हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अनुसार, कुछ साल पहले सौर ऊर्जा के लिए करीब 90 प्रतिशत उपकरण विदेशों से आयात किए गए थे, जिससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ गई। अब भी भारत की सौर सेल और मॉड्यूल की जरूरत का अधिकांश हिस्सा आयात से ही पूरा हो रहा है। हालांकि हाल के वर्षों में एएलएमएम नियम और पीएलआई स्कीम के कारण यह निर्भरता घट रही है। 2023-24 में चीन से सौर सेल्स का 53 प्रतिशत और मॉड्यूल्स का 63 प्रतिशत भारत में आया।

देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर भी तेजी से बढ़ रहा है। देश में कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता में अब बड़ा हिस्सा अक्षय ऊर्जा से प्राप्त हो रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायो-पावर और छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अधिक बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं से तथा परमाणु ऊर्जा से भी अक्षय ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। कुल बिजली उत्पादन में अब अक्षय ऊर्जा का हिस्सा अब लगातार बढ़ रहा है, जो भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल करता है। भारत में ऊर्जा खपत भी तेजी से बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) का अनुमान है कि वर्ष 2040 तक भारत में ऊर्जा की कुल मांग वर्तमान की तुलना में लगभग दोगुनी हो जाएगी। विशेषकर बिजली तथा ईंधन के रूप में उपभोग की जा रही ऊर्जा की मांग घरेलू एवं कृषि क्षेत्र के अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में भी लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में ही बिजली तथा पैट्रोलियम जैसे ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों का लगभग 55 प्रतिशत उपभोग किया जाता है। हम जिस बिजली से अपने घरों, दुकानों या दफ्तरों को रोशन करते हैं, जिस बिजली या पैट्रोलियम इत्यादि ऊर्जा के अन्य स्रोतों का इस्तेमाल कर खेती-बाड़ी या उद्योग-धंधों के जरिये देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया जाता है, क्या हमने कभी सोचा है कि वह बिजली या ऊर्जा के अन्य स्रोत हमें कितनी बड़ी कीमत पर हासिल होते हैं? यह कीमत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी धरती पर विद्यमान हर प्राणी पर बहुत भारी पड़ती है। भारत में थर्मल पावर स्टेशनों में बिजली पैदा करने के लिए प्रतिदिन लगभग 18 लाख टन कोयले की खपत होती है। आज भी देश की लगभग 70 प्रतिशत से अधिक बिजली कोयले से ही पैदा होती है, शेष बिजली अक्षय ऊर्जा स्रोतों, जल, गैस व परमाणु ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त होती है।

दुनियाभर में ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 75 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन बिजली उत्पादन से ही होता है। यही कारण है कि अब सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों को विशेष महत्व दिया जाने लगा है। अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, यदि अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाए तो वर्ष 2050 तक वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 70 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। भारत ने भी 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता हासिल करने और नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य वर्ष 2070 तक प्राप्त करने का संकल्प लिया है। अक्षय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने से हमारी ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर कम होता जाएगा और इससे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

भारत में अब ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, स्मार्ट ग्रिड, बैटरी स्टोरेज और इलैक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे कदम भी तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं, जो अक्षय ऊर्जा को व्यावहारिक और टिकाऊ बनाएंगे। ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत वर्ष 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि निर्यातक देश भी बन सकेगा। सही मायने में अक्षय ऊर्जा ही आज भारत में विभिन्न रूपों में ऊर्जा की जरूरतों का प्रमुख विकल्प है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ टिकाऊ भी है।

भारत धीरे-धीरे ही सही, अब इस दिशा में आगे बढ़ रहा है और आज समय है कि हम आर्थिक बदहाली और भारी पर्यावरणीय विनाश की कीमत पर ताप, जल एवं परमाणु ऊर्जा जैसे पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर रहने के बजाय अपेक्षाकृत बेहद सस्ते और कार्बन रहित पर्यावरण हितैषी ऊर्जा स्रोतों के व्यापक स्तर पर विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ें। साथ ही हमें ऊर्जा की बचत की आदतें भी अपनानी होंगी क्योंकि ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग ही हमें सुरक्षित, समृद्ध और स्वच्छ भविष्य की ओर ले जाएगा।

एमएसएमई को मजबूत करने के लिए सुधारों का अगला चरण

शोभा करंदलाजे

संसद के दोनों सदन में हाल ही में पारित किया गया सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास संसोधन विधेयक, 2026 एक बहुत ही महत्वपूर्ण बदलाव है। एमएसएमई राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, एमएसएमई क्षेत्र ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज 'उद्यम पंजीकरण पोर्टल' पर 9 करोड़ से अधिक एमएसएमई पंजीकृत हैं, जो 40 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। एमएसएमई हमारी आर्थिकी में 31त्न तथा निर्यात में 50त्न योगदान देते हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में एमएसएमई क्षेत्र की प्रमुख भागीदारी है। एमएसएमई भारत के विकास के सूत्रधार हैं। हाल के वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है जो 'उद्यम' पर पंजीकृत उद्यमों की संख्या से ही स्पष्ट दिखती है, जो 1 अप्रैल 2023 को 1 करोड़ 65 लाख से बढ़कर 9 करोड़ से अधिक हो गए हैं।

2. वर्ष 2020 में, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण को, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के बीच के अंतर को समाप्त करके, अधिक व्यापक और समावेशी बनाया गया था। इसके तहत टर्नओवर और निवेश दोनों पर आधारित एक समग्र मानदंड विकसित किया गया। इसके पश्चात वर्ष 2025 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की निवेश सीमा ढ़ाई गुना बढ़ाकर क्रमशः ढ़ाई करोड़, पच्चीस करोड़ और एक सौ पच्चीस करोड़ की गई है एवं टर्नओवर को दो गुना बढ़ाकर क्रमशः दस करोड़, सौ करोड़ और पांच सौ करोड़ किया गया, जिसने इन उद्यमों को पूंजी निवेश बढ़ाने, विकास और तकनीकी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

वित्त की उपलब्धता एमएसएमई क्षेत्र के विकास का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। मंत्रालय एमएसएमई क्षेत्र के लिए बैंक ऋण की उपलब्धता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत रहा है और इसके उल्लेखनीय परिणाम दिख रहे हैं। एमएसएमई को प्रदान किया गया बकाया ऋण, वर्ष 2014-15 में 10 लाख करोड़ रुपये था, जो कि अब बढ़कर 38 लाख 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज' (सीजीटीएमएसई), सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को दिए जाने वाले ऋण पर गारंटी उपलब्ध कराता है। इसके ज़रिए वर्ष 2000 से 2022 के बीच, सूक्ष्म और लघु उद्यमों को दी गई क्रेडिट गारंटी 3 लाख 14 हजार करोड़ रुपये थी, जो पिछले चार वर्षों में अर्थात् 2022-23 से 2025-26 तक बढ़कर 10 लाख 43 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत, वित्त वर्ष 2014-15 से अब तक लगभग 8 लाख 34 हजार सूक्ष्म उद्यमों को 24 हजार 903 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी दी गई है, जिससे अनुमानित 75 लाख लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

एमएसएमई मंत्रालय की सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए सार्वजनिक खरीद नीति 2012 के अंतर्गत केंद्रीय मंत्रालय/विभाग/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों से सालाना 25त्न खरीद करना अनिवार्य है; इसमें महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाली सूक्ष्म और लघु उद्यमों से 3त्न और एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों से 4त्न खरीद शामिल है। विगत वर्षों में सूक्ष्म और लघु उद्यमों से खरीद में लगातार वृद्धि हुई है। वित्तीय-वर्ष 2020-21 में, सूक्ष्म और लघु उद्यमों से सार्वजनिक खरीद का मूल्य 40,717 करोड़ रुपये था जो कि वित्तीय-वर्ष 2025-26 में बढ़कर 1,15,801 करोड़ रुपये हो गया है, जो सीपीएसई द्वारा खरीद के लिए लक्षित 25 प्रतिशत की तुलना में 49 प्रतिशत से अधिक है। इसमें एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्यमों से 3,984 करोड़ रुपये की खरीद हुई और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाली उद्यमों से 9,059 करोड़ रुपये की खरीद हुई है।

एमएसएमई को उनका भुगतान समय पर दिलाने हेतु मंत्रालय ने कई सार्थक प्रयास किए हैं, ट्रेड्स इनमें से एक है। यह भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विनियमित एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे भारत में एमएसएमई की लिक्विडिटी (नकदी) संबंधी चुनौतियों तथा कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में शुरु किया गया था। ट्रेड्स प्लेटफ़ॉर्म ने एमएसएमई क्षेत्र को मार्च 2026 तक 8,71,000 करोड़ रुपये की इनवॉइस डिसकाउंटिंग के माध्यम से समय पर भुगतान दिलवाया है। ट्रेड्स प्लेटफ़ॉर्म से जुड़े एमएसएमई की संख्या अप्रैल 2022 में 34,430 थी, जो मार्च 2026 तक बढ़कर 2,55,000 से अधिक हो गई है। वहीं, एमएसएमई की इनवॉइस डिसकाउंटिंग की राशि वर्ष 2021-22 में 40,000 करोड़ रुपये से बढ़कर, वित्त वर्ष 2025-26 में 3,47,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ट्रेड्स पर इनवॉइस डिसकाउंटिंग का बढ़ता चलन, भारत सरकार के एमएसएमई के समयबद्ध भुगतान के प्रति संकल्प को दर्शाता है।

इसी दिशा में विलंबित भुगतान और उससे जुड़े विवादों के निपटारे हेतु पूरे देश में 161 सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषद (एमएसईएफसी) स्थापित किए गए हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

समय तय है, घटना तय है, जो खो रहा है, उससे बेहतर मिलना तय है। जो आज छूट रहा है, उसका अफ़सोस कैसा, हर अंत के पीछे एक नई शुरुआत तय है। कुछ लोग बिछड़ेंगे, कुछ रिश्ते बदलेंगे, कुछ रास्ते मुड़ेंगे, मगर मंज़िल का मिलना तय है। जो आपका है, वह ढूँढ़ता हुआ आएगा, और जो नहीं है, उसका जाना भी तय है। बस विश्वास रखिए– वक्त अपना काम करेगा, आज नहीं तो कल, हर अधूरी कहानी का पूरा होना तय है।

– राकेश मिश्रा

भारत में होता सदा रिश्तों का सम्मान। मिले अगर जो गाँव का, झट से देते मान।। झट से देते मान, रहे चाहे अनजाना। और पूछते हाल, समझकर मामा नाना।। मैलोनी से आप, नात क्यूँ करते गारत। बाल बुद्धि नादान, रीति मत भूलो भारत।।

– रजनी रामदेव

जंतर-मंतर पर गालीबाज बत्तमीज प्रोटेस्टर्स के समर्थक देख लो बिना गंध मचाए भी जीत हासिल हो जाती है।गर्व है मुझे मेरे झारखंड के संस्कार और संयम पर।पूरी जिम्मेवारी के साथ कहती हूँ छोटे शहरों के बच्चे अभी भी संस्कार बचा कर रखे हुए हैं। जंतर-मंतर पर दिमाग से गंदे और संस्कार से खोखले घरों के बच्चे आए थे।

– प्रीति श्रीवास्तव

मोदीजी को गालियाँ देनेवाले ये बताओ मोदी सरकार आने के बाद गैस सिलेंडर की लाईन कब लगाई थी पहले कभी सोचे भी थे की गरीबों को घर गैस पैसे भी मिलेगे नही क्योंकि सताधारी ही खाते थे।और इतनी अच्छी रेलगाड़ी सडक हाईवे एयरपोर्ट पोर्ट सोचे थे बनेगे और सबसे बड़ी बात राममंदिर बन गया धारा 370हट गयी पाकिस्तान भिखारी हो गया।

– आशुतोष श्रीवास्तव

तुमने क़सम क्या दे दी हमें मुस्कुराने की, दुनिया समझ रही है हमें कोई ग़म नहीं। परदे जो दिल के खोल दिए, हमने एक बार दुनिया कहेगी ज़ख्म इसे भी तो कम नहीं।।

– सुभाष राहत बरेलवी

उसके कदमों पर कदम रखकर चलना अच्छा लगता है बहुत प्यार है उससे ,उससे ये कहना अच्छा लगता है लड़ झगड़ लेती हूं उससे , बिना किसी बात के,, फिर दिन भर उसी को याद करना अच्छा लगता है।

– मीता खुराना

हम सिया के गाँव वाले, हैं युगों से आस पाले। आएगी साकेत से एक दिन,सिया की पालकी। है पता, पाहुन अयोध्या आ गए हैं जीतकर रण। है खबर, अब पूर्ण हो गई है घड़ी वनवास की। सज गये मंडप, तोरण द्वार, मुँडेरे पर कबूतर दे रहे संदेश बादल, आसमानों से उतर कर। है घटाएं सावनी, संयम बढ़ाती अब धरा की, गोद होगी फिर हरी, नीज गांव में वसुंधरा की। है सगुन स्वीकार रघुवर- को, विदाई के धिया की, गा रही मंगल हवा, पढ़ पाती मेंहदी डाल की।

– पंकज कुमार बसंत

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1828: राजा राम मोहन रॉय के ब्रह्म समाज का पहला सत्र कलकत्ता (अब कोलकाता) में आयोजित। 1897: रोनाल्ड रॉस ने कलकत्ता (अब कोलकाता) के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की। 1913: फ्रांस के एडोल्फपेगोड पैराशूट के जरिए विमान से उतरने वाले पहले पायलट बने। 1921: केरल के मालाबार में मोपला विद्रोह की शुरुआत। 1944: राजीव गांधी का जन्म। वह देश के नौवें प्रधानमंत्री बने। 1955: मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकड़ों लोग मारे गए। 1979: तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 23 दिन बाद इस्तीफा दिया। 1988: पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का हवाई दुर्घटना में निधन और सीनेट के सभापति गुलाम इशहाक खान राष्ट्रपति बने। 1988: भारत और नेपाल में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई। 1991: उत्तरी यूरोपीय देश इस्तोनिया ने तत्कालीन सोवियत संघ से अलग होने की घोषणा की। 2002: फ्लस्तीनी छापामार नेता अबू निदाल मृत पाया गया।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। प्रतिस्पर्धियों पर आसानी से विजय पा लेंगे। दिन कार्य क्षेत्र पर भी अनुकूलता से भरा रहेगा पूर्व में किये परिश्रम का फल मिलने लगेगा।

वृषः आपका आज का दिन मध्यम लाभदायक रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहने से थकान अनुभव करेंगे। सरकारी कार्यो में भाग-दौड़ के बाद सफलता मिल ही जायेगी। संतानों पर ध्यान दें।

मिथुनः आज का दिन भी आपका सामान्य से अधिक उत्तम रहेगा। आपकी महात्त्वकांक्षाओ की पूर्ती होने से दिन भर आनंदित रहेंगे।

कर्कः आज के दिन आपके गलत व्यवहार के कारण स्वयं एवं परिजनों को परेशानी में डाल सकते है। सेहत भी साथ नहीं देने से वाणी में तीखापन आएगा प्रियजनों से दूरी बढ़ेगी। लघु यात्रा होगी।

सिंहः आज भी परिस्थितयां आपके पक्ष में रहने से लाभ के कई अवसर मिलेंगे। व्यवसाय में वृद्धि होने से आय बढ़ेगी नविन स्त्रोत्रों से भी धन लाभ होगा निवेश के लिए दिन अत्यन्त शुभ है।

कन्याः आज का दिन आप थोड़ा धैर्य धारण करेंगे। व्यापारी वर्ग आज प्रातः काल से ही कार्य में लग जाएंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर मंदी के चलते आज आपका ध्यान भटक सकता है।

तुलाः आज के दिन आपकी इच्छापूर्ति होने वाली है परंतु इसके लिए दृढ़संकल्प शक्ति की अधिक आवश्यकता पड़ेगी। काल्पनिक दुनिया को छोडे लाभ-हानि आपकी मानसिकता के ऊपर निर्भर करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। सेहत असामान्य होने से शारीरिक दुर्बलता अनुभव होगी। कार्यो को आज बेमन से करना पड़ेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा परन्तु आज कार्यो के प्रति लापरवाही अधिक करेंगे जिससे बनते काम बिगड़ भी सकते है।

मकरः आज का दिन आपको सुख शांति प्रदान करेगा। दिन के आरम्भ में खालीपन अनुभव करेंगे। समय व्यतीत करने के लिए मनोरंजन के साधन तलाशेंगे इसमें मित्रो का सहयोग मिलेगा।

कुंभः आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति रहने से कार्यो में उत्साह रहेगा। रुके हुए कार्य थोड़े से प्रयास से पूर्ण होंगे।

मीनः आज दिन भर स्वास्थ्य नरम रहने से शारीरिक क्षमता कम रहेगी। कार्यो का बोझ बढ़ने से काफी परेशानी अनुभव करेंगे।

QUIZ TIME

1. 1960 में भारत में प्रथम एसटीडी लाईन किन शहरों के बीच स्थापित की गई थी?
2. श्रीलंका के राष्ट्रपति के निवास स्थान का नाम क्या है ?
3. किस राक्षसी ने अपने मुंह का आकार बदलकर हनुमान जी को उस समय परेशान किया था जब वो लंका जाने के लिए समुद्र के उपर उड़ रहे थे?
4. शाहजहां के किस पुत्र ने उपनिषद् और भागवद् गीता जैसे ग्रंथों का पर्सियन भाषा में अनुवाद किया था?
5. जापानी महिलाओं की पारंपरिक वेशभूषा को क्या कहा जाता है?

उत्तरमाला- (1) लखनऊ और कानपुर के बीच (2) टेम्पल ट्रीज (3) सुरसा (4) दारा शिकोह (5) किमोनो

RamaQuiz

कार्टून

गायत्री प्रज्ञा महिला मंडल ने किया अभिषेक

नगरी/नवप्रदेश। गायत्री प्रज्ञा पीठ फरसिया में श्रावण माह के पावन अवसर पर शिव का जलाभिषेक किया गया भगवान भोले भंडारी ने समुद्र। मंथन के समय वासुकी नाग का जहर अपने कंठ में धारण किया जिससे भगवान के जहर के जलन को कम करने हेतु भगवान का जलाभिषेक किया जाता है साथ ही जोभी मनोकामना हो वह पूर्ण हो इस भाव से परिजनों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है इसी तारतम्य में प्रज्ञा महिला मण्डल फरसिया द्वारा शिव का जलाभिषेक किया गया इस अवसर पर श्री मति वेणु साहू लोकेश्वरी सोन रेणु सोन माहेश्वरी सोन लेखनी सोन द्रोपदी सोन नारायणी सोन नीरा साहू सोनबती श्री मति निर्मलकर आदि उपस्थित रहे साथ ही श्री नरोतम सोन हरक राम साहू शेखर सोन रूपचंद सोन माधुरी कश्यप बीरेंद्र सोनका विशेष सहयोग रहा रवि सोन द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया।

शोकाकुल परिवार को श्रद्धांजलि राशि भेंट

नगरी/नवप्रदेश। शहीद धर्मेंद्र साव वार्ड 09, नगर पंचायत नगरी के श्रीमती मया बाई अमतिया के आकस्मिक देहावसान होने पर शोकाकुल परिवार को श्रद्धांजलि राशि 2500 रु.प्रदान कर मृतक की आत्मा को शांति व शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

हादसा: ट्रक चालक की मौत, हाईवा चालक गंभीर, अस्पताल में चल रहा उपचार

नवापारा-मगरलोड मार्ग पर ट्रक-हाईवा में टक्कर, चालक की मौत, एक घायल

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। मगरलोड मुख्य मार्ग पर रात करीब 10.30 बजे ट्रक और हाइवा के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि हाइवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मगरलोड थाना अंतर्गत बड़ी करेली चौकी क्षेत्र का है।

पुलिस टीम ने संभाला मोर्चा

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के सामने के हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर एक-दूसरे में फंस गए। टक्कर के बाद ट्रक में लदी खाद काफी दूर तक सड़क पर बिखर गई।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी करेली चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे, मेजर हेमंत उके सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हादसे की भयावह स्थिति को देखते हुए तत्काल रेस्क्यू शुरू कराया गया। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने भी बचाव कार्य में पुलिस का सहयोग किया।

केबिन में फंसे थे दोनों चालक, एक की मौत

दो जेसीबी मशीनों और गैस कटर की मदद से केबिन के भारी हिस्सों को काटकर हटाया गया। ट्रक चालक उदल कुमार साहू उर्फ पिंटू को बाहर निकालने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। करीब दो से ढाई घंटे की मशक्कत के बाद घायल चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उसे एंबुलेंस से नवापारा अस्पताल भेजा गया।

चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे के मुताबिक, दोनों वाहन आपस में बुरी तरह फंस गए थे और केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे। ट्रक चालक को निकालने के दौरान ही उसकी मौत की पुष्टि हुई, जबकि हाइवा चालक को काफी मशक्कत के बाद जिंदा बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में वाहनों की तेज रफ्तार को हादसे की प्रमुख वजह माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की गति करीब 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक होने की बात सामने आई है। हालांकि हादसे की वास्तविक वजह पुलिस की विस्तृत जांच और तकनीकी परीक्षण के बाद ही स्पष्ट होगी।

आमने-सामने भिड़े दोनों वाहन

नवापारा निवासी उदल कुमार साहू उर्फपिंटू ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमजे 9331 में डीएपी खाद लेकर नवापारा से मगरलोड शासकीय खाद गोदाम की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से रेत लदा हाइवा क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 0283 आ रहा था। सोमवार रात करीब 10.30 बजे बड़ी करेली-भेंडरी मार्ग पर खट्टी खार नगरा नाला के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

मानसून में रेत लदे हाइवा पर उठे सवाल

हादसे के बाद एक बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि मानसून के दौरान जब अधिकांश रेत घाट बंद हैं, तब हाइवा में लदी रेत कहां से लाई जा रही थी? क्या रेत वैध स्रोत से लाई जा रही थी या फिर अवैध उत्खनन और परिवहन से जुड़ा मामला है? पुलिस और संबंधित विभाग को इसकी भी जांच करनी चाहिए।

वर्षों पुरानी मांगें होंगी पूरी : रामू रोहरा

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण अंचल को बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। संबलपुर, बोडरा, बलियारा, भीथली एवं छाती मार्ग के चौड़ीकरण की वर्षों पुरानी मांग अब जल्द पूरी होने की उम्मीद है। लंबे समय से ग्रामीण इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। मार्ग पर लगातार बढ़ते आवागमन और वाहनों की संख्या के कारण सड़क की चौड़ाई बढ़ाना क्षेत्र की प्रमुख जरूरत बन गई है।

ग्रामीणों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव,प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा जी,सांसद रूपकुमारी चौधरी से मार्ग चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। महापौर ने सरकार के समक्ष क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, ग्रामीणों की परेशानी और मार्ग के महत्व को रखते हुए शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की। महापौर के अनुसार शासन स्तर पर इस प्रस्ताव को लेकर सकारात्मक रुख है और जल्द ही मार्ग चौड़ीकरण के लिए स्वीकृति मिलने की संभावना है।संबलपुर से बोडरा, बलियारा, भोथली होते हुए छाती तक जाने वाला मार्ग आसपास के गांवों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, विद्यार्थी, कर्मचारी और अन्य लोग आवागमन करते हैं। सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण कई स्थानों पर वाहनों को निकलने में परेशानी होती है। विशेषकर बड़े वाहनों की आवाजाही के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

मार्ग के चौड़ीकरण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था भी बेहतर होगी। किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी और विद्यार्थियों तथा नौकरीपेशा लोगों को भी आने-जाने में राहत मिलेगी।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सड़क केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी होती है।

डिजिटल साक्ष्यों के जाल में फंसे भ्रामक वीडियो के निर्माता, दो गिरफ्तार

■ **धमतरी पुलिस ने सुलझाया सोशल मीडिया मैनिपुलेशन का मामला**

कुरुद/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने और जनभावनाओं को भड़काने के उद्देश्य से एडिटेड वीडियो वायरल करने वाले दो साइबर आरोपियों को धमतरी पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दबोच लिया है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित साइबर फॉरेंसिक प्रक्रिया अपनाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

क्या है पूरा मामला: 22 मार्च को कुरुद स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी ध्वज फहराया गया था। आरोपियों ने इसी पुराने और सामान्य वीडियो को डाउनलोड किया और साइबर टूल्स का दुरुपयोग करते हुए इसे 15 अगस्त के अवसर पर तिरंगे के अपमान से जोड़कर पेश कर दिया। वीडियो पर ÷धमतरी में तिरंगे की जगह BJP का झंडा, स्वतंत्रता दिवस पर उठे सवाल÷ जैसा भ्रामक व भड़काऊ शीर्षक लगाकर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रसारित किया गया।

डिजिटल ट्रेल और फॉरेंसिक जांच से खुला राज

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 190/2026, धारा 336(4), 353(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। विवेचना के दौरान तकनीकी जांच में अहम खुलासे हुए ।एडिटिंग टूल की पहचानः आरोपी ने मूल वीडियो को डाउनलोड कर 'News Banao AppÓ के जरिए एडिट किया और उसमें तिरंगे के प्रतीक व झूठे दावे जोड़े।

महानदी के उद्गम स्थल गणेश घाट सिहावा में 23 को महामाई पूजा-हवन

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा महानदी के पवित्र उद्गम स्थल गणेश घाट सिहावा में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना को लेकर प्रतिवर्षानुसार महामाई पूजा एवं हवन का आयोजन आगामी 23 अगस्त, रविवार को किया जाएगा। धार्मिक एवं आस्था से जुड़े इस आयोजन को लेकर देव समिति सिहावा द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

आयोजन में क्षेत्र की खुशहाली, अच्छी वर्षा, कृषि समृद्धि तथा समस्त ग्रामवासियों के सुख-शांति और निरोगी जीवन की कामना के साथ विधि-विधानपूर्वक महामाई की पूजा-अर्चना एवं हवन किया जाएगा। गणेश घाट सिहावा महानदी के उद्गम स्थल होने के कारण धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। ऐसे पावन स्थल पर होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

देव समिति सिहावा के अध्यक्ष देवव्रत गौतम ने क्षेत्र के समस्त ग्राम पटेल, गायता-पुजारी एवं ग्रामवासियों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महामाई की पूजा-अर्चना में सहभागी बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सामूहिक धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं तथा जनकल्याण की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। समिति की ओर से श्रद्धालुओं से निर्धारित समय पर गणेश घाट पहुंचकर पूजा एवं हवन कार्यक्रम में सहभागिता करने का आग्रह किया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए देव समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

शिक्षकों की कमी और स्कूलों की बदहाली को लेकर अभाविप ने खोला मोर्चा

- डीईओ को सौंपा ज्ञापन

छुईखदान/नवप्रदेश। जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी और मूलभूत सुविधाओं की समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिक्षा विभाग का ध्यान आकर्षित किया है। ABVP कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की।

परिषद का कहना है कि जिले के कई स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। खासकर विषयवार शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ABVP ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न कुछ शिक्षकों को लेकर भी सवाल उठाया। परिषद के अनुसार, जब स्कूलों में शिक्षकों की जरूरत है, ऐसे समय में शिक्षकों को कार्यालयीन कार्यों में लगाए जाने से विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ज्ञापन के जरिए स्कूलों में रिक्त पदों पर आवश्यकतानुसार शिक्षकों और विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति अथवा पदस्थापना करने की मांग की गई। साथ ही कार्यालय में संलग्न शिक्षकों को वापस स्कूलों में भेजने तथा नियमित रूप से कक्षाएं संचालित कराने की मांग रखी गई।

सुविधाओं को लेकर भी उठाए सवाल : ABVP ने केवल शिक्षकों की कमी ही नहीं, बल्कि स्कूलों की आधारभूत सुविधाओं का मुद्दा भी उठाया। परिषद ने विद्यालयों में पर्याप्त कक्ष-कक्ष, भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली, फर्नीचर और साफ-सफाई जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की है। विद्यार्थियों और अभिभावकों की समस्याओं का निराकरण करने ज्ञापन में कही गई है। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक और अनावश्यक कार्यालयीन कार्यों में लगाने के बजाय उनकी सेवाओं का उपयोग विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए किया जाना चाहिए।

बिजनापुरी के हर चौराहों पर लहराया तिरंगा

नगरी/नवप्रदेश।ग्राम बिजनापुरी में शासकीय भवनों से लेकर हर चौराहों पर लहराया तिरंगा प्रातः 7.40से माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला तथा पंचायत भवन के बाद हाथ करघा बुनकर एवं ग्राम बिजनापुरी के सभी चौक पर लहराया तिरंगा । शालेय बच्चों का सभा प्राथमिक शाला बिजनापुरी में सम्पन्न हुआ जिसके मुख्यातिथि श्री कोमलू राम नेताम सेवानिवृत प्रधान पाठक अध्यक्षता सरपंच श्री हेमलाल ध्रुव एवं विशेष अतिथि श्रीमती शांति नेताम, एवं पूर्णिमा देवांगन ,देवश्री ध्रुव एवं कंचन साहू तथा उदयराम देवांगन श्री कृष्णा साहू थे। कार्यक्रम का संचालन श्री कौशल चंद्राकर, गोविंद कुमार साहू शिक्षक ने किया। गोविंद राम साहू तथा खिलावन सिंह ध्रुव प्रधान पाठक एवं श्रीमती उषा सेन ने विशेष रूप से सहयोग किया। गीत ,भाषण, कविता के पश्चात अतिथियों का सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। सभा का समापन एवं आभार व्यक्त श्री गोविंद राम साहू प्रधान पाठक के द्वारा संस्कृत में किया गया एवं मिष्ठान वितरण की घोषणा की गई।

सांकरा-जैतपुरी सड़क निर्माण खराब, आने-जाने में हो रही परेशानी

■ **कांग्रेस कार्यकाल में 2 वर्ष पहले बजट में हुआ था स्वीकृत**

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड में सड़क एवं पुल-पुलियों की बदहाल स्थिति को लेकर पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में सांकरा से जैतपुरी तक सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण की घोषणा कराई गई थी, लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद यह काम ठंडे बस्ते में चला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से खराब सड़क की समस्या से जूझ रही है, बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने बताया कि सांकरा से जैतपुरी मार्ग कई ग्राम पंचायतों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है। इस मार्ग पर पांच हाईस्कूल सहित कई शिक्षण संस्थान स्थित हैं। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन साइकिल से इस मार्ग से स्कूल पहुंचते हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने तथा सड़क की पटरियां खराब होने से बारिश के दिनों में आवागमन मुश्किल हो जाता है। गड्ढों में पानी भरने और कीचड़ के कारण विद्यार्थियों के कपड़े खराब होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि यह मार्ग केशकाल, कांकेर और कोंडागांव की ओर जाने वाले लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। मार्ग पर बसों के साथ मालवाहक वाहन, ऑटो एवं टैक्सियों का आवागमन होता है। रानीगांव पुल के समीप टेड़गी नाला क्षेत्र में सड़क कटाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं घठुला पुल तथा उमरगांव के समीप पुल की स्थिति भी चिंताजनक बताई गई है। बारिश के दौरान सड़क कटाव और जर्जर पुल-पुलियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

बारिश में सड़क खोदकर पाइप बिछाने पर सवाल

डॉ. ध्रुव ने नगरी-सोंढूर मार्ग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह मार्ग अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है, लेकिन बारिश के मौसम में सड़क के किनारे सोल्डर की जेसीबी से खुदाई कर पाइप बिछाने का काम किया जा रहा है। सड़क किनारे मिट्टी डंप किए जाने से दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

घोषणा के बाद भी निर्माण नहीं

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान जैतपुरी से सांकरा तक सड़क चौड़ीकरण एवं नए सड़क निर्माण की घोषणा हुई थी और इसके लिए बजट का प्रावधान भी किया गया था। उनके अनुसार, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस सड़क पर अपेक्षित काम आगे नहीं बढ़ पाया।

रक्षाबंधन : बहनों ने जवानों को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बांधी राखी

सीमाओं पर तैनात वीर जवानों को बांधा रक्षा सूत्र

धमतरी/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर धमतरी जिले की महिला मोर्चा की बहनों ने देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाकर भाई-बहन के रिश्ते को देशभक्ति और भावनाओं से जोड़ दिया। डॉ. बिथिका बिश्वास के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने जवान भाइयों की कलाई पर प्रेम, सम्मान और रक्षा की मंगलकामना से ओत-प्रोत रक्षा सूत्र बांधा।

बहनों ने जवानों को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ राखी बांधी और अपने हाथों से घर पर तैयार किए गए स्वादिष्ट पकवानों से उनका मुंह मीठा कराया। इस दौरान जवानों के साथ आत्मीयता से समय बिताया गया। देशभक्ति गीतों पर जवानों और बहनों ने साथ मिलकर नृत्य किया और रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं।

आयोजन का उद्देश्य केवल रक्षा सूत्र बांधना नहीं, बल्कि देश की सीमाओं की रक्षा में अपने परिवार से हजारों किलोमीटर दूर तैनात जवानों को यह एहसास कराना था कि देश की करोड़ों बहनें और माताएं उनके साथ खड़ी हैं। इस दौरान ऐसा पारिवारिक वातावरण बना कि अपनों से दूर रहने वाले जवानों को भी अपने घर-परिवार की आत्मीयता का अनुभव हुआ। महिला मोर्चा की बहनों ने कहा कि जो भाई अपने परिवार से दूर रहकर दिन-रात देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं, उनके प्रति प्रेम और सम्मान किसी एक दिन तक सीमित नहीं हो सकता।

जवानों के साथ बिताए भावुक पलों में देशप्रेम, भाईचारे और अपनत्व की भावना देखते ही बनी। कार्यक्रम के अंत में बहनों ने देश की रक्षा में सदैव तत्पर रहने वाले सभी वीर जवानों के सुखद, स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन की मंगलकामना की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि देश का प्रत्येक जवान सकुशल अपने परिवार के पास लौटे। रक्षा सूत्र की इस डोर ने एक भावनात्मक संदेश दिया कि जो भाई सीमा पर रहकर देश की रक्षा कर रहे हैं, उनके साथ देश की हर बहन खड़ी है। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री पार्वती वाधवानी, धमतरी जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, प्रेमलता नागवंशी, दिनेश्वरी नेताम, चेलेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, ज्योति साहू, सुलोचना साहू, रितिक यादव, जागेश्वरी साहू, दमयंती साहू, डॉली सोनी, नीलू रजक, रीता बंजारे, रितु साहू, पूर्णिमा बनपेला, प्रतिमा देवांगन, लक्ष्मी ठाकरे, ममता सिन्हा, सुरजोतिन साहू, ईश्वरी पटवा, प्रेमलता साहू, गौरी प्रजापति, भानबाई कुंभकार, सुनीता साहू, मीनाक्षी साहू, निर्मला साहू, वंदना साहू, तिजिया कुंभकार, शेष बाई कुंभकार, रानी, निलिमा, माही, रिया, ओवी, निशा, हर्षिता, पूजा, दक्षता और अंकिता सहित बड़ी संख्या में बहनें मौजूद रहीं।

डोंगरा में महारुद्राभिषेक, साध्वी मां प्रज्ञा भारती ने कराया संपन्न

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। चित्रोत्पला महानदी के पावन तट पर बसे ग्राम डोंगरा में लता धनीराम कौशिक धन कुमार कौशिक परिवार के अगुवाई में समस्त ग्राम वासियों द्वारा आयोजित महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम देश के प्रकांड विद्वान प्रसिद्ध भगवताचार्य चित्रकूट धाम अखाड़ा निर्मोही के प्रमुख साध्वी दीदी मां प्रज्ञा भारती जी द्वारा विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया गया

रुद्राभिषेक महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में सारंगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद कमलेश जांगड़े छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेशर पटेल जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव जिला महामंत्री विजय यादव मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई बलोदा बाजार के वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल संजू पटेल दुर्गेश बाजपेई केशव मिश्रा पंचायत सचिव डॉ हरिकिशन वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

भगवान शिव की आराधना, आस्था और भक्ति से ग्राम डोंगरा का वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्राम डोंगरा में आयोजित भव्य महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम साध्वी मां प्रज्ञा भारती के सानिध्य में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया और सुख-समृद्धि तथा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

महा रुद्राभिषेक के दौरान भगवान शिव का पंचामृत, जल एवं विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रों और भगवान शिव के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-शांति और मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान साध्वी मां प्रज्ञा भारती ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि रुद्राभिषेक सनातन परंपरा में विशेष धार्मिक महत्व रखता है। श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई शिव आराधना मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि भगवान शिव की उपासना भारतीय सनातन संस्कृति की प्राचीन परंपरा है। शिव आराधना के माध्यम से भक्त अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और सद्भाव की कामना करते हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल लदान में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

■ पिछले वर्ष की तुलना में 4 दिन पहले हासिल किया 100 मिलियन टन का आंकड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल लदान के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 18 अगस्त 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 में 100 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि पिछले वर्ष की तुलना में 4 दिन पहले हासिल हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा 22 अगस्त 2025 को प्राप्त हुआ था।

18 अगस्त 2026 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 100.125 मिलियन टन प्रारंभिक माल लदान किया है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 97.673 मिलियन टन माल लदान हुआ था। इस प्रकार 2.452 मिलियन टन अर्थात 2.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।माल लदान के साथ राजस्व में भी सकारात्मक वृद्धि हुई है। इस अवधि में ?12,023.6 करोड़ का प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व अर्जित किया गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के ?11,824.2 करोड़ की तुलना में ?199.4 करोड़ अर्थात 1.69 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में 26,535 रेक लोड किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.59 प्रतिशत अधिक हैं।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के माध्यम से कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट सहित विभिन्न आवश्यक संसाधनों का परिवहन देश के अलग-अलग हिस्सों तक किया जाता है। इस प्रकार रेलवे देश की ऊर्जा आवश्यकताओं, आधारभूत संरचना के विकास और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

यात्री सेवाओं के विस्तार पर भी विशेष ध्यान-

माल परिवहन के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्री सेवाओं को भी प्राथमिकता दी जा रही है। यात्रियों की बढ़ती मांग तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं अन्य विशेष अवसरों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 तक 48 स्पेशल ट्रेनों के कुल 140 फेरे संचालित किए गए हैं।

नगरी नपं में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए तीन अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

नगरी/ नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर पंचायत नगरी प्रांगण में अधिकारी-कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, समस्त पार्षदों एवं एल्डरमैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट एवं जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

नगर पंचायत नगरी में प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त एवं 26 जनवरी के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों किया जाता इसी क्रम में इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तीन कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए सम्मानित किया गया।

राजस्व वसूली एवं निकाय को मजबूत करने के लिए राजेंद्र साहू सम्मानित

नगर पंचायत नगरी के कर्मचारी राजेंद्र साहू को राजस्व वसूली में बेहतर प्रदर्शन, निकाय को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में किए गए प्रयास तथा सौंपे गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए सम्मानित किया गया। उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति एवं सम्मान प्रदान किया गया। बेहतर सेवा के लिए जेसीबी ऑपरेटर अभिषेक मरकाम का सम्मान-नगर पंचायत के जेसीबी ऑपरेटर अभिषेक मरकाम को अपने कार्य के प्रति समर्पण, बेहतर सर्विस एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की क्षमता के लिए सम्मानित किया गया। नगर पंचायत के विभिन्न कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका और तत्परता को देखते हुए उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए कमल नारायण सिन्हा सम्मानित-पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक कर्मचारी कमल नारायण सिन्हा को विभागीय निर्माण कार्यों, भूमि पूजन, लोकार्पण एवं समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए सम्मानित किया गया।अच्छे कार्यों के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जरूरी : बलजीत छाबड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि नगर पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी मेहनत और लगन के साथ कार्य कर रहे हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने का उद्देश्य उनका उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ अन्य कर्मचारियों के बीच भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना है। इससे नगरवासियों के कार्य कम समय में, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ बिना किसी रुकावट के पूरे हो सकेंगे।

उन्होंने कहा कि सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उसके कार्य के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी का सम्मान है। ऐसे आयोजन कर्मचारियों को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं तथा नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होते हैं।

संक्षिप्त खबरें

अयोध्या धाम के लिए तीर्थ यात्रियों को पार्षदगणों ने भक्ति भाव से किया रवाना

धमतरी / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण एवं पवित्र योजना तीर्थ यात्रा दर्शन के लिए धमतरी विकासखंड के लगभग 50 लोगों का जत्था मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म स्थलीय अयोध्या धाम के लिए जनपद परिसर से पार्षदगणों जिनमे लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी, कलेश सोनी चंद्रभागा साहू गजेंद्र विजय सिंह ठाकुर भागवत यादव अशोक सिन्हा भागी नंदू लोधी द्वारा तिलक वंदन करते हुए हरी झंडी दिखाकर सह सम्मान विदा किया गया तीर्थ यात्री गणों द्वारा जय जय श्री राम के नारे लगाते हुए पूरे वातावरण को अध्यात्ममय बनाकर छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त कर रहे थे इस अवसर पर विजय मोटवानी ने कहा कि जीवन के वृद्धावस्था के काल में प्रत्येक व्यक्ति की इच्छा होती है कि वह अपने धर्म से संबंधित तीर्थ की यात्रा कर अपने जीवन को धन्य करें। तीर्थ यात्रियों में मीना बाई आशा जगताप मोना भाई रुक्मणी यादव समरी बाई रमेश यादव घासीराम शंकर प्रेमलाल भोलाराम लक्ष्मी नारायण श्यामा बाई बसंती भाई सरिता बाई रुक्मणी यादव हरिराम नगर निगम की ओर से धर्मेंद्र शिंदे तरुण गजेंद्र गोलू पटेल मुकेश प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को मिला संबल, महापौर ने सौंपे नियुक्ति पत्र

धमतरी / नवप्रदेश। नगर पालिक निगम धमतरी में सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए शासकीय कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर श्री रामू रोहरा ने दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महापौर श्री रामू रोहरा ने स्वर्गीय श्रीमती लक्ष्मी बाई के पुत्र श्री परमेश्वर सोना, स्वर्गीय श्री विश्वनाथ श्री ठाकुर की पत्नी श्रीमती मुन्नी बाई ठाकुर तथा स्वर्गीय कुमारी बाई की पुत्री श्रीमती ताराबाई को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पत्र प्राप्त होने पर परिजनों के चेहरों पर संतोष और भावुकता के भाव नजर आए।इस अवसर पर महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य दिवंगत कर्मचारी के परिवार को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करना है। महापौर ने नवनियुक्त कर्मचारियों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की।इस अवसर पर एमआईसी सदस्य युगल (पिंटू) यादव, पार्षद चंद्रभागा साहू,अज्जू देशलहरे,गजेंद्र कंवर सहित जनप्रतिनिधि गण ,कर्मचारी उपस्थित थे।

गुरुकुल प्राचार्य ने फहराया तिरंगा

बेमेतरा/नवप्रदेश। सुकुल पारा स्थित गुरुकुल विद्यालय में आज दिनांक 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में ध्वजारोहण सुबह ठीक 8:00 बजे विद्यालय प्रचार्य धर्मेंद्र साहू द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। राष्ट्रगानः सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्टाफ ने मिलकर पूरी सम्मान के साथ राष्ट्रगान गाया। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन सुशील भारती के द्वारा कार्यक्रम को प्रगति प्रदान करते हुए बच्चों की प्रस्तुति को माइक के माध्यम से संबोधित किया गया सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम के अंत में हमारे विद्यालय के मुख्य अतिथि सम्माननीय विद्यालय प्रमुख रमेश धर दीवान ने सभी बच्चों को देश भक्ति की संदेश देकर कार्य्रकम को समापन किया गया। गुरुकुल के छात्रों द्वारा नगर पंचायत नवागढ़ में भी शानदार देशभक्ति सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया।

बेमेतरा में सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा, जिम्मेदारों की अनदेखी से वाहन चालक परेशान

कलेक्टोरेट से बेरला मोड़ तक सड़क बनी 'गौ-गलियारा', हर दिन हादसे का खतरा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा शहर में कलेक्टोरेट कार्यालय से लेकर बेरला मोड़ तक सड़क पर आवारा एवं मवेशियों के जमावड़े ने यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिन हो या रात, इस मार्ग पर जगह-जगह गायों के सड़क पर बैठने और विचरण करने से वाहन चालकों को लगातार दुर्घटना के खतरे के बीच आवागमन करना पड़ रहा है।

सबसे चिंताजनक स्थिति शाम और रात के समय दिखाई नहीं देती है। सड़क पर बैठे मवेशी दूर से स्पष्ट नजर नहीं आते। अचानक सामने आने वाली गायों से बचने के प्रयास में दोपहिया वाहन चालक असंतुलित हो सकते हैं, जबकि तेज रफ्तार चारपहिया वाहनों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

रोज का जमावड़ा, जिम्मेदार कौन?

स्थानीय लोगों के मुताबिक कलेक्टोरेट से बेरला मोड़ तक सड़क के आसपास लंबे समय से मवेशियों का जमावड़ा बना हुआ है। सवाल यह है कि जब इस मार्ग पर लगातार आवागमन होता है और सरकारी कार्यालयों सहित शहर के प्रमुख हिस्सों को जोड़ने वाला रास्ता है, तो फिर सड़क से मवेशियों को हटाने और सुरक्षित व्यवस्था बनाने के लिए प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही?

हादसा होने के बाद जागेगा प्रशासन?

सड़क पर मवेशियों का बैठना केवल यातायात की समस्या नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जनसुरक्षा का मामला है। यदि किसी वाहन की टक्कर से किसी व्यक्ति की मौत या गंभीर चोट होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी?

गौ आयोग के उपाध्यक्ष ने एसपी को बताया नोडल अधिकारी

मामले को लेकर छत्तीसगढ़ गौ आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव लोचन दास से फोन पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी बनाया गया है और इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक से चर्चा करने की बात कही।अब देखना यह है कि सड़क पर खुलेआम घूमते और बैठते मवेशियों की समस्या को लेकर प्रशासन कितनी गंभीरता दिखाता है और हादसे से पहले कोई ठोस व्यवस्था करता है या फिर किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही कार्रवाई होगी।

बड़ा सवालःजब कलेक्टोरेट से बेरला मोड़ तक सड़क पर रोज मवेशियों का जमावड़ा दिखाई दे रहा है, तो जिम्मेदार विभागों की नजर आखिर क्यों नहीं पड़ रही?

14 साल बाद भी अंधेरे में बेमेतरा बेरला रोड, हादसों का बढ़ा खतर

■ आईआईटी, सर्किट हाउस, स्कूल और सिविल लाइन जैसे महत्वपूर्ण स्थलों के बावजूद सड़क पर नहीं है पर्याप्त विद्युत व्यवस्था

बेमेतरा/नवप्रदेश/ नवप्रदेश। बेमेतरा को जिला बने 14 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन जिला मुख्यालय से बेरला जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क आज भी रात के समय अंधेरे में डूबी रहती है। इस मार्ग पर आईआईटी, नया सर्किट हाउस, बड़ा स्कूल, कांग्रेस कार्यालय, अटल विहार, समृद्धि विहार, कर्मचारी कॉलोनी सहित नया सिविल लाइन क्षेत्र स्थित है। इसके बावजूद सड़क किनारे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस मार्ग पर लगातार वीआईपी एवं आम लोगों की आवाजाही बनी रहती है। रात के समय सड़क पर अंधेरा रहने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। सड़क पर जगह-जगह मवेशियों के बैठे रहने से विशेषकर मोटरसाइकिल सवारों के लिए खतरा बना रहता है। पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण वाहन चालकों को सड़क पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं देते और आए दिन दुर्घटनाएं होने की शिकायत सामने आती रहती है। जिला मुख्यालय की महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल इस मार्ग पर विद्युत व्यवस्था की कमी को लेकर लोगों में नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि जब इस क्षेत्र में इतने महत्वपूर्ण शासकीय एवं निजी संस्थान और आवासीय कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं तो पर्याप्त रोशनी की जानी चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग के वर्कशॉप का आयुक्त और एमआईसी सदस्य ने किया निरीक्षण

खराब वाहनों की जल्द मरम्मत के निर्देश

धमतरी /नवप्रदेश। नगर निगम धमतरी की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त अरुण वर्मा एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के द्वद्व सदस्य नीलेश लूनिया ने स्वास्थ्य विभाग के वर्कशॉप का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्कशॉप में रखे सफाई एवं कचरा संग्रहण से संबंधित वाहनों और मशीनों की स्थिति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान वर्कशॉप में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली टिप्पर गाड़ियां, 8-गाड़ी ,407 वाहन 2 ,बड़ी वैक्यूम मशीनें 1, छोटी वैक्यूम मशीन 1 तथा एक जेसीबी सहित अन्य संसाधनों की स्थिति देखी गई। निरीक्षण में कुछ वाहन एवं मशीनें खराब अथवा मरम्मत की आवश्यकता वाली स्थिति में पाई गई। इस पर आयुक्त अरुण वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब वाहनों एवं मशीनों की आवश्यक मरम्मत शीघ्र कराई जाए, ताकि सफाई कार्य एवं कचरा संग्रहण व्यवस्था प्रभावित न हो।

स्वास्थ्य विभाग के द्वद्व सदस्य नीलेश लूनिया ने वाहनों के खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शहर की स्वच्छता व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

यदि कचरा संग्रहण करने वाले वाहन समय पर उपलब्ध नहीं होंगे तो इसका सीधा असर वार्डों की सफाई व्यवस्था पर पड़ेगा। इसलिए सभी खराब वाहनों एवं मशीनों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराकर कचरा संग्रहण व्यवस्था को पुनः पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाए।

विद्यार्थियों ने सीखी रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और थ्री-डी प्रिंटिंग की तकनीक

■ कलेक्टर ने देखी बच्चों की तकनीकी प्रतिभा, रोबोटिक्स और एआई प्रोजेक्ट की सराहना

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर के बीते दिन मगरलोड प्रवास के दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मगरलोड में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से परिचित कराने के उद्देश्य से स्टेम, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफथिंग्स एवं थ्री-डी प्रिंटिंग पर आधारित व्यावहारिक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन स्टेम रोबो हब इंडिया के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री देवव्रत सिन्हा द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने तकनीकी अवधारणाओं को समझने के साथ स्वयं विभिन्न प्रोजेक्ट तैयार कर उनका व्यावहारिक प्रयोग किया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को रोबोट निर्माण, थ्री-डी प्रिंटिंग के माध्यम से विभिन्न मॉडल तैयार करने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बुनियादी अवधारणाओं को समझने तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीक के जरिए इंटरनेट की सहायता से घर के स्विच बोर्ड को नियंत्रित करने जैसे प्रयोग कराए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में तकनीकी समझ के साथ रचनात्मकता, समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया गया।इस दौरान कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट एवं गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी ली तथा उनके प्रयोगों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक के क्षेत्र में निरंतर सीखने, प्रयोग करने और नवाचार के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आज का दौर तकनीक और नवाचार का है। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान भी मिलना चाहिए। इस तरह की कार्यशालाओं से बच्चों में नई चीजें सीखने, स्वयं प्रयोग करने और समस्याओं के समाधान खोजने की क्षमता विकसित होती है।

खेल: क्रिकेट चयन ट्रायल का किया शुभारंभ, जिला स्तरीय चयन ट्रायल में बेमेतरा जिले के 4 विकासखंडों छात्रों ने लिया हिस्सा

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने नपं कुसमी पहुंचीं कल्पना योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत कुसमी स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत 17 वर्ष बालक एवं बालिका क्रिकेट चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं।

इस जिला स्तरीय चयन ट्रायल में बेमेतरा जिले के चारों विकासखंड– बेरला, नवागढ़, बेमेतरा एवं साजा के विभिन्न विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मैदान में पहुंचते ही युवा खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ चयन ट्रायल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और संघर्ष करने की क्षमता विकसित करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों में भी खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल उन्हें उचित अवसर और बेहतर मंच उपलब्ध कराने की। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी चयन ट्रायल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और परिणाम की चिंता किए बिना खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में मिली हार भी खिलाड़ी को आगे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देती है, इसलिए निरंतर अभ्यास और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विद्यालयीन स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण एवं छोटे शहरों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को जिला, संभाग और राज्य स्तर तक अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम में नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, पार्षद देवकुमार साहू एवं नंदकुमार साहू, संतोष साव, अनूप सिंह पीटीआई सेजेस शिवलाल राठी, आशीष तिवारी पीटीआई सेजेस सिंघौरी, अंकित निर्मलकर पीटीआई ज्ञानोदय विद्यालय, राकेश साहू पीटीआई गोडगिड़ी, मोहम्मद आवेद पीटीआई खुड़मुड़ी, चंद्रकुमार साहू पीटीआई आनंदगांव, हिमांशु साहू पीटीआई सेजेस कठिया, हरिशंकर चंदेल पीटीआई सेजेस नवागढ़, राजकुमार पटेल पीटीआई मल्दा सहित बेरला विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी कमलनारायण साहू एवं विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी के व्यायाम शिक्षक भूपेंद्र कुमार वैष्णव एवं विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों स्वागत किया गया।

आयोजन में समस्त नगरवासियों की भी सहभागिता रही। चारों विकासखंडों से पहुंचे खिलाड़ियों ने क्रिकेट चयन ट्रायल में अपनी खेल प्रतिभा, तकनीक और फिटनेस का प्रदर्शन किया।

बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों के बीच मैदान पर प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ खेल भावना और अनुशासन भी देखने को मिला। कुसमी में आयोजित यह जिला स्तरीय चयन ट्रायल विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा को साबित करने का महत्वपूर्ण अवसर बना। आयोजन के माध्यम से जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक सार्थक पहल की गई।

न्यूज गैलरी

बर्तन बेचने की आड़ में करता था चोरी, बांगलादेशी चोर मोहम्मद सुमोन गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत सिंघौरी में विगत माह हुई चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार 05 आरोपियों की विवेचना के दौरान अत्याधुनिक तकनीकी विश्लेषण से एक आरोपी मोहम्मद सुमोन खान पिता मोहम्मद सलाम खान उम्र 24 वर्ष निवासी रूस्तमनगर थाना पार्वतीपुर जिला दिनाजपुर, डिवीजन रंगपुर (बांग्लादेश) की पहचान बांग्लादेशी नागरिक के रूप में हुई।

मुढ़ीपार में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर 21 को

खैरागढ़/नवप्रदेश। आयुष विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय निशुल्क रोग निदान एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन ब्लाक के मुढ़ीपार मे 21 अगस्त को किया गया है । शिविर मे अनुभवी एवं योज्य चिकित्सको द्वारा वात रोग, उदर रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग सहित अन्य सभी प्रकार के जटिल रोगो का आयुर्वेद होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से इलाज कर निशुल्क औषधियों का वितरण किया जाएगा । शिविर मे बीपी, शूगर की जांच भी निशुल्क होगी ।

खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सामाग्री के लिए नमूने

खैरागढ़/नवप्रदेश। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के ठेलकाडीह क्षेत्र स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर बालाजी स्वीट्स से खोवा, मोतीचूर लड्डू एवं मैसूर पाक के कुल तीन विधिक नमूने जांच के लिए संकलित किए गए। इन नमूनों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा। इसी क्रम में कान्हा बेकरी का निरीक्षण कर संचालक को एनालॉग पनीर एवं अन्य सदृश उत्पादों का विक्रय अथवा भंडारण नहीं करने, खाद्य प्रतिष्ठान में आवश्यक साफ-सफाई बनाए रखने तथा खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान के माध्यम से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, मिलावटी एवं अमानक खाद्य सामग्री के विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण तथा आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।

छुईखदान बाजार चौक ज्वेलरी में हुई 45 लाख की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

■ **स्थानीय और नागपुर के दो आरोपी सहित तीन गिरफ्तार, 45 लाख की ज्वेलरी और वाहन जब्त**

खैरागढ़/नवप्रदेश। छूईखदान शहर के बाजार चौक मे ज्वेलर्स मे हुई 13 -14 अगस्त की रात चोरी का खुलासा पांच दिन मे करते जिला पुलिस ने मामले मे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए 23 किलो चांदी सहित पूरा सामान जप्त करने मे सफलता पाई है । आरोपियों मे एक छुईखदान क्षेत्र के आदतन चोर के साथ दो आरोपी नागपूर के है । मामले का प्रेस वार्ता मे खुलासा करते एएसपी रूपेश डांडे ने बताया कि छुईखदान क्षेत्र के रामपूर नवांगांव निवासी आदतन चोर महेन्द्र साहू ने दुकान मे चोरी का प्लान बनाया था । महेन्द्र के खिलाफ जिले के जालबांधा थाना सहित अन्य जगहो पर चोरी के मामले दर्ज है फिलहाल वह जमानत पर था । डांडे ने बताया कि बड़ा हाथ मारने के प्लान मे मुख्य आरोपी महेन्द्र ने नागपूर के आदतन चोर और बदमाश अक्षय

गुरूवे 21 साल और अनिकेत मेश्राम 25 वर्ष को साथ लेकर चोरी का प्लान बनाया था । नागपूर निवासी दोनो आरोपी अक्षय और अनिकेत 13 अगस्त की रात नागपूर मे एक्टिवा मोपेड चोरी कर खैरागढ़ होते छुईखदान पहुँचे और मुख्य आरोपी महेन्द्र से मूलाकात की । फिर देररात पुलिस पेट्रोलिंग सहित अन्य व्यवस्था को भांप कर बाजार चौक निवासी शांतिलाल सांखला के ज्वेलरी दुकान का शटर उठाकर आनन फानन मे दुकान मे सामने रखे 22 किलो 6 सौ ग्राम चांदी और तीन ग्राम सोने के जेवरात पर हाथ साफ करते निकल गए । पुलिस ने इसकी अनुमानित कीमत साढ़े 44 लाख रू बताई है ।

गांव के तालाब मे छुपाया था चोरी का माल- एएसपी डांडे ने बताया कि नागपूर के दोनो आरोपियो ने चोरी के सामान को बोरी मे भरकर मुख्य आरोपी महेन्द्र के सुपुर्द कर दिया और नागपूर वापस लौट गए । आरोपी महेन्द्र ने चोरी के सामान बोरी सहित अपने गांव के तालाब मे ही पानी मे छुपा रखा था । और उसकी छुप छुप कर सुरक्षा मे जुटा था । 14 अगस्त की सुबह हुई चोरी के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने मामले मे चार टीम बनाकर जांच की और महेन्द्र को ही शंका के आधार पर पकडक़र पूछताछ शुरू की । जिसके बाद मामले की कलई खुल गई । आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने तालाब मे छुपाए गए सामान की बोरी को बरामद किया । और नागपूर के दोनो आरोपी अक्षय और अनिकेत को नागपूर जाकर गिरफ्तार किया ।

हड़कंप: पेट दर्द की शिकायत के बाद कई बच्चे अस्पताल में भर्ती

बेमेतरा के कन्या शाला में मध्यान्ह भोजन में मिली डामर जैसी गोली

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले से एक बड़ी और हैरान करने वाली खबर सामने आ रही है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या शाला में मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) के दौरान खाने में डामर जैसी संदिग्ध गोली मिलने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्यान्ह भोजन करने के बाद कई बच्चों ने अचानक पेट दर्द की शिकायत की। स्थिति को गंभीर देखते हुए तुरंत बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां फिलहाल उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों की देखरेख में बच्चों का स्वास्थ्य स्थिर बताया जा रहा है।

रसोई व्यवस्था और गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल: घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग और प्रशासन में खलबली मच गई है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि भोजन में डामर जैसी यह संदिग्ध वस्तु आखिरकार कैसे और किन परिस्थितियों में पहुंची।

मध्यान्ह भोजन जैसी महत्वपूर्ण योजना में इस तरह की लापरवाही सामने आने के बाद अब स्कूल की रसोई व्यवस्था, भोजन की निगरानी और इसकी गुणवत्ता की जांच पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही पूरे मामले की असल सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रुद्राभिषेक सहस्त्रनाम आराधना में शामिल हुए विधायक दीपेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। बिलासपुर संभाग प्रभारी एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ से जुड़े डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी के निज निवास में सुख-शांति, समृद्धि, आरोग्य एवं जनकल्याण की मंगल कामना को लेकर आयोजित पंच दिवसीय महामृत्युंजय मंत्र जाप, भगवान शिव के रुद्राभिषेक एवं सहस्त्रनाम आराधना में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। विधायक दीपेश साहू ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन एवं रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं आरोग्य की मंगलकामना की।

धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

आचार्य राम प्रताप शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ यह भव्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर महामृत्युंजय मंत्र का जाप, रुद्राभिषेक एवं भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं। पंच दिवसीय आयोजन के चलते जेवरा सहित पूरे क्षेत्र में भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

आस्था और लोक कल्याण का प्रतीक-इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भगवान शिव की आराधना हमारी सनातन परंपरा में श्रद्धा, आस्था और लोक कल्याण का प्रतीक है।

न्यायालय अपर कलेक्टर
बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.201619802000045
/242/अ-05/वर्ष 2025-26

संतोष कुमार देवांगन आ. बिशाल देवांगन ग्राम गब्दी तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग.
विरुद्ध - नरोत्तम आ. शंकरलाल निवासी ग्राम गब्दी तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग.
विषय :- सार्वजनिक सूचना।

सर्व संबंधित उत्तरवादी नरोत्तम आ. शंकर लाल निवासी ग्राम गब्दी, तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद को इस विज्ञप्ति/सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार देवांगन आ. बिशाल देवांगन निवासी ग्राम गब्दी, तहसील गुण्डदेही ने इस न्यायालय के समक्ष अनुविभागीय अधिकारी (रा) पाटन वर्तमान गुण्डरदेही के आदेश दिनांक 29.02.2008 के विरूध्द द्वितीय अपील प्रस्तुत किया गया है जो वर्तमान में विचाराधीन है। चूंकि आप उत्तरवादी का वर्तमान पता अज्ञात है/सामान्य माध्यम से नोटिस की तामीली नही हो पा रही है, इसलिए माननीय न्यायालय के आदेशानुसार यह सूचना पत्र में प्रकाशित की जा रही है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या उत्तरवादी को इस मामले मे कोई आपत्ति/पक्ष समर्थन पेश करना है, तो दिनांक 02.09.2026 को सुबह 12.00 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/पक्ष समर्थन पेश कर सकते है। नियत तिथि और समय पर उपस्थित न होने की दशा मे, यह मान लिया जाएगा कि आपको इस मामले मे कोई आपत्ति या पक्ष पेश नही करना है। तत्पश्चात माननीय न्यायालय द्वारा मामले की एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी और विधिवत आदेश दिया जाएगा।

आज दिनांक 04.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर के तहत जारी किया गया।

मुहर
अपर कलेक्टर
बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

नवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष प्रत्याशी हर्ष बघेल के द्वारा उच्च पदाधिकारियों का स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के ब्लाक मुख्यालय नवागढ़ के ताम्रकार भवन में 17 अगस्त को युवा संवाद - भेंट मुलाकात कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अकाश शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रत्याशी शैलेन्द्र बंजारे, बेमेतरा जिला अध्यक्ष प्रांजल तिवारी, पूर्व डायरेक्टर विजय बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी अनंत, संबलपुर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राजपूत, शक्तिधर दीवान, लाखन सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में युवाओं ने खुलकर अपने विचार रखे। अध्यक्ष प्रत्याशी शैलेन्द्र बंजारे ने युवाओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि युवा जुड़ेंगे, देश बढ़ेगा - सशक्त युवा, सशक्त भारत का नारा अब सिर्फ नारा नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत बनाने का समय है।

सीबीएसई विद्यार्थियों को खेल प्रतियोगिताओं से वंचित करना अन्यायपूर्ण : विपिन यादव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सीबीएसई विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित किए जाने का मामला गंभीर चिंता का विषय है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव ने पहल करते हुए विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह को पत्र सौंपकर समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने जारी बयान में बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने पत्र के माध्यम से बताया है कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया की सीबीएसई के लिए पृथक इकाई को मान्यता दिए जाने के आधार पर सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर रखा जा रहा है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा को दी गई विदाई

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा नवीन पदस्थापना किए जाने के फलस्वरूप कलेक्टर गोपाल वर्मा को आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विदाई दी गई। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने वर्मा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनकी नवीन पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में कलेक्टर के रूप में 22 माह 28

दिन तक अपनी सेवाएं दीं। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार उनकी नवीन पदस्थापना वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर की गई है।विदाई समारोह में अधिकारियों ने कलेक्टर गोपाल वर्मा के कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए उनके सरल, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व तथा उच्च प्रशासनिक क्षमता की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि वर्मा ने जिले में प्रशासनिक कार्यों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ आगे बढ़ाया तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, बोड़ला एसडीएम आशुतोष शर्मा, एमडी जीएस शर्मा, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, अधीक्षक राजेन्द्र ध्रुर्वे सहित अन्य अधिकारियों ने वर्मा के कार्यकाल से जुड़े अनुभव साझा किए।

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHWETA GUPTA W/O PRADEEP GUPTA resident of ANAMIKA SHRINGAR SADAN, ADARSH NAGAR - CHOWK BORSI ROAD, DURG WARD 42, DURG, CHHATTISGARH 491001 have changed my old name SHWETA GUPTA W/O PRADEEP GUPTA so in future I should be recognized by my new name that is SWETA GUPTA W/O PRADEEP GUPTA in all Government and other documents.

SWETA GUPTA
W/O PRADEEP GUPTA
ANAMIKA SHRINGAR SADAN, ADARSH NAGAR CHOWK, BORSI ROAD, DURG WARD 42, DURG, CHHATTISGARH - 491001

नाम/परिवर्तन

यह सूचित किया जाता है कि मैं, श्वेता गुप्ता पत्नी प्रदीप गुप्ता, निवासी अनामिका श्रृंगार सदन, आदर्श नगर चौक, बोरसी रोड, दुर्ग वार्ड 42, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001 ने अपना पुराना नाम श्वेता गुप्ता पत्नी प्रदीप गुप्ता बदलकर नया नाम स्वेता गुप्ता पत्नी प्रदीप गुप्ता रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे मेरे नए नाम स्वेता गुप्ता पत्नी प्रदीप गुप्ता से ही पहचाना जाए तथा मेरे सभी शासकीय एवं अन्य दस्तावेज़ों में मेरा नाम इसी नए नाम से दर्ज किया जाए।

शपथकर्ती
स्वेता गुप्ता पत्नी प्रदीप गुप्ता
अनामिका श्रृंगार सदन, आदर्श नगर चौक, बोरसी रोड, दुर्ग
वार्ड 42 दुर्ग (छ.ग.) 491001

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका एस.एल. क्रेयर आईरोमैन प्रा.लि. डायरेक्टर श्रीमति संगीता कैतनशाह पति केतन एम. शाह निवासी ए/5 सूर्याविहार कालोनी जुनवानी तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा ग्राम सिलोदा प.ह.न. 23 में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 289, 290 रकबा 2.3700, 0.2700 हे. भूमि भूमिस्वामी को दिनांक 05.08.2021 करे कय करते हुए कार्यालय उप. पंजीयक दुर्ग में अपने पक्ष में रजिस्ट्री पंजीयन निष्पादित कराया है तथा वर्णित भूमि पर कय दिनांक से आवेदिका कब्जा में होकर उपभोग कर रही है। आदेश कमांक सी.जी. 5124905082021014, दिनांक 23.09.2021 के अनुसार प्रमाणिकरण नामांतरण होकर आवेदिका के नाम से ऋण पुस्तिका प्राप्त हो चुका है। वर्तमान समय में अनावेदक का नाम दर्ज चला आ रहा है। नामांतरण पंजी के आधार पर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करते हुए अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदिका के नाम नामांतरण किये जाने आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 19.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं सचिन कुमार (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र कृष्णा कुमार यादव गांव/शहर वार्ड नंबर-18, आजाद नगर केम्प-1 सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. ने अपना नाम सचिन कुमार (पुराना नाम) से बदलकर सचिन कुमार यादव (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
सचिन कुमार
सुपुत्र कृष्णा कुमार यादव
गांव/शहर वार्ड नंबर-18,
आजाद नगर केम्प-1 सुपेला
भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं सुभाष कछप (SUBHASH KACHHAP) उम्र 32 वर्ष पिता लक्ष्मन ओराओ (LAXMAN ORAON) पता-क्वा.नं. 2/डी, सड़क-67, सेक्टर-06, भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 490006 का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्णक प्रस्तुत करता हूँ कि :- यह कि मैं भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई के (S.P.-II) विभाग में (OCT) पद पर कार्यरत हूँ तथा मेरा परसनल नं. 406450 है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम (SUBHASH KACHHAP Son of Shri LAXMAN KACHHAP) दर्ज है। यह कि मेरे पेनकार्ड, आधार कार्ड-3808 0831 3381 एवं मेरे सभी शैक्षणिक सभी प्रमाण-पत्र में मेरे पिता का नाम लक्ष्मण कच्छप (LAXMAN KACHHAP) अंकित है। जिसमें पिता का उपनाम गलत दर्ज हैं। यह कि मेरे पिता का आधार कार्ड 2395 3428 7985 एवं पेन क्रमांक (ABHPO8027B) में उनका (पिता) नाम लक्ष्मन ओराओं (LAXMAN ORAON) अंकित है जो कि पिता का सही एवं वास्तविक नाम है। यह कि मेरे उक्त बीएसपी सर्विस रिकार्ड, मेरे पेन कार्ड आधार कार्ड एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में पिता का सही एवं प्रचलित नाम को जुड़वाना चाहता हूँ। अत: अब मेरा नाम सुभाष कछप (SUBHASH KACHHAP) पिता लक्ष्मन ओराओं (LAXMAN ORAON) रख लिया हैं। यह कि भविष्य में कोई अड़चने न आये अत: मुझे सुभाष कछप (SUBHASH KACHHAP) पिता लक्ष्मन ओराओं (LAXMAN ORAON) एवं अन्य सभी जगह जहाँ-जहाँ आवश्यक हो में दर्ज करवाने हेतु यह शपथपत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र में नाम प्रकाशन की सूचना बाबत प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
सुभाष कछप

नाम/परिवर्तन

मैं शपथकर्ता मोहम्मद अरिश मंजर अंसारी आ. आरिफ मंजर अंसारी, उम्र 18 वर्ष, निवासी- 4/ए, ई पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि अपना निम्नलिखित शपथपूर्वक अभिकथन करता हूं कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड, पेन कार्ड, शैक्षणिक अंकसूची, जारी हुआ है जिसमें मेरा नाम (Mohammad Arish Manzar Ansari S/o Arif Manzar Ansari) है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि (Bajaj Allianz Life Insurance Co. Ltd) में पॉलिसी है जिसका पॉलिसी कमांक 0100662665 है जिसमें मेरा नाम (Mohd Arish Manzar S/o Mohd Arish Manzar) दर्ज है। यह कि (Mohammad Arish Manzar Ansari S/o Arif Manzar Ansari) एवं (Mohd Arish Manzar S/o Mohd Arish Manzar) दोनो नाम मेरा एवं मेरे पिताजी का ही है किसी अन्य व्यक्ति का नाम नहीं है। यह कि उपरोक्त बातो की सत्यता के प्रमाण में शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
मोहम्मद अरिश मंजर अंसारी
आ. आरिफ मंजर अंसारी
निवासी- 4/ए, ई पॉकेट
मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर,
भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं कुमारी (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी पचकौड स्वंय का नाम निशा बेगम पति अब्दुल वकील, उम्र 51 वर्ष, स्थायी निवासी- ग्राम सावनी, तहसील पाटन, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़) वर्तमान निवासी-मकान नंबर-47/29, 26 बी बी. एस.यू.पी. हाऊसिंग बोर्ड बस्ती, रायपुर, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम कुमारी पिता पचकौड़ (पुराना नाम) से बदल कर निशा बेगम पति अब्दुल वकील (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
कुमारी पिता/पति पचकौड
स्थायी निवासी- ग्राम सावनी,
तहसील पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा पक्षकार परदेशी राम सोनी (PARDESHI RAM SONI) पिता स्व. मेहतर सोनी उम्र 62 वर्ष, निवासी शांति नगर, भिलाई-03, तहसील भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.) 490021 का रहने वाला है। मेरे पक्षकार का नाम आधार कार्ड क्रमांक 6044 3347 4727 एवं पेन कार्ड नंबर (ANJPS4744H) में मेरा नाम परदेशीराम सोनी (PARDESHIRAM SONI) दर्ज है जो कि एक लाईन में जुड़ा हुआ दर्ज है वह त्रुटिपूर्ण है जबकि मेरे पक्षकार का उक्त नाम परदेशी एवं राम (PARDESHI एवं RAM) के बीच में गैप होना चाहिये जो कि मेरे पक्षकार के नाम परदेशीराम को एक साथ आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में लिख दिया गया है जिसे मेरा पक्षकार सुधरवा कर सही एवं वास्तविक नाम परदेशी राम सोनी (PARDESHI RAM SONI) अपने आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मेरे पक्षकार का सही एवं वास्तविक नाम परदेशी राम सोनी (PARDESHI RAM SONI) है जो कि उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, भिलाई इस्पात संयंत्र से प्राप्त सेवा निवृत्ति आदेश में, बैंक खाता में, मतदाता पहचान पत्र में दर्ज है तथा मेरे पक्षकार को इसी नाम से जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जाता है। मेरा पक्षकार अपना सही एवं वास्तविक परदेशी राम सोनी (PARDESHI RAM SONI) को आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में दर्ज करवाना चाहता है जिस हेतु शासकीय गजट में भी मेरा पक्षकार इसी नाम को प्रकाशित करवाना चाहता है इसलिये यह आम सूचना प्रकाशित है।

हेमंत कुमार वर्मा
अधिवक्ता-जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9826723254

नाम/परिवर्तन

मैं बिपिन्द्र छुरा पिता छेरा छुरा, (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र गौरव छुरा (GAURAV CHHURA) पिता बिपिन्द्र छुरा (BIPINDRA CHHURA) उम्र-16 वर्ष, निवासी-म.नं.-218, स्ट्रीट नं.-09, वार्ड नं. -17, ओडिया मोहल्ला, पुरानी बस्ती, सुपेला भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023 ने अपने नाबालिग सुपुत्र का नाम गौरव नायक पिता बिपेल नायक (पुराना नाम) से बदलकर गौरव छुरा (GAURAV CHHURA) पिता बिपिन्द्र छुरा (BIPINDRA CHHURA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
बिपिन्द्र छुरा पिता छेरा छुरा
नवासी-म.नं.-218, स्ट्रीट नं.-09,
वार्ड नं. -17, ओडिया मोहल्ला
पुरानी बस्ती, सुपेला भिलाई,
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं गोपाल सिंह (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र गुलाब सिंह स्वंय का नाम गोपाल सिंह राजपूत पिता गुलाब सिंह, उम्र 45 वर्ष, निवासी-देवांगन होटल के पास फरीद नगर, निजामी चौक, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम गोपाल सिंह आत्मज गुलाब सिंह (पुराना नाम) से बदल कर गोपाल सिंह राजपूत पिता गुलाब सिंह (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
गोपाल सिंह राजपूत
पिता गुलाब सिंह
निवासी-देवांगन होटल के पास
फरीद नगर, निजामी चौक, सुपेला,
भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं दुर्गेश कुमार सोनकर (DURGESH KUMAR SONKAR) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता विजय कुमार सोनकर, निवासी-आपापुरा, शनिचरी बाजार, दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.), वर्तमान निवासी-नयापारा, वार्ड नं.-01, पंचशील नगर, मार्केट के पीछे, दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम दुर्गेश कुमार सोनकर (DURGESH KUMAR SONKAR) (पुराना नाम) से बदल कर ओम सोनकर (OM SONKAR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
दुर्गेश कुमार सोनकर
पिता विजय कुमार सोनकर,
निवासी-आपापुरा, शनिचरी बाजार,
दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवनलाल पिता मोहनलाल निवासी भटगांव दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा दादा ग्वाल सतनामी की जन्म/मृत्यु दिनांक 28.09.1984 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 03.09.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/सूचना

मैं तृप्ति तिवारी पति श्री एन. सुरेश (N.SURESH) उम्र 44 वर्ष, निवासी-म.नं.414, श्वेतांबर जैन मंदिर के पास, शांतिनगर सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं मैं अपनी नाबालिग पुत्री का नाम एन. तृषा तिवारी (N.TRISHA TIWARI) से बदलकर तृषा नुथी तिवारी (TRISHA NUTHI TIWARI) रख लिया है।

शपथकर्ती
तृप्ति तिवारी पति श्री एन. सुरेश
निवासी-म.नं.414, श्वेतांबर जैन मंदिर के पास, शांतिनगर सुपेला
भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

नाम परिवर्तन/सूचना

मैं गंगा (GANGA) पिता श्री जे.पी.अनंता (J.P. ANANTA) उम्र 36 वर्ष, निवासी-एल.आई.जी.1/84, ढांचा भवन, कुरूद भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं मैं अपना पुराना नाम गंगा (GANGA) पिता श्री जे.पी.अनंता (J.P. ANANTA) को बदलकर नया नाम गंगा अनंत (GANGA ANANT) पिता श्री जगदीश प्रसाद अनंत (JAGDISH PRASAD ANANT) रख लिया है।

शपथकर्ता
गंगा पिता श्री जे.पी.अनंता
निवासी-एल.आई.जी.1/84,
ढांचा भवन, कुरूद भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202607100700102
/अ-06अ/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुलारी बाई पति कृष्णा लाल निवासी बैजनाथपारा दुर्ग के द्वारा ग्राम बघेरा, प.ह.नं. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 323/104 रकबा 0.018 हे./2000 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता अमित कुमार साहू पिता जे.पी. साहू निवासी-भिलाई से रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 09.10.2007 को कय किया गया है। उक्त भूमि का प्रमाणीकरण नामांतरण पंजी क. 165 दिनांक 26.07.2008 हो चुका है जिसके उपरांत ऋण पुस्तिका कनांक पी-0918951 जारी किया जा चुका है किन्तु वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में पूर्व विक्रेता अमित कुमार साहू पिताजे. पी. साहू के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्री बैनामा एवं ऋणपुस्तिका में दर्ज के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज अमित कुमार साहू पिता जे.पी.साहू को सुधार कर दुलारी बाई पति कृष्णा लाल निवासी-बैजनाथपारा दुर्ग का नाम दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ निर्मलकर पिता परऊ निर्मलकर निवासी डिपरापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा उर्मिलाबाई निर्मलकर पति परऊ निर्मलकर की जन्म/मृत्यु दिनांक को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 03.09.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

मडेली पंचायत सचिव अंबिका सोनी जनपद पंचायत छुरा में संलग्न

चार बार शिकायत और कार्रवाई नहीं होने को लेकर उठे थे सवाल

छुरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मडेली की पंचायत सचिव अंबिका सोनी के खिलाफ ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों के मामले में अब प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है। पंचायत सचिव की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों की शिकायत और कार्रवाई नहीं होने से जुड़े मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद जिला पंचायत गरियाबंद ने 18 अगस्त 2026 को आदेश जारी कर सचिव अंबिका सोनी को आगामी आदेश तक कार्यालय जनपद पंचायत छुरा में संलग्न कर दिया है। जिला पंचायत गरियाबंद से जारी आदेश में पंचायत सचिवों की वर्तमान पदस्थापना एवं अतिरिक्त प्रभार में प्रशासनिक व्यवस्था के तहत बदलाव किया गया है। आदेश के अनुसार अंबिका सोनी, पंचायत सचिव मडेली को कार्यालय जनपद पंचायत छुरा में संलग्न किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

नवप्रदेश खबर का असर

चार बार शिकायत के बाद गरमाया था मामला : ग्राम पंचायत मडेली की पंचायत सचिव अंबिका सोनी के खिलाफ ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने लंबे समय से शिकायतें किए जाने का दावा किया था। ग्रामीणों ने सचिव पर नियमित रूप से पंचायत कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने, ग्रामसभा की बैठकों में अनुपस्थित रहने, ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की पर्याप्त जानकारी नहीं देने सहित कई आरोप लगाए थे।

मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में चार बार शिकायत किए जाने का भी दावा ग्रामीणों द्वारा किया गया था। ग्रामीणों का कहना था कि शिकायतों की जांच होने तथा शिकायत सही पाए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से उन्हें निराशा का सामना करना पड़ रहा था।

सरपंच ने भी उठाए थे वेतन आहरण पर सवाल : मडेली पंचायत के सरपंच अशोक ध्रुव ने पंचायत सचिव की उपस्थिति और वेतन आहरण को लेकर भी सवाल उठाए थे। उनका आरोप था कि पंचायत स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी नहीं होने के बावजूद वेतन आहरण किया जा रहा है। सचिव की उपस्थिति, पंचायत मुख्यालय में निवास तथा पंचायत के अभिलेखों की जांच की मांग की थी।

मडेली का अतिरिक्त प्रभार दूसरे सचिव को

जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत बोडराबांधा के पंचायत सचिव काशी साहू को ग्राम पंचायत मडेली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं ग्राम पंचायत खडमा के सचिव भगवानी ध्रुव को ग्राम पंचायत साजापाली का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत साजापाली की पंचायत सचिव सावित्री यादव को भी कार्यालय जनपद पंचायत छुरा में संलग्न किया गया है। जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश में संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को नई व्यवस्था के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

न्यूज गैलरी

नयना पहाड़िया को पीएचडी की उपाधि

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, नवापारा (राजिम) के शिक्षा संकाय में सहायक प्राध्यापक नयना पहाड़िया ने मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर से हिंदी विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। नयना पहाड़िया के शोध प्रबंध का विषय हिंदी साहित्य के विकास में गीतांजलि के साहित्य का योगदान÷ रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के हिंदी संकाय की विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक डॉ. रेशमा अंसारी के निर्देशन में पूर्ण किया। इसके अलावा रमेश चौधरी, संजय सिंघई, मनीष जैन, संदीप बोथरा, योगेश रावक, सुनील बंगानी, अजय कोचर, राजेश डागा, रविकांत सेठ, दीपक गंगवाल, जयेश लोटिया, सुमेश पारख, किशोर नागवानी, डॉ. कमलेश गोगिया, अंजनी पटेल, डॉ. रतिराम गढ़ेवाल, डॉ. अंजना सोनकर, डॉ. निधि, अनामिका भट्ट, नेहा शर्मा, रुचि, श्वेता, सुमन, रुचि सेठ, शिला, वैशाली, ममता, टहनी एवं निहारिका सहित शुभचिंतकों ने भी उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी।

छुरा ब्लॉक से रामलला तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

छुरा/नवप्रदेश। छुरा ब्लॉक क्षेत्र से रामलला तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्रियों में भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का माहौल रहा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय राम के जयघोष के साथ तीर्थ यात्रा का शुभारंभ किया। योजना के माध्यम से क्षेत्र के श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं ऐतिहासिक तीर्थस्थलों के दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं परिजनों ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए मंगलमय यात्रा की कामना की। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद एवं सभापति बलराज पटेल ने हरि झंडी दिखाकर ,तिलक लगाकर यात्रियों को रवाना किया। तीर्थयात्रियों के रवाना होने के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री थानसिंग निषाद कयाराम यादव करारोपण अधिकारी, विकास सोनी, समाजसेवी शीतल ध्रुव, धनेश्वर नाग, कमलेश सिन्हा,मिथलेश सिन्हा ,मेघराज यादव,सीताराम, फ़नेश्वर सेन,हीरालाल सिन्हा एवं अन्य उपस्थित रहे।

घठुला में आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। संचालनालय आयुष विभाग रायपुर एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन धमतरी और जिला आयुष विभाग के सौजन्य से विकासखंड नगरी के ग्राम घठुला में मंगलवार को एकदिवसीय निःशुल्क विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आयुष चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के तैलचित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं स्तवन के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घठुला की सरपंच सरिता ध्रुव, उपसरपंच वेदराम साहू, तोरण ध्रुव, शत्रुघ्न साहू, ललित प्रजापति, कन्हैया साहू एवं ग्राम सचिव बलराम चंदन सहित आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में स्वतंत्रता दिवस

भाटापारा/नवप्रदेश। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ बहुत धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आलोक मिश्रा (पूर्व सदस्य श्रम कल्याण मंडल, छत्तीसगढ़ शासन) द्वारा माता सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ ध्वजारोहण का कार्य संपन्न किया गया। पुष्पगुच्छ से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तत्पश्चात बच्चों के द्वारा भाषण, संगीत, फैंसी ड्रेस,पी.टी का भी कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर श्री टी.आर. साहू ने भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। शाला के वाइस प्रिंसिपल श्रीमती नीलम तिवारी एवं स्कूल इंचार्ज अलका गुप्ता द्वारा उपस्थित पालकों एवं मेहमानों का धन्यवाद किया गया एवं भविष्य में उनके द्वारा सहयोग के कामना की गई। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं उन्होंने अपने भाषण के माध्यम से बच्चों को देश प्रेम के प्रति प्रोत्साहित किया एवं कहा कि भविष्य में वह एक अच्छे व्यक्ति एवं अच्छे नागरिक बने और देश के सेवा में हमेशा तत्पर रहे।

हतबंद में ऑटो स्टैंड की उठी मांग, पूरा नहीं करने पर जल्द डीआरएम को सौंपेंगे ज्ञापन

हतबंद/नवप्रदेश। हतबंद ग्राम में रेलवे स्टेशन होने के नाते रेल यात्रियों की आवागमन सुबह, से देर रात तक लगी रहती है और करोना कल से ही हतबंद स्टेशन मे बस सेवा पूर्ण रूप से बंद है जिसे लेकर क्षेत्र की जनता तथा रेल सेवा का लाभ उठा रहे स्थानीय व दूर दराज क्षेत्र के यात्रीगण के पास घर पहुंचने के लिए अंतिम साधन नहीं होता था जिसे देखकर हथबंद गांव के व आसपास के युवा नवजवानो ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक अनोखी पहल आटो चालक बन शुरू किया था हुआ यह था कि रेल यात्रियों तथा आसपास के लोकल राहगीरों को बस नहीं आने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था तथा जो रायपुर बिलासपुर तथा दूर दराज से आते थे।

अपराध: ऑपरेशन निश्चय अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस को मिली बड़ी सफलता

75 लाख का गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

अवैध गांजा को टायर के अंदर छुपाकर कर रहा था, परिवहन

गरियाबंद/नवप्रदेश। ''ऑपरेशन निश्चय'' अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के मार्गदर्शन में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध परिवहन एवं बिक्री के प्रभावी एवं सख्त कार्यवाही हेतु थानों के बार्डर क्षेत्रों में चेक पोस्ट लगा कर चेकिंग किया जा रहा है।

थाना देवभोग पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला की एक मेटरडोर में अवैध रूप से गांजा लेकर देवभोग की ओर जा रहा हैं। मुखबीर की सूचना पर खुटगांव अंतर्राज्यीय पुलिस चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस जवानों के द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान एक मोटाडोर आते हुए दिखा। जिसे रोक कर समक्ष गवाह के तलाशी लेने पर मेटाडोर के 06 नग टायर में अवैध रूप से 151 किलो ग्राम गांजा को छुपा कर रखा था। मेटाडोर के वाहन चालक एवं साथ में बैठे आरोपी का नाम पता पुछने पर अपन नाम

01) रोहित पांडेय पिता स्व. देशराज पांडेय, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम चंद्र नगर पंचायत के पीछे, थाना बमीठा , जिला छतरपुर, मध्यप्रदेश , तथा 02) रमेश नायक, पिता त्रिनाथ नायक, उम्र 52 वर्ष, निवासी एम रामपुर ताल सागर पाड़ा, थाना एम रामपुर, जिला कालाहांडी, ओडिशा का रहने वाला बताया।

दोनो आरोपियों के कब्जे से 151 किलो ग्राम अवैध गांजा मादक पदार्थ कीमती 75 लाख 50 हजार रूपये एवं घटना मे प्रयुक्त कथ्थई रंग के मेटाडोर वाहन क्रमांक सीजी 07 ए वय 3587 कीमती 20 लाख 25 हजार रूपये को समक्ष गवाहन के विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 (b)(ii)(C), w|a NDPS Act के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। ऑपरेशन निश्चय के तहत 08 माह में 5 करोड़ 17 लाख रुपये का अवैध गांजा जब्त, 86 आरोपी गिरफ्तार कर विरूद्ध कार्यवाही किया गया। जिले में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय÷ लगातार बड़ी सफ्लताएं हासिल कर रहा है।

विगत 8 महीनों में गरियाबंद पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ चोतरफा कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये का अवैध गांजा और गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गरियाबंद जिला अन्य राज्यों की सीमा से लगे होने के कारण तस्कर इसका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसी को रोकने के लिए पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के द्वारा 'ऑपरेशन निश्चय÷ की शुरुआत की गई है।

पुलिस की मुस्तैद टीमों और मुखबिर तंत्र की सक्रियता से पिछले 8 महीनों में तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया है। जिले में नशे के अवैध कारोबार को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए पुलिस का यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

अभियान के मुख्य आंकड़े - कुल 44 मामले दर्ज

गिरफ्तार आरोपी 86 (अंतर्राज्यीय व स्थानीय)तस्कर, सलाखों के पीछे। जब्त गांजा 10 क्विंटल 80 किलोग्राम (1,080 किलो)। कुल अनुमानित कीमत 05 करोड़ 17 लाख रुपये। जब्त वाहन 18 दोपहिया वाहन और 14 चारपहिया वाहन (कुल 32 वाहन)।

गिरफ्तार आरोपी- 01) रोहित पांडेय पिता स्व. देशराज पांडेय, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम चंद्र नगर पंचायत के पीछे, थाना बमीठा , जिला छतरपुर, मध्यप्रदेश 02) रमेश नायक, पिता त्रिनाथ नायक, उम्र 52 वर्ष, निवासी एम रामपुर ताल सागर पाड़ा, थाना एम रामपुर, जिला कालाहांडी, ओडिशा।

गोबरा नवापारा में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के अंतर्गत 18 अगस्त 2026 को प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और नशे के विरुद्ध शपथ ली।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक रहते हुए स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशे से मुक्त रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से युवाओं को राष्ट्र की शक्ति बताते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। शपथ के माध्यम से युवाओं एवं महाविद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान ÷बदलाव की शुरुआत खुद से होती है÷ के संदेश को प्रमुखता से सामने रखा गया। उपस्थित सभी ने संकल्प लिया कि नशामुक्त भारत के निर्माण की दिशा में पहला कदम स्वयं से उठाएंगे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ में सभी ने अपने देश को नशामुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने तथा नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

ग्राम पंचायत हालेकोसा व भंडारपुर में शेड निर्माण का लोकार्पण

ग्रामीणों को मिली महत्वपूर्ण सौगात

छुरिया/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत हालेकोसा, ग्राम पंचायत भंडारपुर तथा भंडारपुर के आश्रित ग्राम में विकास कार्यों को गति देते हुए शेड निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुईं। साथ ही इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया सभापति उत्तरा निषाद, जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नैनसिह पटेल, ग्राम पंचायत हालेकोसा संरपंच तुलाराम साहू, ग्राम पंचायत भंडारपुर संरपंच सीमा चन्द्रवंशी,दशरथ चंद्रवंशी राजेश मोगरे ओमलालसाहू फूलचद ठाकुर चैतलाल निषाद दिनू मानिकपुरी किरण साहू अनीता कुंजाम रेखा झूलेकर प्रदीप पटेल नंदकुमार चंद्रवंशी दुर्योधन साहू ब्रज लालयादव उभय पटेल दुलार सिंहचंद्रवंशी काशी राम चंद्रवंशी दुलार साहू केशो साहू रामेश्वर चंद्रवंशी सविता साहू यशोदिया साहू यशोदा पटेल मुनबाई कंवर की उपस्थिति में संपन्न हुआ.अतिथियो द्वारा पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर नवनिर्मित शेडों का लोकार्पण किया और क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात दी।इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

रक्षाबंधन पर पुलिस व जनसेवकों को बांधा रक्षासूत्र

कुरूद/नवप्रदेश। जो दिन-रात समाज की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहते हैं, उनके प्रति आभार और अपनेपन का भाव व्यक्त करते हुए कुरूद मंडल भाजपा महिला मोर्चा ने रक्षाबंधन का पावन पर्व अत्यंत आत्मीयता के साथ मनाया।

त्योहारों के मौके पर भी अपने घरों से दूर रहकर कर्तव्य निभा रहे पुलिस जवानों व अधिकारियों के प्रति स्नेह प्रकट करने के लिए महिला मोर्चा की बहनें कुरूद पुलिस थाना पहुंचीं। बहनों ने खाकी वर्दीधारी वीर भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा, उनका मुंह मीठा कराया और उनके स्वस्थ, सुरक्षित व दीर्घायु जीवन के लिए मंगलकामना की। स्नेह और कृतज्ञता का यह सिलसिला यहीं नहीं थमा। महिला मोर्चा ने शासकीय अस्पताल और नगर पालिका परिषद पहुंचकर वहां दिन-रात जनसेवा में जुटे कर्मचारियों को भी विश्वास की डोर बांधी। सेवा में लगे भाइयों ने भी बहनों के इस आत्मीय व्यवहार पर कृतज्ञता व्यक्त की।

इस भावपूर्ण आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर के साथ भारती पंचायन, धनेश्वरी निर्मलकर, कविता चंद्राकर, राजकुमारी ध्रुव, भूमिका सिन्हा, कमिथला साहू, विद्या शर्मा, ममता साहू, चित्ररेखा टंडन, अनुराधा साहू, वर्षा निर्मलकर, ममता साहू, निशा वैष्णव, रजनी साहू, गायत्री देवांगन, सीमा साहू और गीता साहू सहित बड़ी संख्या में बहनें उपस्थित रहीं।

हर घर तिरंगा की तर्ज पर अब हर स्कूल सेल्फी अभियान चलाए सरकार : तरुण

बागबाहरा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बागबाहरा के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष तरुण व्यवहार ने प्रदेश के शासकीय विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं और शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान चलाकर देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया गया, उसी तर्ज पर सरकार को अब ÷हर स्कूल सेल्फी अभियान÷ चलाना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव के शासकीय स्कूल की वास्तविक तस्वीर सामने आए। स्कूल में बच्चों के बैठने की व्यवस्था कैसी है?भवन की स्थिति क्या है? पेयजल और शौचालय की सुविधा है या नहीं, बिजली-पंखे की व्यवस्था कैसी है?साफ-सफाई, खेल मैदान, शिक्षण सामग्री और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं-इन सभी की तस्वीरें सामने आनी चाहिए।तरुण व्यवहार ने कहा कि जिस संस्था को सरकार स्वयं चलाती है, वही संस्था आज कई जगह दीन-हीन सुविधाओं के लिए तरस रही है, जबकि निजी संस्थाओं द्वारा संचालित कई प्राइवेट स्कूलों की सुविधाएं देखने लायक हैं।

माकरदोना में 50 लीटर महुआ शराब जब्त

अवैध शराब निर्माण के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

नगरी/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 18 अगस्त को ग्राम राजीव नगर माकरदोना, थाना केरेगांव क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 50 लीटर महुआ शराब जब्त की। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

जिला कलेक्टर अविनाश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रोहित देवांगन के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम को ग्राम राजीव नगर, माकरदोना में अवैध शराब निर्माण की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने आरोपी सुधराम कमार, पिता संतुराम कमार के निवास पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से चार चढ़ी हुई भट्ठियां एवं नीले ड्रम में रखी कुल 50 लीटर महुआ शराब जब्त की। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59-क के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी है।

पेज 1 का शेष...

बैलों की टाप, गले में बंधे...

जिसकी पहचान ही मवेशी बाजार से बनी थी। आज उसी बाजार में गाय, बैल और भैंसों की जगह बकरियों के झुंड नजर आते हैं। बाजार अब भी लगता है, लोग अब भी आते हैं, पंचायत को अब भी इससे आय होती है... मगर वह आवाज नहीं लौटती, जो कभी इस गांव की धड़कन हुआ करती थी।

करीब 36 साल पहले शुरू हुआ यह मवेशी बाजार सिर्फ पशुओं की खरीद-बिक्री की जगह नहीं था। इसी बाजार ने 'खाम्ही' को 'खाम्हीबाजार' बना दिया। कभी पंचायत की आय का बड़ा जरिया रहे इस बाजार ने गांव को दूर-दराज के इलाकों तक पहचान दिलाई। आज बाजार की रौनक भले ही कम हो गई हो, लेकिन हर मंगलवार यहां लौटती भीड़ के बीच अतीत की वह कहानी अब भी सांस लेती है। एक ऐसे दौर की कहानी, जब बैल सिर्फ मवेशी नहीं, किसान की ताकत और गांव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हुआ करते थे।

सुप्रीम कोर्ट में सरकार...

होगा। कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह राधाकृष्णन समिति और नंदन नीलेकणि समिति की सिफारिशों पर उठाए गए कदमों तथा इन्हें लागू करने की समय-सीमा का विवरण तीन सप्ताह में हलफनामे के जरिए पेश करे। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अलोक अराधे की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि प्रवेश परीक्षाओं के निष्पक्ष और सुचारु संचालन के लिए तकनीकी बदलाव अब जरूरी हो गए हैं।

माता-पिता से बेटे को अलग...

पति का आरोप था कि उसके पिता दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और उनकी तीन बार हार्ट सर्जरी हो चुकी है। इसके बावजूद पत्नी लगातार उस पर माता-पिता को छोड़कर अलग रहने का दबाव बनाती रही। पति के मना करने पर पत्नी सास-ससुर से मिसबिहेव करती थी और बिना बताए छोटे बेटे को लेकर मायके चली जाती थी। साल 2018 में दोनों पक्षों के रिश्तेदारों के बीच हुई सामाजिक सुलह के दौरान पत्नी ने लिखित माफीनामा भी दिया था, लेकिन इसके बाद भी उसके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया।

बच्चों को संपत्ति से बेदखल...

था। कोर्ट ने कहा कि बुजुर्गों की गरिमा के लिए ट्रिब्यूनल के पास बच्चों को संपत्ति से निकालने का आदेश देने का अधिकार है।

ऑपरेशन सिंदूर पर बनी...

एक्स पर यह बयान दिया। उन्होंने डॉक्यूमेंट्री को 'ट्रैजेडी और कॉमेडी' तक बताया। उनका आरोप है कि फिल्म में कुछ चुनिंदा इंटरव्यू, भावुक कहानी और फिल्मी अंदाज का इस्तेमाल किया गया है।

आजम खान की जौहर...

ऑफिस और घर भी शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी पीएमएलए के तहत कार्रवाई कर रही है।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, सरकारी ठेकों से मिले पैसों को कथित तौर पर जौहर यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े ट्रस्ट तक पहुंचाया गया। आरोप है कि इन पैसों का इस्तेमाल यूनिवर्सिटी की संपत्तियां बनाने और दूसरे कामों में किया गया। अब यह पता लगाया जा रहा कि सरकारी ठेकों का पैसा किन लोगों और कंपनियों के जरिए ट्रस्ट या यूनिवर्सिटी तक पहुंचा।

अफ्रीकन स्वाइन फीवर...

जोन तथा 1 से 10 किलोमीटर की परिधि को सर्विलेंस जोन घोषित किया गया है। यह व्यवस्था आगामी आदेश तक अथवा अधिकतम छह माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगी।

मराठी नहीं जानने वाले...

इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ड्राइवरों को पहले नोटिस देकर 3 महीने में मराठी सीखने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद भी मराठी नहीं सीखने पर लाइसेंस और बैज सस्पेंड किया जाएगा। ट्रांसपोर्ट मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को मंत्रालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें एक्शन प्लान को लेकर चर्चा हुई।

रेल नेटवर्क को बड़ा...

बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में इन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। लगभग 410 किलोमीटर लंबी इन सभी परियोजनाओं को वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

गॉल में भारत 600वें टेस्ट...

ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने इस मैच में कुल 211 रन बनाए। पडिक्कल ने पहली पारी में 167 और दूसरी पारी में 44 रन की पारी खेली।

पहली पारी में पडिक्कल का शतक, भारत ने 462 रन बनाए : भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। देवदत्त पडिक्कल ने तीसरे नंबर पर उतरकर 230 गेंद में 167 रन बनाए। उनकी पारी में 15 चौके और एक छक्का था। उन्होंने केएल राहुल के साथ 162 रन की साझेदारी की।

नदी बचेगी तो जल बचेगा...

संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश की नदियों के उद्गम स्थलों एवं जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान और संरक्षण, जल संचयन एवं भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने तथा नदी संरक्षण को व्यापक जन अभियान का स्वरूप देना है।

निष्पक्ष पत्रकारिता-लोकतंत्र की मजबूत नींव : रामेश्वर जांगडे

हतबंद/नवप्रदेश। आज के परिवेश में सच्ची और निष्पक्ष पत्रकारिता किसी तपस्या से कम नहीं। सत्य को शब्द देना और निर्भीकता से उसे समाज के सामने रखना अपने आप में एक जोखिम भरा दायित्व है। लेकिन इस जोखिम का सामना अकेले नहीं, बल्कि एकजुटता, साहस और पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों के साथ किया जा सकता है। किसी व्यक्ति विशेष की वाहवाही को समाचार का स्वरूप देना, कहीं न कहीं पत्रकारिता की उस पवित्र नींव को कमजोर करता है, जिस पर लोकतंत्र का विश्वास टिका हुआ है। दुर्भाग्य से आज पत्रकारिता के क्षेत्र में निजी स्वार्थ साधने की प्रवृत्ति भी दिखाई देने लगी है। कुछ कथित पत्रकार अपने आकाओं को प्रसन्न करने के लिए पत्रकारिता को माध्यम बना रहे हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान उस पारदर्शी, निष्पक्ष और जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता को उठाना पड़ रहा है, जो समाज और राष्ट्र के सुदृढ़ निर्माण की आधारशिला है। सच्ची पत्रकारिता के पथ पर कदम-कदम पर चुनौतियों के तूफान खड़े हैं, मगर इन तूफानों के बीच भी कुछ कलमकार चट्टान की तरह अडिग खड़े हैं। न दबाव उन्हें झुका सकता है, न प्रलोभन उनकी कलम की धार को कुंद कर सकता है। वे अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानकर सत्य, जनहित और सामाजिक सरोकारों के लिए निरंतर संघर्षरत हैं। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन ऐसे निर्भीक, निष्पक्ष और बेबाक पत्रकारों का हृदय से स्वागत करती है। हम उन सभी पत्रकार साथियों को आमंत्रित करते हैं, जो पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपना दायित्व मानते हैं और अपनी निष्पक्ष खबरों के माध्यम से एक जागरूक, पारदर्शी एवं विकसित समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना चाहते हैं। आइए, कलम को ताकत बनाएं–सत्य को आवाज दें और पत्रकारिता की गरिमा को मिलकर मजबूत करें।

सरस्वती साइकिल योजना के तहत 89 छात्राओं को मिली साइकिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की 89 छात्राओं को साइकिल वितरित की गईं। साइकिल मिलने से छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। इस योजना का उद्देश्य दूर-दराज से विद्यालय आने वाली छात्राओं को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की 89 छात्राओं को शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सोनवानी, एल्डरमैन सेवक निषाद, रितेश यादव, समिति सदस्य विनोद नेताम, प्रतिभा हूमने, मोना देवांशी, पुष्पा सूर्यवंशी, मधु देवांगन एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान संस्था की प्राचार्य अलका दानी, प्रधानपाठिका रंजना परिहार, अजय यादव, श्री सर्वाकर, कमल साहू, दीप्ते कुर्रे, योगिता देवांगन, परमिला खलखो, वर्षा पटेल, सरोज साव, कल्पना ठाकुर सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित थे। जिन्होंने छात्राओं को अपने हाथों से नई साइकिलों की सौगात दी।

कार्यक्रम में अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं को साइकिल का उपयोग सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक करने की सलाह दी। छात्राओं ने साइकिल मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए शासन की इस योजना के प्रति आभार जताया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी पढ़ाई में भी निरंतरता बनी रहेगी। सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को लाभ मिलता है। जिसमें दूर के गांवों से स्कूल आने वाली छात्राओं को प्राथमिकता दी जाती है, शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों के माध्यम से साइकिल बांटी जाती है।

अपराध: पुलिस अभिरक्षा से आरोपी को छुड़ाने में झूमाझटकी और मारपीट

नवापारा पुलिस ने फरार आरोपी अर्जुन टंकड को किया गिरफ्तार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। रासुका की कार्रवाई के दौरान पुलिस अभिरक्षा से आरोपी टुम्मन उर्फ लल्ला सोनवानी को छुड़ाने के प्रयास के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद फरार चल रहे अर्जुन टंकड को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी का नगर में जुलूस भी निकाला।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक 15 से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले आरोपी सागर कुर्रे और यशवंत सोना ने न्यायालय में सरेंडर किया था। पुलिस शेष आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी में जुटी है।

इसके बाद लल्ला को रायपुर जेल ले जा रही पुलिस टीम का उसके साथियों ने स्कॉर्पियो और करीब चार बाइक से पीछा किया। पुलिस का आरोप है कि ग्राम पिपरौद के पास पुलिस वाहन को रोककर पुलिसकर्मियों से मारपीट और झूमाझटकी की गई तथा पुलिस अभिरक्षा से लल्ला को जबरन छुड़ाने का प्रयास किया गया। मामले में पुलिस ने लल्ला सोनवानी, उसकी मां, दोनों पत्नियों सहित यश सोना, सागर कुर्रे, गौकरण, दौलत आडिल, खुलेश कुमार रात्रे सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, घटना के दौरान पुलिसकर्मियों को धमकाने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप भी लगाए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों के नगर में जुलूस निकाले जाने के दौरान बड़ी संख्या में लोग जुटे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफभी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, लल्ला सोनवानी के खिलाफपहले से 13 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, आबकारी, जुआ-सट्टा, नारकोटिक्स और आर्म्स एक्ट से जुड़े प्रकरण शामिल हैं।

क्या है पूरा मामला

पुलिस के अनुसार, 5 अगस्त को आबकारी एक्ट के मामले में जेल से छूटने के अगले ही दिन लल्ला सोनवानी के खिलाफजिला दंडाधिकारी रायपुर द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई थी। 6 अगस्त को पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया। मुलाहिजे के दौरान उसके परिजनों और समर्थकों द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और झूमाझटकी की गई।

कुल्हाड़ी लेकर युवक ने मचाया आतंक एक ग्रामीण को मार डाला, दूसरा घायल

एक ग्रामीण की हत्या एक घायल, पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

मैनपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के शोभा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेंड्रा में बुधवार को एक युवक द्वारा कुल्हाड़ी से हमला किए जाने से एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया जहां घायल ग्रामीण को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है घटना के दौरान युवक ने पूरे गांव में जमकर आतंक मचाया कुल्हाड़ी लेकर पूरे गांव मे पागलो की तरह घुमते रहा।

मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही हीरा नामक युवक ने अपने दोस्त पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया सिर में गंभीर चोट लगने के कारण खोलबाहरा सोरी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हमले में बीच बचाव करने आये ग्रामीण नरेंद्र कुमार बूरी तरह से घायल हो गया, जिसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया। घटना के बाद सिर पर खून सवार आरोपी युवक कथित तौर पर हाथ में कुल्हाड़ी लेकर गांव में घूम रहा था और सामने आने वाले लोगों को दौड़ा रहा था। इससे ग्रामीणों में भय और तनाव की स्थिति बनी रही। बताया जा रहा है कि पुलिस और ग्रामीणों की मौजूदगी देखकर युवक अपने घर के कमरे में जाकर छिप गया था। पुलिस द्वारा बाहर से निगरानी किए जाने के दौरान उसने गुलेल से भी हमला करने का प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शोभा थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आरोपी को सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए काफी मशक्कत की। पुलिस और ग्रामीणों की संयुक्त कोशिश से आरोपी युवक को उसके घर से बाहर निकाला गया और गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के हाथ में कुल्हाड़ी होने के कारण पुलिस ने कार्रवाई के दौरान विशेष सावधानी बरती।

डायल 112 की टीम ने घायल ट्रक चालक की बचाई जान

भाटापारा /नवप्रदेश। भाटापारा में देर रात एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया, जहाँ पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से एक गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक की जान बचा ली गई। आज दिनांक 18/08/2026 की रात करीब 02:00 बजे डायल 112 को एक गंभीर दुर्घटना का इवेंट प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही बिना एक पल गंवाए भाटापारा शहर एवं भाटापारा ग्रामीण डायल 112 की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुँची।

तेज रफ्तार ट्रक पोल से टकराया, चालक फंसा

घटना भाटापारा शहर अंडरब्रिज की है, जहाँ एक तेज रफ्तार लोड ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अंडरब्रिज में प्रवेश करने का प्रयास किया। गति अधिक होने के कारण ट्रक वहाँ हाइट लिमिट (ऊंचाई की सीमा) के लिए लगाए गए लोहे के पोल से बेहद जोरदार तरीके से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसी के भीतर फंस गया। दुर्घटना में चालक को गंभीर चोटें आईं और वह दर्द से तड़प रहा था।

मॉर्डन इंग्लिश स्कूल में स्वतंत्रता दिवस

भाटापारा /नवप्रदेश। मॉर्डन इंग्लिश स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ बहुत धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आलोक मिश्रा (पूर्व सदस्य श्रम कल्याण मंडल, छत्तीसगढ़ शासन) द्वारा माता सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ ध्वजारोहण का कार्य संपन्न किया गया। पुष्पगुच्छ से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तत्पश्चात बच्चों के द्वारा भाषण, संगीत, फैंसी ड्रेस,पी.टी का भी कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर श्री टी.आर. साहू ने भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। शाला के वाइस प्रिंसिपल श्रीमती नीलम तिवारी एवं स्कूल इंचार्ज अलका गुप्ता द्वारा उपस्थित पालकों एवं मेहमानों का धन्यवाद किया गया एवं भविष्य में उनके द्वारा सहयोग की कामना की गई। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

राजाडेरा मटाल पहुंचीं प्रदेश मंत्री नंदिनी नेताम, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

मैनपुर/नवप्रदेश। विकासखंड मैनपुर के दूरस्थ वनांचल एवं अति विशेष पिछड़ी कमार जनजाति बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम राजाडेरा में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश मंत्री नंदिनी नेताम ने जनसंपर्क एवं ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को करीब से जाना और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कभी नक्सल गतिविधियों से प्रभावित रहे राजाडेरा जैसे दुर्गम एवं अंतिम छोर के गांव में राजनीतिक एवं प्रशासनिक पहुंच अपेक्षाकृत कम रही है। ऐसे क्षेत्र में प्रदेश मंत्री नंदिनी नेताम के पहुंचने पर ग्रामीणों और गांव के लोगों ने उनका स्वागत किया और गांव की लंबे समय से चली आ रही मूलभूत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान श्रीमती नेताम ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के संबंध मे कमार जनो को जानकारी दिया साथ ही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने अपील किया गया। ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, सड़क, पुल-पुलिया सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उनके सामने रखीं। ग्रामीणों का कहना था कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उन्हें कई बुनियादी सुविधाओं के लिए आज भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नंदिनी नेताम ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि विकास की वास्तविक तस्वीर तभी सामने आती है, जब जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता गांव के अंतिम छोर तक पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद करें। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सामने आई समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाकर उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी।

एसपी की फटकार के बाद भटगांव पुलिस की सख्ती

शराब कोचियाओं पर दो दिन से लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही

भटगांव/नवप्रदेश। जिले के पुलिस अधीक्षक को शिकायत के पश्चात और खबर प्रकाशन के बाद भटगांव पुलिस की 2 दिन से ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू हो गई है जहाँ पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस दीपिका मिंज के निर्देशन पर,अवैध शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है, इसी क्रम में थाना प्रभारी उप निरी. शिवकुमार धारी के नेतृत्व में अब तक आबकारी एक्ट के 57 मामलों में 562 लीटर शराब को किया जप्त गया। वहीं 18 एवं 19 अगस्त 2026 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम सलोनीकला सांवरिया डेरा तथा चुरेला में रेड कार्यवाही कर,अवैध रूप से, कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतू रखे पकड़ा गया। आरोपी लक्ष्छी गोड पिता शंकर गोड उम्र 23 साल साकिन सबरिया डेरा सलोनीकला थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6000 आरोपी दीपक मनहर पिता कृपाराम मनोहर उम्र 25 वर्ष उम्र 25 वर्ष साकिन चुरेला थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 3000 रुपए को समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया वहीँ प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी शिव कुमार धारी, सउनि कृष्ण टंडन प्रउनि नवीन ठाकुर प्र.आर.एकराम सिदार प्र आर ताराचंद रातड़े आर.राहुल खूंटे,राजेंद्र चंद्रा, भूपेन्द्र साहू,कामताप्रसाद कर्ष,जितेंद्र टंडन,शशिकांत खूंटे म.आर.रीना बघेल ,मोहन कुमारी एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

आपको बता दें की भटगांव थाना एवं क्षेत्र मे लगातार आम लोगों कि शिकायते आ रही थी जिसके बाद थाना प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक के शिकायत के पश्चात और खबर प्रकाशन पुलिस प्रशासन 2 दिनों से लगातार कार्यवाही मे जुटी है ।

नवप्रदेश खबर का असर

अटल के कारण छत्तीसगढ़ और रमन सिंह के कारण गरियाबंद जिला बना : मुरलीधर सिन्हा

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा ने भाजपा जिला कार्यालय में भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के पुण्यतिथि के कार्यक्रम में उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि यदि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री नहीं होते तो छत्तीसगढ़ राज्य का उदय नहीं होता। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनाने अनेकों वर्षो से संघर्ष किये। संत कवि पवन दीवान जी ने पृथक छत्तीसगढ़ राज्य संगठन बनाकर आंदोलन भी चलाये, वे महासमुंद लोकसभा के सांसद रहते हुए छत्तीसगढ़ राज्य गठन करने की वकालत पुरजोर से करते रहे किन्तु केन्द्र में उनके दल काँग्रेस की सरकार रही फिर भी नहीं सुने। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में बड़े दमखम से उठाया गया जब महासमुंद लोकसभा से चन्द्रशेखर साहू जी ने 13 माह के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण करने हेतु सदन में भी अपनी आवाज बुलन्द किये थे जिसमें छत्तीसगढ़ के भाजपा निर्वाचित सांसदों ने समर्थन किये थे लेकिन अल्पमत की केन्द्र गिर गई और मध्यावधि चुनाव आ गया जब चुनाव प्रचार में आये तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने सप्रे शाला मैदान रायपुर के आमसभा में छत्तीसगढ़वासियों और भाजपा नेताओं से कहा कि आप छत्तीसगढ़ से 11 लोकसभा सीट में से 11 लोकसभा सीट भाजपा की झोली में दो मैं छत्तीसगढ़ राज्य दूँगा। आमचुनाव में 11 में से 10 लोकसभा सीट जीत गये और महासमुन्द लोकसभा सीट भाजपा प्रत्याशी चन्द्रशेखर साहू जी पराजित हो गये । भाजपा गठबन्धन की सरकार बनते ही प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़वासियों की अपार जनमत भाजपा को मिलने से संविधान में राज्य गठन करने का कानून पास करते हैं वर्ष 1 नवम्बर 2000 का वह स्वर्णिम दिन रहा और छत्तीसगढ़ राज्य का उदय हुआ यदि अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधानमंत्री नहीं बनते तो छत्तीसगढ़ राज्य नहीं बनता आज श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनके 8 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित है ।

!!! शपथ पत्र !!!

मैं **प्रकाश कुमार रात्रे** उम्र 34 वर्ष पिता **जयकुमार रात्रे** जाति सतनामी निवासी खम्हारडीह पोस्ट लाहोद तहसील लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता/करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता/करती हूँ :-

01. यह कि मेरी दादी के आधार कार्ड क्रमांक 5217 4082 3139 में **नाम संतबाई रात्रे** (SANTBAI RATRE) त्रुटिवश दर्ज है जो पूर्णतः गलत है, जिसके कारण मुझे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा/रही है।
02. यह कि मेरी दादी के **किसान किताब एवं बैंक पासबुक में नाम बासन बाई** (BASAN BAI) लिखा जो कि सही एवं सत्य है।
03. यह कि मेरी दादी के आधार कार्ड में नाम संतबाई रात्रे (SANTBAI RATRE) को विलोपित कर किसान किताब एवं बैंक पासबुक के अनुसार नाम बासन बाई (BASAN BAI) दर्ज करवाना चाहता / चाहती हूँ। जिसमें किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है।
04. मेरी दादी के पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
05. मैं मेरी दादी की नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूँगा / रहूँगी।
06. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा / रही हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

हस्ताक्षर
प्रकाश कुमार रात्रे

ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तृप्ति, पिता का नाम पूर्व में इंद्र कुमार अंकित था, जिसे संशोधित कर इंद्र कुमार बनपेला किया जाना है। इसी प्रकार माता का नाम पूर्व में ममता बाई अंकित था, जिसे संशोधित कर ममता साहू किया जाना है।

अतः भविष्य में आवेदिका तृप्ति के समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में पिता का नाम इंद्र कुमार बनपेला एवं माता का नाम ममता साहू के रूप में जाना एवं पढ़ा जाए।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह निर्धारित अवधि में संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

दिनांक : 20 अगस्त 2026
आवेदिका : तृप्ति
पिता : इंद्र कुमार बनपेला
माता : ममता साहू
ग्राम - देवरी(द)
तहसील-अर्जुन्दा, जिला बालोद

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र.631 / न.पा./ लो.नि.वि./2026-27 — मुंगेली, दिनांक 19/08/2026

-: द्वितीय मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचनाः-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोसंरचना मद अंतर्गत कॉलम नं. 8 में वर्णित एस.ओ.आर. दर अनुसूची से कम, बराबर या अधिक प्रतिशत दर पर निविदा प्रपत्र (अ) में समस्त कर सहित दिनांक 07.09.2026 समय सायं 4:00 बजे तक रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	अवधि	रिमार्क	एस.ओ.आर. विवरण
1.	वार्ड क्र. 09 प्रेम आर्य के घर से गोल बाजार चौक तक बी. टी. टॉपिंग कार्य	6.46	5000	750	02 माह	सक्षम श्रेणी	CG pwd Road sor 01.01.25

टीप :-1. निविदा के संबंध में नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।
2. विस्तृत नियम एवं शर्तें विभागीय वेबसाईट cg.uad.gov.in/ में देखी जा सकती है एवं निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर व भर कर निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डॉक के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव, जिला पंचायत परिसर कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

Email - ID: ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph. No.-07786-296017

मैनुअल पद्धति से जोनल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -05 (प्रथम दौर)

क्रमांक/05/व.ले.लि / नि.प्र. / ग्रा.यां. सेवा/2026-27 — कोण्डागांव, दिनांक 18/08/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की जोनल निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की **अंतिम तिथि 03.09.2026 शाम 5.00 बजे** तक।

क्र	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
1	2	3
1	रू. 30.00 लाख से कम लागत के विभिन्न निर्माण भवन/मंच / पुलिया / बाउंड्रीवाल/ नाली / सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य -	
	वि.ख. कोण्डागांव (जोन-01)	35.00
	वि.ख. कोण्डागांव (जोन-02)	35.00
	वि.ख. माकड़ी	35.00

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 21.08.2026 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

जी-262702852/2

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-कोण्डागांव

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./2026/1125 — रिसाली दिनाँक 18/08/26

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर क्रं.	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउन लोड करने की अंतिम तिथि
1	PROPOSED CONSTRUCTION OF ROAD WIDENING AT-WARD NO-01-PAVER BLOCK WORK BLOCK (B) CONCRETE GARDEN, TALPURI, WARD NO.-02-C.C. ROAD WORK JAY KUMAR KAUSHAL HOUSE TO RAJA RAM RAJAK HOUSE, GANDHI CHOWK, RUABANDHA NORTH, WARD NO-03-C.C. ROAD WORK SHANKUN YADAV HOUSE TO PUKHRAJ SAHU HOUSE, RUABANDHA SOUTH, RISALI.	197715	15.16	07.09.2026
2	PROPOSED CONSTRUCTION OF ROAD WIDENING FROM - WARD NO.-05 AT BOTH SIDE PAVER BLOCK WORK JOHAR CHOWK TO ST. THOMAS SCHOOL, HSCL COLONY RUABANDHA SECTOR, WARD NO.-6 AT C.C.ROAD WORK YADAV CHOWK TO RUPESH GUPTA, RUABANDHA SECTOR, RISALI	197721	15.08	07.09.2026
3	PROPOSED CONSTRUCTION OF ROAD WIDENING FROM- WARD NO.-08 AT PAVER BLOCK WORK, BLOCK NO. 100 TO BLOCK NO.110, RISALI SECTOR WEST, WARD NO.- 09 AT PAVER BLOCK WORK, BLOCK NO. 303 TO BLOCK NO. 308, BLOCK NO. 260 TO BLOCK NO. 262, BLOCK NO. 240 TO BLOCK NO. 243, BLOCK NO. 262 TO BLOCK NO. 266, BLOCK NO. 271 TO BLOCK NO. 275, D.P.S. RISALI SECTOR, RISALI	197724	23.45	07.09.2026
4	PROPOSED CONSTRUCTION OF ROAD WIDENING FROM- WARD NO.-10 AT BOTH SIDE PAVER BLOCK WORK, BLOCK NO. 203 TO BLOCK NO. 205 AND BLOCK NO. 204 TO BLOCK NO. 206, DUSSEHRA MAIDAN RISALI SECTOR, WARD NO.-11 AT PAVER BLOCK WORK, J.K.S. NURSERY SCHOOL TO B.S.P. MARKET, MARODA SECTOR EAST, WARD NO.-12 AT PAVER BLOCK WORK, DHANWANTRI MEDICAL TO MARKET, MARODA SECTOR WEST, RISALI	197732	16.75	07.09.2026
5	PROPOSED CONSTRUCTION OF ROAD WIDENING FROM- WARD NO.- 14 AT PAVER BLOCK WORK, NEAR CANAL BANKS, MARODA CAMP, WARD NO.- 17 AT PAVER BLOCK WORK, HSCL COLONY, SHIV PARA STATION MARODA, WARD NO.-20 AT PAVER BLOCK WORK, NEW PRABHA CLOTH STORES TO RAKESH YADAW STORES, SHANKAR PARA STATION MARODA, RISALI.	197757	17.76	07.09.2026
6	PROPOSED CONSTRUCTION OF ROAD WIDENING FROM- WARD NO. 22 AT C.C. ROAD WORK, UMESH TRIPATHI HOUSE TO AASHIRWAD BHAWAN, MAITRI KUN, WARD NO.-23 AT C.C. ROAD WORK, DHARMENDRA BOHARA HOUSE TO DUJAN VERMA HOUSE, PRAGATI NAGAR, WARD NO.-25 AT C.C. ROAD WORK, NAND JI SINHA HOUSE TO PANDEY HOUSE DAYA NAGAR, ASHISH NAGAR, RISALI	197778	21.10	07.09.2026
7	PROPOSED CONSTRUCTION AND BEAUTIFICATION WORK IN GARDEN IN FRONT HOUSE NO. 3A ROAD NO.6A, MAITRI NAGAR RISALI WARD 27, RISALI	197790	14.76	07.09.2026

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

उपराष्ट्रपति के 2 सितंबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

■ एम्स रायपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति, व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के 2 सितंबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों के संबंध में राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपराष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सुरक्षा, प्रोटोकॉल, यातायात, चिकित्सा, स्वागत एवं कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन 2 सितंबर को रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। मुख्य सचिव ने एयरपोर्ट पर स्वागत व्यवस्था, रिसेप्शन लाइन, एम्स में रिसेप्शन एवं अन्य प्रोटोकॉल संबंधी व्यवस्थाओं के लिए रायपुर कलेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एयरपोर्ट एवं कार्यक्रम स्थल पर पुलिस की समुचित तैनाती तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। मुख्य सचिव ने उपराष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए गृह विभाग को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ठहरने की व्यवस्था, प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं तथा आकस्मिक चिकित्सा सहायता की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा। बैठक में कार्यक्रम की बैठक व्यवस्था भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल एवं प्राप्त डायस प्लान के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान सहित निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने एम्स प्रबंधन एवं अधिकारियों को भी दीक्षांत समारोह के आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गृह एवं जेल विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश कुमार बंसल, रायपुर कमिश्नर श्याम धावड़े, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सचिव मयंक अग्रवाल, सामान्य प्रशासन विभाग की उप सचिव अंशिका पांडेय, कलेक्टर रायपुर, आईजी रायपुर, एम्स रायपुर के चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार व्यवस्था के निर्देश

मुख्य सचिव विकासशील ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के प्रवास के दौरान सभी व्यवस्थाएं निर्धारित प्रोटोकॉल एवं मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक तथा वापसी के दौरान एंट्री एवं एग्जिट प्लान सहित सभी व्यवस्थाओं को बेहतर समन्वय के साथ अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

पूर्णिमा बनी हिंदू महासभा में राष्ट्रीय सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा सोशल मीडिया सह प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा चौकसे को अखिल भारतीय हिंदू महासभा महिला इकाई की राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है । पूर्णिमा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी विजय नारायण भट्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन धर्म के प्रचार प्रसार, सनातन धर्म को मजबूती के लिए अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करूंगी।

आवेदन के तुरंत बाद मोहम्मद नजीर खान को मिला वॉकर

रायपुर/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़ के लोको कॉलोनी, वार्ड क्रमांक-13 निवासी मोहम्मद नजीर खान ने आवश्यक सहायक सामग्री प्राप्त करने के लिए आज समाज कल्याण विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने आवेदन प्राप्त होते ही तत्काल संज्ञान लिया और प्रकरण के त्वरित निराकरण की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी। विभाग की तत्परता से आवेदक को उसी दिन आवश्यक सहायता उपलब्ध हो सकी। आवेदन प्राप्त होने के बाद सहायक संचालक, समाज कल्याण विभाग ने संबंधित अधिकारियों एवं विभागीय अमले को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में विभागीय कर्मचारियों ने बिना विलंब आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और मोहम्मद नजीर खान को उनकी आवश्यकता के अनुरूप वॉकर उपलब्ध कराते हुए तत्काल वितरण सुनिश्चित किया। विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से आवेदक को सहायक उपकरण के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। वॉकर मिलने पर मोहम्मद नजीर खान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि आवेदन करने के तुरंत बाद उनकी आवश्यकता को समझते हुए जिस तरह से कार्रवाई की गई और उसी दिन वॉकर उपलब्ध कराया गया, उससे उन्हें काफी राहत मिली है। समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में जरूरतमंद, दिव्यांग एवं पात्र नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कल्याणकारी सुविधाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभागीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर देखते हुए पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग का उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन करना ही नहीं, बल्कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सहज, पारदर्शी, संवेदनशील एवं त्वरित तरीके से पहुंचाना है। मोहम्मद नजीर खान को आवेदन के तुरंत बाद वॉकर उपलब्ध कराया जाना इसी संवेदनशील कार्यप्रणाली का उदाहरण है। विभाग द्वारा भविष्य में भी जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं और आवश्यकताओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास जारी रहेगा।

रेलवे ट्रैक पर रखा 7 फीट लंबा लोहे का पाइप, मचा हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। गोंदवारा ओवरब्रिज और अंडरब्रिज के बीच रेलवे ट्रैक पर लोहे का पाइप रखकर रेल परिचालन को बाधित करने की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना 18 अगस्त की शाम करीब 5:20 बजे रेलवे ट्रैक के किलोमीटर नंबर 827/24 बी पर हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने रेलवे पटरी पर करीब 1.5 इंच मोटा और 7 फीट लंबा लोहे का पाइप रख दिया था। इसी दौरान वहां से एक मालगाड़ी गुजर रही थी। ट्रैक पर पाइप पड़ा होने के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। रेलवे ट्रैक पर इस तरह बाधा उत्पन्न करने की घटना को गंभीर मानते हुए जीआरपी थाना रायपुर ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 153, 174(सी) और 147 के तहत मामला दर्ज किया है।

जनवरी से राज्य के सभी अस्पतालों को डिजिटल करने का लक्ष्य लेकर काम करें

■ आयुष्मान मिशन कार्यशाला : छत्तीसगढ़ में 2.63 करोड़ नागरिकों के बने ABHA, 12 हजार स्वास्थ्य संस्थान जुड़े

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कार्यशाला का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में आयोजित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की मॉडल डिस्ट्रिक्ट इनिशिएटिव कार्यशाला में राज्य की डिजिटल हेल्थ प्रगति की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यशाला में बताया गया कि ABDM का सबसे नागरिक-केंद्रित हिस्सा ABHA है, जिसके ज़रिए नागरिक अपनी जांच रिपोर्ट, प्रिस्क्रिप्शन और अन्य स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रख सकते हैं और अपनी सहमति से डॉक्टरों के साथ साझा कर सकते हैं। राज्य में अब तक 2.63 करोड़ नागरिकों के ABHA बनाए जा चुके हैं।

कार्यशाला में कहा गया कि ABDM-सक्षम HMIS के प्रभावी उपयोग से मरीज़ों का पूरा रिकॉर्ड – पंजीयन से लेकर उपचार और डिस्चार्ज तक – डिजिटल रूप में दर्ज होगा। इससे मेडिकल रिकॉर्ड की जांच आसान होगी, क्लेम प्रोसेसिंग में लगने वाला समय घटेगा और ऑडिट-वेरिफिकेशन अधिक व्यवस्थित होगा। कार्यशाला में सात प्रमुख लक्ष्य तय किए गए – शेष स्वास्थ्य संस्थानों को HFR से जोड़ना, अधिक डॉक्टरों-नर्सों को HPR से जोड़ना, ABHA के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, HMIS का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना, रिकॉर्ड की गुणवत्ता बढ़ाना, सरकारी-निजी संस्थानों में समन्वय मजबूत करना, और ग्रामीण क्षेत्रों तक सेवाएं पहुंचाना। समापन में कहा गया कि लक्ष्य एक ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था बनाना है, जो हर नागरिक के लिए सरल, तेज़, पारदर्शी और उसके पुराने स्वास्थ्य रिकॉर्ड से जुड़ी हो। इस मौक़े पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रयासरत है कि हम समय के अनुसार चलें और नई तकनीकों को अपनाएं।

डॉक्टरों और अस्पतालों की भी डिजिटल पहचान

स्वास्थ्य पेशेवरों के पंजीकरण के लिए बनी हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री से राज्य में 34 हजार से अधिक स्वास्थ्य पेशेवर जुड़ चुके हैं, जबकि हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री के माध्यम से अस्पताल, क्लिनिक, लैब और ब्लड बैंक जैसे 12 हजार से अधिक स्वास्थ्य संस्थान नेटवर्क से जुड़ गए हैं।

दूरदराज़ और ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष ज़ोर

छत्तीसगढ़ के बड़े भौगोलिक क्षेत्र और दुर्गम इलाकों को देखते हुए कार्यशाला में इस बात पर बल दिया गया कि डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ केवल शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव, गरीब और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

डेटा सुरक्षा और विश्वास पर जोर

वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि ABDM को केवल एक IT प्रोजेक्ट के रूप में नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र को बेहतर बनाने के माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए। नागरिकों की स्वास्थ्य जानकारी की सुरक्षा, गोपनीयता और सहमति-आधारित उपयोग को प्राथमिकता बताया गया।

परियोजना निर्माण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

■ नवा रायपुर में ई-बसों के संचालन, कार्यालय भवन निर्माण सहित सड़क परियोजनाओं के प्रस्तावों पर हुआ विचार-विमर्श

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में परियोजना निर्माण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवा रायपुर अटल विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) एवं लोक निर्माण विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में एनआरडीए के अंतर्गत कंप्लायंट बैटरी ऑपरेटेड मोटर एसी-ई बसों के डिजाइन, प्रोक्योरमेंट, सप्लाई, परिचालन एवं संधारण के लिए ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर निविदा आमंत्रित किए जाने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई। परियोजना के विभिन्न तकनीकी एवं क्रियान्वयन संबंधी पहलुओं की समीक्षा की गई। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के कार्यालय सहित अन्य कार्यालय भवनों के निर्माण कार्य से संबंधित प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने परियोजना की आवश्यकताओं एवं निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की। लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला रायगढ़ के अंतर्गत रायगढ़-पूंजीपथरा-घरघोड़ा फोरलेन मार्ग के निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। लगभग 37 किलोमीटर लंबाई वाले इस मार्ग के निर्माण से संबंधित तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा परियोजना के लिए प्रभावित भूमि के अर्जन, भूमि व्यपवर्तन तथा निर्माण कार्य की तैयारियों की जानकारी दी गई। बैठक में जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत लगभग 6.70 किलोमीटर लंबाई वाले अकलतरा बायपास मार्ग के निर्माण कार्य के प्रस्ताव पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। परियोजना से संबंधित तकनीकी एवं निर्माण संबंधी पहलुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की गई।

स्वास्थ्य मंत्री से मिले मिले इंटर्न डॉक्टर

■ आंदोलन स्थगित करने का लिया निर्णय

■ स्टाइपेंड वृद्धि पर इसी माह होगा सकारात्मक निर्णय- स्वास्थ्य मंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के इंटर्न डॉक्टरों से मुलाकात कर उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की। इस दौरान इंटर्न डॉक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा के बाद प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार पर विश्वास जताते हुए अपना आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया, जिस पर सभी ने संतोष व्यक्त किया। चर्चा में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि IMA-MSN छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव और संबंधित प्रकरण पर पहल करते हुए इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड में वृद्धि से जुड़ी आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया गया कि इंटर्न डॉक्टरों की मांगों पर इसी माह आवश्यक एवं सकारात्मक निर्णय लेने के लिए विभागीय स्तर पर प्रक्रिया तेज़ी से आगे बढ़ाई जा रही है।

चिकित्सा शिक्षा के प्रति सरकार प्रतिबद्ध

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार चिकित्सा शिक्षा से जुड़े सभी विषयों के प्रति संवेदनशील है और इंटर्न डॉक्टरों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

दिशा कॉलेज में 'स्वावलंबी भारत अभियान' विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। दिशा कॉलेज, रायपुर में R I S E के तत्वावधान में विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, उद्यमिता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से स्वावलंबी भारत अभियान विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा, स्वरोजगार, उद्यमिता, कौशल विकास, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम में डॉ ए के तिवारी प्राचार्य दिशा कॉलेज ने विद्यार्थियों को अपने कौशल एवं प्रतिभा का उपयोग करते हुए रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार सृजनकर्ता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश के विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. इला गुप्ता ने विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपने खाली समय का सदुपयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के व्यवसाय या नौकरी के माध्यम से आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत कर सकते हैं। उन्होंने यह भी मार्गदर्शन दिया कि उनकी संस्था विद्यार्थियों को स्टार्टअप, स्वरोजगार तथा विभिन्न प्रकार के ग्रामोद्योग स्थापित करने में आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करती है। एस. के. शर्मा जी ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि वे अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बैंक ऋण एवं वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था विद्यार्थियों को व्यवसाय प्रारंभ करने, ऋण प्राप्त करने तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में विशेष सहयोग प्रदान करती है।

आरती दुबे जी ने भी विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वरोजगार, कौशल विकास एवं उद्यमिता के माध्यम से अपने भविष्य को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने की प्रतिज्ञा दिलाई और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा तथा उनमें आत्मनिर्भरता, नवाचार और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण रहा।

बारिश के बीच खेतों में पहुंचा कृषि अमला

■ जवाफुल धान की जैविक खेती और सन बीज उत्पादन पर जोर'

■ 'बारिश के बीच खेतों में पहुंचा कृषि अमला, जवाफुल धान की जैविक खेती और सन बीज उत्पादन पर जोर'

रायपुर/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र में कृषि गतिविधियों और किसानों को मिल रहे योजनागत लाभों की जमीनी स्थिति जानने के लिए आज संयुक्त संचालक कृषि बिलासपुर श्री आर.के.राठौर एवं उपसंचालक कृषि श्री अनिल वर्मा ने संयुक्त भ्रमण किया। कृषि अधिकारियों ने किसानों के खेतों तक पहुंचकर फसल स्थिति का जायजा लिया और उन्नत एवं जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

भ्रमण की शुरुआत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय लैलूंगा में कृषि विभाग के मैदानी अमले की बैठक से हुई। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एग्रीस्टैक, फसल स्थिति एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। संयुक्त संचालक श्री राठौर ने योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा पात्र किसानों को समय पर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

'जवाफुल धान की जैविक खेती का किया अवलोकन'

बैठक के बाद बारिश के बीच कृषि अधिकारियों ने किसानों के खेतों का भ्रमण किया। इस दौरान लैलूंगा क्षेत्र में की जा रही सुगंधित जवाफुल धान की तकनीकी खेती का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने किसानों द्वारा अपनाई जा रही जैविक कृषि पद्धतियों, जीवामृत एवं हरी खाद के उपयोग की जानकारी ली और इन प्रयासों की सराहना की। श्री राठौर ने कहा कि लैलूंगा का जवाफुल धान अपनी विशिष्ट सुगंध और गुणवत्ता के कारण अलग पहचान रखता है।

'सन बीज उत्पादन से आत्मनिर्भरता पर जोर'

संयुक्त संचालक ने किसानों को सन बीज उत्पादन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए इसकी खेती की तकनीक, बोनी की विधि एवं बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक कृषि प्रबंधन के बारे में बताया। उन्होंने किसानों को खेत की मेड़ों पर हरी खाद के बीज का उत्पादन करने के लिए भी प्रेरित किया, ताकि किसान स्वयं के स्तर पर गुणवत्तापूर्ण बीज तैयार कर कृषि लागत कम करने के साथ बीज के लिए आत्मनिर्भर बन सकें।

'लोक निर्माण से छत्तीसगढ़ निर्माण' के मूलमंत्र के साथ अधोसंरचना विकास को दे रहे नई गति : अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने आज प्रेस-कॉन्फ्रेंस में लोक निर्माण विभाग के कार्यों, उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद ऑडिटोरियम में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य का सबसे बड़ा निर्माण विभाग लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ के विकास का आधार है। सड़कों, पुलों और भवनों के निर्माण के साथ विभागीय कार्यों में तेजी और प्रशासनिक कसावट लाने के लिए विभाग लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दिसम्बर-2023 में सरकार बनने के बाद से अब तक लोक निर्माण विभाग को निर्माण कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर प्रशासकीय स्वीकृतियां मिली हैं। लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल, प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी और अपर सचिव श्री एस.एन. श्रीवास्तव भी प्रेस-कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने प्रेस-कान्फ्रेंस में बताया कि पिछले ढाई वर्षों में विभाग को 12 हजार 666 करोड़ रुपए से अधिक के लागत के कुल 1572 कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृतियां मिली हैं। इसमें सड़क निर्माण के 1285, पुलों के 247 और भवन निर्माण के 42 कार्य शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसम्बर-2023 से मार्च-2024 तक 80 कार्यों के लिए 551 करोड़ 42 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इनमें 374 किमी लंबाई की 72 सड़कें, 6 पुल और दो भवन शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2590 करोड़ 70 लाख रुपए लागत के कुल 438 कार्यों के लिए की स्वीकृति दी गई।

आयुक्त ने पार्किंग, उद्यान व ईएसआईसी डिस्पेंसरी का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सुरूचि सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नेहरू नगर कामर्शियल काम्पलेक्स, बाल क्रीड़ा उद्यान, मोबाइल मेडिकल यूनिट, मॉडल टाउन में अवैध निर्माण, नाला, कांट्रेक्टर कॉलोनी स्थित सुलभ शौचालय और खुर्सीपार ईएसआईसी डिस्पेंसरी का निरीक्षण किया। नेहरू नगर कामर्शियल काम्पलेक्स के रिक्त मैदान की साफ-सफाई कर व्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित करने तथा प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। बाल क्रीड़ा उद्यान में नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और झाड़ियों की कटाई व ग्रास क्लियर कराने के निर्देश दिए। मॉडल टाउन में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे अवैध निर्माण मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 18 कांट्रेक्टर कॉलोनी के सुलभ शौचालय में फेंसिंग, साफ-सफाई एवं रखरखाव बेहतर करने कहा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त दिनेश कोसरिया, येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, संजय वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, चंद्रकांत साहू, उपअभियंता बसंत साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, शरद दूबे मौजूद थे।

दुर्ग बस स्टैंड पर कार सवारों से मारपीट व लूट, चार गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। बस स्टैंड के मुख्य गेट के पास 18 अगस्त की तड़के कार सवार युवकों के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। विवाद की शुरुआत बस का दरवाजा कार से टकराने के बाद हुई, जिसके बाद मामला मारपीट और लूट तक पहुंच गया। आरोपियों ने कार के शीशे भी तोड़ दिए। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों और दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। घटना का सीसी टीवी फुटेज भी सामने आया है। प्रार्थी सूरज साहू के मुताबिक, वह 17 अगस्त की रात अपने जीजा का जन्मदिन मनाकर अमलेश्वर से दुर्ग लौट रहे थे। उनके साथ रवि साहू, राहुल साहू और राजा उर्फ राजकुमार भी थे। 18 अगस्त की सुबह करीब 3 से 3:30 बजे वे दुर्ग बस स्टैंड के मुख्य गेट के पास चाय पीने के लिए रुके थे। इसी दौरान अरबानिया बस उनकी बलेनो कार के पास आकर रुकी। बस से उतर रहे एक युवक ने दरवाजा खोला, जो कार से टकरा गया और उसमें डेंट लग गया। इस पर रवि ने युवक से सिर्फ दरवाजा देखकर खोलने की बात कही। इसके बाद युवक ने बस में बैठे अपने साथियों को बुला लिया। सीएसपी हर्षित मैहर ने बताया कि शिकायत संज्ञान में आने के बाद बीएनएस की धारा 309 (6) समेत संबंधित धाराओं में स्न्नढ्ढक्रदर्ज की गई और आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पूरन निषाद (19) और कोमल निषाद (32) के रूप में हुई है। इनके साथ दो नाबालिगों को भी पकड़ा गया है।

न्यूज गैलरी

इंदिरा मार्केट के सार्वजनिक शौचालयों का सभापति शर्मा ने किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम सभापति श्याम शर्मा एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र के सार्वजनिक शौचालयों एवं मूत्रालयों का निरीक्षण किया। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में किए गए निरीक्षण के दौरान जर्जर मूत्रालयों के जीर्णोद्धार एवं नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। सभापति ने अधिकारियों को खराब स्थिति वाले मूत्रालयों को चिन्हांकित कर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य शीघ्र कराने कहा। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों में रोजाना सफाई, पानी और अन्य जरूरी सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान इंदिरा मार्केट के व्यापारियों ने सार्वजनिक सुविधाओं, साफ-सफाई एवं जर्जर मूत्रालयों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। सभापति एवं लोक कर्म प्रभारी ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता पंकज साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, गुलशन साहू, मनीष कोठारी सहित निगम अधिकारी-कर्मचारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। सभापति ने कहा कि व्यस्त बाजार क्षेत्रों में स्वच्छ एवं बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है।

वैष्णव बने संयुक्त शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर के सहायक शिक्षक एलबी कमल वैष्णव को दुर्ग जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संभाग अध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी विनोद गुप्ता की अनुशंसा तथा प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश पाण्डेय की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन ने की। नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कमल वैष्णव को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। कमल वैष्णव ने कहा कि वे शिक्षक एवं संघ हित में निस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

'नराकास, भिलाई-दुर्ग' की 63वीं छमाही बैठक 21 अगस्त को

भिलाई/नवप्रदेश। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), भिलाई-दुर्ग की 63वीं छमाही बैठक एवं वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन 21 अगस्त को सुबह 11 बजे भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में होगा। बैठक की अध्यक्षता निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र करेंगे, जबकि कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 के राजभाषा कार्यान्वयन के आधार पर सदस्य संस्थानों को शिखर, अग्रगण्य, अग्रदूत, ध्वजवाहक व आरोहण पुरस्कार तथा व्यक्तिगत स्तर पर राजभाषा विशिष्ट सेवा सम्मान और राजभाषा उन्नायक सम्मान दिया जाएगा।

आज ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में 20 अगस्त को जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। 'जन संवाद-2.0 विकसित भारत ग्राम संकल्प' के तहत ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गांव की विकास प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं का चिन्हांकन किया जाएगा। ग्राम सभा में 'मेरे गांव की प्राथमिकता' वोटिंग वॉल, '125 दिन रोजगार-मेरा अधिकार' शपथ, 'विकसित भारत संदेश कार्ड' और 'जनता पूछे-पंचायत बताए' संवाद मंच जैसी गतिविधियां होंगी। ग्रामीण योजना से जुड़े सवाल सीधे सरपंच एवं सचिव के समक्ष रख सकेंगे। ग्राम सभा के बाद 'तिरंगे के साथ विकास संदेश' के तहत ग्रामीणों, श्रमिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इसका उद्देश्य विकास, रोजगार और राष्ट्रभक्ति का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाना है।

जनदर्शन में मिले 115 आवेदन, सिंचाई नहर का रास्ता बाधित, किसान परेशान, कलेक्टर से लगाई गुहार

■ **नौ माह से राशन से वंचित हितग्राही, ई-केवायसी कराने के बाद भी नहीं मिला राशन**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा।

जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर सोनल डेविड भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 115 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन के दौरान कलेक्टर ने प्राप्त अनेक आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर प्रकरणों की जानकारी ली और तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में जामुल के लवकुश नगर वार्ड निवासी ने बीपीएल राशन कार्ड में नाम दर्ज होने के बावजूद पिछले नौ माह से राशन नहीं मिलने की शिकायत की है। शासन के निर्देशानुसार ई-केवायसी की प्रक्रिया भी कई बार पूरी कराई गई, इसके बावजूद पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने के बाद भी राशन का आबंटन नहीं किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को नियमानुसार परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम खेदामारा (नवातरिया) थाना जामुल के किसानों ने सिंचाई के पानी का रास्ता बाधित किए जाने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि अवैध प्लाटिंग एवं मकान निर्माण के चलते नहर से करीब 400 एकड़ कृषि भूमि तक पहुंचने वाला पानी के रास्ते को बंद कर दिया गया है इससे लगभग 30 किसानों को सिंचाई में परेशानी हो रही है। भवन निर्माण से पहले संबंधित व्यक्ति को नहर से सिंचाई के लिए आने वाले पानी के निकासी हेतु नाली निर्माण की व्यवस्था करने को कहा गया था, किन्तु उक्त सिंचाई मार्ग को बंद कर दिया गया, जिसके कारण कृषि कार्य बाधित हो रहा है। किसानों ने नाली निर्माण कर सिंचाई व्यवस्था बहाल कराने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

3 वार्डों में 72.66 लाख के विकास कार्यों का महापौर ने किया भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार ने तीन वार्डों में कुल 72.66 लाख के सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। वार्ड 46 पद्मनाभपुर पूर्व में 22.50 लाख की लागत से आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण, वार्ड 22 में 44.16 लाख की लागत से सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण तथा अन्य विकास कार्य और वार्ड 20 में करीब 6 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन कार्यों से नागरिकों को बेहतर आवागमन और जल निकासी सहित मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, लीलाधर पाल, विद्यवती सिंह, सावित्री दमाहे, रंजीता पाटिल, सुरूचि उमरे, भाजपा जिला प्रवक्ता अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा सहित संबंधित वार्डों के पार्षद एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। वार्ड पार्षदों एवं क्षेत्रवासियों ने महापौर का स्वागत कर विकास कार्यों के लिए आभार जताया।

भाजपा ने किसानों को मिलने वाले खाद का भी व्यापारीकरण कर दिया : राकेश

कुम्हारी/नवप्रदेश। खाद की समस्या को लेकर कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने कुम्हारी के सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण किया। राकेश ठाकुर ने समिति प्रभारी से मिलकर खाद के स्टॉक एवं वितरण व्यवस्था तथा खाद आपूर्ति की भी जानकारी ली। उन्होंने मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को मिलने वाले खाद का भी व्यापारीकरण कर दिया है। जिस समय किसानों को इसकी आवश्यकता थी तब खाद उपलब्ध नही हो पाया जिससे किसान निजी दुकानों से मंहगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हो गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज किसानों की हालत किसी से छुपी नही।

आंदोलन को मजबूर होंगे

कुम्हारी ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष मनहरण यादव ने कहा कि समय पर किसानों को खाद मिल नही पाया जिससे किसान अधिक मूल्य पर बाजार से खाद खरीद रहे हैं अगर शीघ्र ही समस्या का निवारण नही हुआ तो इसके लिए हम बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

इस मौके पर कुम्हारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनहरण यादव, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, प्रमोद सिंह राजपूत, प्रतिपक्ष जानकी ध्रुव, रीना साहू, पार्षद ओमनारायण वर्मा, विकास सोनकर, आजुराम वर्मा, अनिल दुबे, काजू भाई, युवराज साहू, देवेंद्र साहू, दिलीप चौधरी, गिरीश सोनी, रोहित कुर्रे, लक्ष्मीनारायण मारकंडे, कमल कामलेशिया, सुनील शुक्ला एवं विजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रिमझिम सावन का भव्य आगाज कल कौशल्या देवी साय होंगी मुख्य अतिथि

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी रिमझिम सावन-2026 का आयोजन 21 अगस्त से किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज सेविका कौशल्या देवी साय मुख्य अतिथि तथा पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. सरोज पाण्डेय अति-विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार करेंगी। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के लिए आकर्षक स्टॉल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजक गतिविधियां भी होंगी। महापौर ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर उत्सव की रौनक बढ़ाने की अपील की है। आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मनोरंजक आयोजन, सावन क्वीन बनेगा विशेष आकर्षण

महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में आयोजित तैयारियों की बैठक में सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी शशि साहू ने महिला पार्षदों तथा अधिकारी-कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम की कार्ययोजना तैयार की। महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, आलू दौड़, कंचा-चम्मच दौड़ और बिंदी लगाओ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में शामिल होने वाली प्रतिभागी सुबह 9 से 10:30 बजे तक पंजीयन करा सकेंगी। उत्सव का प्रमुख आकर्षण 'सावन क्वीन-2026' फैशन शो रहेगा, जिसमें प्रतिभागी भारतीय एवं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगी। महापौर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे रिमझिम सावन-2026 उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन की रौनक बढ़ाएं तथा महिलाओं के उत्साहवर्धन के साथ इस उत्सव को सफल बनाएं।

गंदगी फैलाने पर 3 हजार जुर्माना वसूला

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम के जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 जवाहर नगर गौरव पथ मार्ग के पास गंदगी फैलाते पाए जाने पर रजनी ट्रेडर्स के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने मौके पर निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान द्वारा आसपास गंदगी फैलाए जाने पर संबंधित संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 3,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया। निगम अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों एवं नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने तथा स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

बीएसपी में नए टॉरपीडो लैडल कार 'टीडी-2' की सफल कमीशनिंग

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) ने अपनी परिचालन एवं लॉजिस्टिक क्षमता को और मजबूत करते हुए टॉरपीडो फ्लीट में नए टॉरपीडो लैडल कार 'टीडी2' को सफलतापूर्वक कमीशन किया है। इसके साथ ही संयंत्र में टॉरपीडो लैडल कारों की कुल संख्या बढ़कर 12 हो गई है। नई टॉरपीडो लैडल कार के शामिल होने से हॉट मेटल परिवहन क्षमता में वृद्धि होगी तथा विभिन्न परिचालनों के बीच लॉजिस्टिक दक्षता को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। कमीशनिंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक वर्क्स राकेश कुमार तथा विशेष अतिथि पूर्व मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आयरन तापस दासगुप्ता उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एमएंडयू) विजय कुमार बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) विवेक वर्मा एवं मुख्य महाप्रबंधक (बीएफ) मनोज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने ञ्जष्ठ2 की सफल कमीशनिंग के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। परियोजना को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से परिचालन में लाने में सहायक महाप्रबंधक पी.आर. अजयण तथा सहायक महाप्रबंधक मोहम्मद साबिर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके समर्पण, तकनीकी मार्गदर्शन और सक्रिय सहभागिता को परिचालन उत्कृष्टता एवं समन्वित टीम प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर संबंधित विभागों ने आपसी समन्वय को और मजबूत करते हुए संयंत्र की आगामी परिचालन उपलब्धियों के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश: सम्मान और सशक्तीकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : ललित चंद्राकर

विधायक के हाथों 8 दिव्यांगजनों को मिला ट्राइसिकल व श्रवण यंत्र

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक एवं राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर के निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पात्र दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राइसिकल, सामान्य ट्राइसिकल और श्रवण यंत्र वितरित किए गए।

विधायक ललित चंद्राकर ने लाभार्थियों को उपकरण प्रदान करते हुए कहा कि इनसे आवागमन, शिक्षा, रोजगार और दैनिक जीवन के कार्यों में सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ट्राइसिकल और श्रवण यंत्र केवल सहायक उपकरण नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आगे बढ़ने के साधन हैं। सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने लाभार्थियों से शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

कार्यक्रम में ग्राम डुडेरा के गोकुल कोसरे, जंजगिरी के राजूलाल देशमुख, खम्हरिया के हरिश कुमार साहू, खोपली के पंकज कुमार कोसरे, विनायकपुर के रामस्वरूप देशमुख, करगाडीह के लुमेश कुमार साहू, रुआबांधा रिसली के सैमुएल छुरा एवं झोला के रोहित निषाद सहित लाभार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में जिला मंत्री नवीन पवार, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, रिसाली मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, मरोदा-पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, अंडा-निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री चंदू देवांगन, प्रवीण यदु, गुड्डू झा, पुनाराम कलिहारी, योगेश कुमार सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में लाभार्थियों एवं उनके परिजनों ने विधायक ललित चंद्राकर तथा राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरण मिलने से उनके दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ेगी और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

कांवड़ यात्रा : नंदेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। सावन माह के पावन अवसर पर अहिवारा ग्राम नंदिनी खुंदिनी में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा सगनी घाट से प्रारंभ होकर ग्राम नंदिनी खुंदिनी स्थित 100 वर्षों पुराने नंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। कांवड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने नंदेश्वर महादेव का विधिवत जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शिवभक्त शामिल हुए। डीजे की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए कांवड़ लेकर आगे बढ़े। पूरे यात्रा मार्ग में बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं युवा छत्तीसगढ़ी भक्ति मंच के प्रदेश अध्यक्ष दाऊ आनंद ताम्रकार उपस्थित रहे। ताम्रकार ने ग्राम नंदिनी खुंदिनी में स्थित प्राचीन नंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और कांवड़ यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान नंदेश्वर महादेव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कांवड़ यात्रा में दुष्यंत साहू, पुरेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, भूपेंद्र साहू, मुकेश साहू, हुकुमचंद साहू, भूपेंद्र साहू,टिकेश्वर साहू, कुलदीप साहू, दीपक साहू, सूरज पटेल, मुकेश पाल, रानी निर्मल, लुकेश पाल, जागेश्वर साहू, नरोत्तम साहू, नारायण साहू, दुष्यंत यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं शिवभक्त उपस्थित रहे।

गृह निर्माण मंडल की सौगात: एकमुश्त भुगतान पर दांडिक ब्याज में 50% की छूट, बकायादारों को मिली राहत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा आवंटियों को विलंब अवधि की ब्याज राशि और बकाया जल प्रभार के सरचार्ज पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट एकमुश्त भुगतान योजना के तहत दी गई थी, जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित थी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने अपने हितग्राहियों को बड़ी सौगात दी है। मंडल मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव ने बकायादार हितग्राहियों को दाण्डिक ब्याज में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की।

एकमुश्त बकाया भुगतान पर 50% दाण्डिक ब्याज में छूट: यह छूट मंडल की समस्त योजनाओं में निर्मित एवं निर्माणाधीन आबंटित संपत्तियों पर लागू होगी। हालांकि, विशेष आवासीय योजना के अंतर्गत हुडको-1 एवं हुडको-2 में आबंटित संपत्तियां इस योजना के दायरे से बाहर रहेंगी। पात्र हितग्राही अपनी आबंटित संपत्ति की संपूर्ण बकाया राशि एकमुश्त जमा कर दाण्डिक ब्याज अर्थात विलंबित अवधि के ब्याज में 50 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

हितग्राहियों के बेहतर प्रतिसाद के बाद योजना फिर लागू

अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि, मंडल द्वारा पूर्व में भी निर्मित भवनों के विरुद्ध बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर दाण्डिक ब्याज में 50 प्रतिशत छूट का लाभ 31 मार्च 2026 तक दिया गया था। इस योजना को हितग्राहियों से अच्छा प्रतिसाद मिला। मंडल की निधि में तरलता बनाए रखने तथा हितग्राहियों को बकाया राशि एकमुश्त जमा करने की सुविधा देने के उद्देश्य से पुन: यह योजना लागू की गई है।

वाटर चार्जेस के सरचार्ज में भी 50 प्रतिशत की छूट

अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि कई हितग्राहियों द्वारा जलप्रदाय शुल्क (वाटर चार्जेस) समय पर जमा नहीं किए जाने के कारण लंबित राशि पर सरचार्ज भारित हो रहा था। हितग्राहियों द्वारा लगातार सरचार्ज में छूट देने का अनुरोध किया जा रहा था। हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडल ने अपनी आबंटित संपत्तियों पर लंबित जलप्रदाय शुल्क का एकमुश्त भुगतान करने पर भारित सरचार्ज में भी 50 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। इससे हितग्राहियों को बकाया राशि के निपटारे में राहत मिलेगी और वे सरचार्ज में छूट का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

हितग्राहियों से शीघ्र एकमुश्त भुगतान की अपील

अध्यक्ष ने बताया कि, इस संबंध में मंडल द्वारा संबंधित इकाइयों को आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने हितग्राहियों से इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अपनी बकाया राशि का शीघ्र एकमुश्त भुगतान करने की अपील की।

न्यूज गैलरी

2 को रोजगार मेला: प्राइवेट सेक्टर की आठ कंपनियां 877 पदों पर करेंगी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए रोजगार का मौका है। जिला रोजगार-स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र की ओर से 2 सितंबर को रोजगार मेला लगाया जाएगा। मेला रोजगार कार्यालय, सिविल लाइन्स में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। मेले में निजी क्षेत्र की 8 कंपनियां 877 पदों के लिए भर्ती करेंगी। इनमें लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, परिश्रम ह्यूमन रिसोर्स, कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल, टीम स्किल्स, ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन एंड जॉब कंसल्टेंट, इंडिया हेल्प पॉइंट, पुष्कल एग्रोटेक और एल्मेक इंडस्ट्रीज शामिल हैं। अलग-अलग पदों के लिए 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा पास युवा आवेदन कर सकते हैं। वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर और कृषि से जुड़ी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए भी अवसर हैं। पद के अनुसार योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए erojgar.cg.gov.in पोर्टल या छत्तीसगढ़ रोजगार एप के जरिए ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी है। इसके लिए रोजगार पंजीयन नंबर होना चाहिए। जिन युवाओं का पंजीयन नहीं है, वे पोर्टल या एप से अपना रोजगार पंजीयन करा सकते हैं।

गाय-बछड़ों को ठूंसकर ले जा रहे थे, दस्तावेज नहीं दिखा सके, दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के डीडी नगर थाना पुलिस ने पशुओं के साथ क्रूरता के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी टाटा मजदा वाहन में 5 गाय और 5 बछड़ों को अमानवीय तरीके से ठूंसकर ले जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी पशुओं के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज भी पेश नहीं कर सके। पुलिस के मुताबिक, 17 अगस्त की रात करीब 9 बजे ग्लोबल स्टार अस्पताल के पास रिंग रोड नंबर-1 पर एक टाटा मजदा वाहन (C G10 BN 0537) में पशुओं को क्रूरतापूर्वक ले जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की जांच की। वाहन में 5 गाय और 5 बछड़े मिले। सभी पशुओं को पर्याप्त जगह और वेंटिलेशन के बिना ठूंसकर भरा गया था। इसके अलावा वाहन को ऊपर से तिरपाल से ढका गया था, जिससे हवा के आने-जाने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। मामले की जानकारी डीसीपी पश्चिम जोन रॉबिन्सन गुड़िया और एडिशनल डीसीपी राहुल देव शर्मा को दी गई। अधिकारियों के निर्देश पर एसीपी पुरानी बस्ती के नेतृत्व में डीडी नगर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों से पशुओं के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज, परिवहन अनुमति और पशु चिकित्सक का प्रमाण पत्र मांगा। आरोपी इनमें से कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

रायगढ़ में सेंट्रल जीएसटी की बड़ी कार्रवाई, जोरापाली के प्लांट पर छापा

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सेंट्रल जीएसटी विभाग की कार्रवाई से कारोबारी हलकों में हलचल मच गई है। मंगलवार को विभाग की टीम ने जोरापाली क्षेत्र स्थित एक प्लांट में दबिश देकर बिलिंग, भुगतान और टैक्स से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। शुरुआती तौर पर कार्रवाई को बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की आशंका से जोड़कर देखा जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक, संबंधित फर्म की कारोबारी गतिविधियों और लेनदेन पर विभाग की नजर थी। खासकर इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े कुछ लेनदेन संदेह के दायरे में बताए जा रहे हैं। इसी आधार पर सेंट्रल जीएसटी की टीम प्लांट पहुंची और कई घंटे तक रिकॉर्ड खंगालती रही। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने प्लांट के बिलिंग सिस्टम, भुगतान से जुड़े दस्तावेजों और अन्य कारोबारी रिकॉर्ड की जांच की। टीम ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और संबंधित दस्तावेजों से भी जानकारी जुटाई। हालांकि विभाग की ओर से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि जांच में क्या-क्या सामने आया। जीएसटी विभाग द्वारा अब डिजिटल बिलिंग और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कारोबारी गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। ऐसे में टैक्स चोरी या आईटीसी में अनियमितता की आशंका होने पर विभाग रिकॉर्ड की बारीकी से पड़ताल कर सकता है।

15 साल से सड़क जर्जर : जनप्रतिनिधि और अफसर नहीं दे रहे ध्यान

सड़क के गड्ढों में भरे पानी से युवाओं ने किया स्नान, फिर धरना देने बैठी छात्राएं

रायगढ़/नवप्रदेश। सड़क की बदहाली के खिलाफ अब नवापारा में बच्चों ने भी मोर्चा खोल दिया है। राबर्टसन स्टेशन से भालूनारा तक करीब 7.5 किमी सड़क पिछले 15 साल से जर्जर है। लगातार बारिश के बाद सड़क पर जगह-जगह पानी और कीचड़ भर गया है। नवापारा के युवाओं ने गड्ढों में भरे पानी में नहाकर (स्नान) विरोध जताया उसके बाद छात्राएं सड़क में धरना देने बैठ गईं।

मंगलवार सुबह नवापारा हाईस्कूल के छात्र-छात्राएं तख्तियां लेकर सड़क पर उतर आए। बच्चों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी मिलने पर खरसिया विधायक उमेश पटेल भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया। प्रदर्शन के दौरान बच्चों के हाथों में 'सड़क चाहिए, भीख नहीं, यह हक है कोई एहसान नहीं' और 'फीता काटें और गाड़ी चलाएं' जैसे संदेश लिखी तख्तियां थीं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए उन्होंने सुशासन तिहार से लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक हर जगह शिकायत की है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। बारिश के कारण सड़क की हालत अब इतनी खराब हो गई है कि कई हिस्सों में पानी भरने से यह तालाब जैसी दिखाई दे रही है।

विधायक उमेश पटेल पहुंचे, विभागीय अफसर नहीं आए

प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर खरसिया विधायक उमेश पटेल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया। खरसिया पुलिस भी मौके पर पहुंची। ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सड़क की समस्या झेलने के बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

राबर्टसन स्टेशन से भालूनारा तक 7.5 किमी सड़क का काम वर्ष 2023-24 के बजट में शामिल किया गया था। ग्रामीणों के अनुसार बाद में यह काम बजट से विलोपित हो गया। इसके बाद निर्माण शुरू नहीं हो सका। अब लोक निर्माण विभाग की ओर से करीब 26 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट में प्रस्ताव भेजने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब सड़क की हालत वर्षों से खराब है तो निर्माण के लिए उन्हें अब भी बजट का इंतजार क्यों करना पड़ रहा है।

युवाओं के बाद अब बच्चों ने संभाला मोर्चा: सड़क की मांग को लेकर विरोध लगातार बढ़ रहा है। रविवार को नवापारा के युवाओं ने सड़क के गड्ढों में जमा पानी में नहाकर विरोध जताया था। मंगलवार को हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क खराब होने का सबसे ज्यादा असर स्कूल आने-जाने वाले बच्चों पर पड़ रहा है, इसलिए अब वे भी अपनी आवाज उठा रहे हैं।

पुल नहीं, रोज जान जोखिम में: नाव से बच्चों को पढ़ाने जाते हैं 24 शिक्षक

कांकेर/नवप्रदेश। एआई के दौर में कांकेर के 24 शिक्षक आज भी जान जोखिम में डालकर नाव से मेड़की नदी पार कर अबूझमाड़ के बच्चों को पढ़ाने जाते हैं। नदी के एक ओर छोटे बेटिया समेत सैकड़ों गांव और दूसरी ओर कंदाड़ी सहित दर्जनों गांव हैं। नक्सल प्रभाव के कारण यहां अब तक पुल नहीं बन सका। छोटे बेटिया थाने के 76 में से 43 गांव नदी पार हैं। वहां किसी घटना पर पुलिस को भी नाव से जाना पड़ता है। थाना प्रभारी लतेश कुमार शोरी बताते हैं कि शाम को नाव बंद होने के बाद नारायणपुर के सोनपुर थाने से मदद लेनी पड़ती है। शिक्षक शेख इमरान उल्लाह ने बताया, 'दोनों किनारों पर बाइक रखी है। नदी पार कर सात किमी बाइक से स्कूल जाता हूं। एक साल से लाइफजैकेट मांग रहा हूं, लेकिन नहीं मिली। पिछले सप्ताह नाव दो-तीन बार पलट चुकी है।' नाविक बद्री पद्दा के मुताबिक, नदी पर पांच निजी नावें चलती हैं। किराया प्रति व्यक्ति 10 और बाइक का 50 रुपए है। ये नावें असुरक्षित हैं।

भोरमदेव मंदिर में कांवड़ियों से बदसलूकी

पुलिसवालों ने युवकों को धक्का देकर बाहर निकाला

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के साथ कथित बदसलूकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी और मंदिर समिति से जुड़े लोग कांवड़ियों को धक्का देकर मंदिर परिसर से बाहर निकालते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद मंदिर की व्यवस्था और श्रद्धालुओं के साथ किए जा रहे व्यवहार को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद मचा हड़कंप: सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। श्रद्धालुओं का आरोप है कि मंदिर में व्यवस्था संभालने के दौरान कांवड़ियों के साथ उचित तरीके से व्यवहार नहीं किया गया और उन्हें धक्का देकर बाहर निकाला गया। हालांकि वायरल वीडियो किस समय का है और इसके पीछे वास्तविक परिस्थितियां क्या थीं, इसकी स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। मामले को लेकर पुलिस या मंदिर प्रबंधन की ओर से आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने आना बाकी है।

मंदिर की व्यवस्था पर उठे सवाल: भोरमदेव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िए पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने और दर्शन व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस तथा मंदिर प्रबंधन की होती है। वायरल वीडियो के बाद अब सवाल उठ रहा है कि भीड़ प्रबंधन के दौरान श्रद्धालुओं के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए। लोगों का कहना है कि व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है, लेकिन इसके लिए श्रद्धालुओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार भी होना चाहिए। कांवड़ियों को संभालने के तरीके को लेकर भी सोशल मीडिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

दोस्त को दिया वचन निभाया:10 साल मां की तरह सेवा की, फिर बेटा बनकर मुखाग्नि भी दी

पलारी/नवप्रदेश। दोस्त मृत्युशैया पर था। उसने होरीलाल का हाथ थामकर कहा था- 'मेरे बाद मां अकेली हो जाएगी। उनकी जिम्मेदारी अब तुम्हारी है, उनका ख्याल रखना।' होरीलाल देवांगन ने न केवल यह वचन निभाया, बल्कि दोस्त की मां कामिन वर्मा (72) की 10 साल तक सेवा करने के बाद बेटे की तरह उनका अंतिम संस्कार भी किया।

मंगलवार को पलारी के मुक्तिधाम में यह दृश्य देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। मजदूरी करने वाले होरीलाल ने कामिन बाई को अंतिम स्नान

कराया, नए कपड़े पहनाए, अर्थी सजाई और मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार की सभी रस्में उन्होंने बेटे की तरह निभाईं।

पति और दोनों बेटों की हो चुकी थी मौत: कामिन बाई के पति और दोनों बेटों का पहले ही निधन हो चुका था। उनके बेटे भाऊ वर्मा की 10 साल पहले मृत्यु हुई थी। अंतिम समय में भाऊ ने अपने दोस्त होरीलाल से मां को अकेला न छोड़ने का वचन लिया था। इसके बाद होरीलाल कामिन बाई को अपने घर ले आए। उन्होंने और उनके परिवार ने मां की तरह उनकी देखभाल की। बीमारी के दौरान रात-रातभर जागकर सेवा की, अस्पताल ले गए और दवाओं का इंतजाम किया। सोमवार शाम कामिन बाई का निधन हो गया। अगले दिन उनके अंतिम संस्कार में पलारी और आसपास के ग्रामीणों के साथ कुर्मी समाज के लोग भी शामिल हुए। होरीलाल को बेटे की तरह सभी रस्में निभाते देख लोगों ने उनके समर्पण की सराहना की।

रक्षाबंधन पर खाद्य सुरक्षा सख्त, धमतरी में 'बने खाबो, बने रहिबो' अभियान शुरू

■ मिठाइयों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए

धमतरी/नवप्रदेश। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनज़र धमतरी जिले में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 'बने खाबो, बने रहिबो 2.0' अभियान शुरू किया गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार, 17 से 23 अगस्त तक चलने वाले इस सात दिवसीय अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का

निरीक्षण कर रही है।

अभियान के पहले दिन थोक मिष्ठान्न निर्माताओं और खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान गोपी डेयरी से खोवा और बेसन से बनी मिठाइयों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य सामग्री खुले में नहीं रखने, गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल का उपयोग करने तथा हेड कैप, ग्लव्स सहित खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, नागरिकों से लाइसेंसी प्रतिष्ठानों से ही खाद्य सामग्री खरीदने, पैकिंग, निर्माण एवं उपयोग की अंतिम तिथि जांचने तथा संदिग्ध गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों से बचने की अपील की गई है।

6 महीने में तीसरी पदस्थापना : भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के दावों के बीच विवादों से घिरे आईएएस अफसर पर मेहरबानी?

सुशासन की सरकार में 'थप्पड़बाज' आईएएस को आदिवासी जिले की कमान!

■ बड़ा सवाल- जनता की सुनवाई होगी या फिर पद का रौब चलेगा?

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिस सरकार के सुशासन, पारदर्शिता, संवेदनशील प्रशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के दावे लगातार किए जाते हैं, उसी सरकार के प्रशासनिक फैसले अब सवालों के घेरे में हैं। वजह है विवादों में रहे आईएएस अधिकारी रणबीर शर्मा को गरियाबंद जैसे आदिवासी बहुल और संवेदनशील जिले की कमान सौंपे जाने की चर्चा। सवाल यह है कि जिस अधिकारी का नाम अतीत में आम नागरिक के साथ कथित दुर्व्यवहार और रिश्वत के मामले में सामने आ चुका है, क्या वही अधिकारी आदिवासी बहुल जिले की जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प हैं?

भालू प्रकरण भी रहा था विवाद का कारण

वर्ष 2014 में मरवाही क्षेत्र में एसडीएम के रूप में पदस्थ रहने के दौरान एक भालू को गोली मारने के मामले में भी रणबीर शर्मा का नाम विवादों में आया था। उपलब्ध रिपोर्टों में बताया गया है कि भालू द्वारा एक व्यक्ति की जान लेने और लोगों पर हमला करने के बाद उसे मारने का आदेश दिया गया था। इस घटना को लेकर भी उस समय विवाद हुआ था। अर्थात उनके प्रशासनिक करियर में विवादों की सूची केवल एक घटना तक सीमित नहीं रही है।

गरियाबंद में कमार और भुंजिया जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों सहित बड़ी संख्या में आदिवासी आबादी निवास करती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी गरियाबंद को आदिवासी बहुल जिला बताते हुए कमार और भुंजिया जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आवास और आजीविका के क्षेत्र में विशेष प्रयासों का उल्लेख कर चुके हैं।

ऐसे जिले में कलेक्टर केवल प्रशासनिक मुखिया नहीं होता, बल्कि वह शासन और आम जनता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होता है। खासकर आदिवासी क्षेत्रों में अधिकारी से कानून-व्यवस्था और योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ धैर्य, संवाद, संवेदनशीलता और भरोसा पैदा करने की क्षमता की अपेक्षा की जाती है। ऐसे में विवादित छवि वाले अधिकारी को जिले की कमान सौंपने का निर्णय स्वाभाविक रूप से चर्चा और सवालों को जन्म देता है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि किसी अधिकारी का व्यवहार इतना विवादित रहा हो कि उसे कलेक्टर पद से हटाना पड़े, यदि उसके खिलाफ ष्टक्च कार्रवाई का इतिहास रहा हो और उसके आचरण पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठ चुके हों, तो ऐसे अधिकारी को दोबारा जिले की सर्वोच्च प्रशासनिक जिम्मेदारी देने से पहले सरकार को किन मानकों पर विचार करना चाहिए?

छह महीने में तीसरी जिम्मेदारी, फिर कलेक्टर की कुर्सी क्यों?

उपलब्ध प्रशासनिक फेरबदल की रिपोर्टों के अनुसार रणबीर शर्मा 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। मई 2026 में हुए बड़े प्रशासनिक फेरबदल में उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रबंध संचालक पद से हटाकर समाज कल्याण विभाग का संचालक बनाया गया था। अब एक बार फिर उन्हें जिला प्रशासन की कमान सौंपे जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सवाल केवल तबादले का नहीं, बल्कि पोस्टिंग के संदेश का है।

'थप्पड़ कांड' जिसने पूरे देश में दिलाई पहचान

रणबीर शर्मा का नाम वर्ष 2021 में सूरजपुर कलेक्टर रहते हुए सामने आए उस विवाद से राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आया था, जब लॉकडाउन के दौरान सड़क पर एक युवक को थप्पड़ मारने और उसका मोबाइल पटकने का वीडियो वायरल हुआ था। घटना के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें कलेक्टर पद से हटाने के निर्देश दिए थे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार युवक ने बताया था कि वह आवश्यक कार्य से बाहर निकला था।

2015 में एसीबी की कार्रवाई भी रही सुर्खियों में

रणबीर शर्मा के करियर से जुड़ा एक अन्य विवाद वर्ष 2015 का है। उस समय भानुप्रतापपुर में एसडीएम के पद पर रहते हुए उनके खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्रवाई की थी। रिपोर्ट के अनुसार ष्टक्च टीम ने उनके सहयोगी के पास से 10 हजार रुपये बरामद किए थे। शिकायत में उनसे रिश्वत की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया था। यहां यह स्पष्ट करना जरूरी है कि ष्टक्च की कार्रवाई अथवा आरोप अपने आप में न्यायिक दोषसिद्धि नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन: 0771-3526755, 6262188999